শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 266 | गुवाहाटी | सोमवार, 24 अप्रैल, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



रेसुब ने नौ नाबालिग और एक महिला को कराया मुक्त पेज 3
प्रधानमंत्री आज रीवा में राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस समारोह में होंगे शामिल पेज 4
लोकसभा चुनाव में भाजपा 80 में सभी सीटें जीतेगी : केशव प्रसाद मौर्य पेज 5
मैंने तो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई : सचिव पायलट पेज 8



পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771


# अमृतपाल डिब्रूगढ़ जेल में

## असम में स्थानांतरित करना सहयोग का हिस्सा : डॉ. शर्मा

**डिब्रूगढ़ (हि.स.)।** पंजाब से राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार अलगाववादी अमृतपाल सिंह को कड़ी सुरक्षा के बीच डिब्रूगढ़ की केंद्रीय जेल पहुंचा दिया गया। इसी बीच अलगाववादियों को डिब्रूगढ़ जेल लाने को असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने पुलिस के आपसी सहयोग के हिस्सा बताया। रविवार को कड़ी सुरक्षा में पंजाब पुलिस, सीएपीएफ और अन्य सुरक्षाकर्मी अलगाववादी नेता अमृतपाल सिंह को लेकर वायुसेना के विशेष विमान से डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर पहुंचे। इस विमान को अपरान्ह 11 बजे डिब्रूगढ़ के मोहनबाड़ी हवाई अड्डे पर उतरना था, लेकिन खराब मौसम के कारण विमान निर्धारित समय के बजाय दोपहर 12.40 बजे उतरा। अलगाववादी संगठन *वारिस दे पंजाब* के प्रमुख व अलगाववादी अमृतपाल को हवाई अड्डे से सीधे डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार ले जाया गया। शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जेल के अंदर और बाहर कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। असम पुलिस और सीएपीएफ अलर्ट पर हैं। जेल के अंदर और बाहर पहले 52 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। जिला पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने बताया है कि इसके अलावा 12 और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसी डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में पहले से ही अमृतपाल के करीबी सहयोगी पप्पलप्रीत सिंह, उसके चाचा और वारिस दे पंजाब का फाइनेंसर और मीडिया सलाहकार हरजीत सिंह और अन्य दलजीत कलसी, बसंत सिंह, गुरमीत सिंह भूखंवाला, भगवंत सिंह, कुलवंत सिंह धालीवाल, गुरिंदर पाल सिंह और बलिंदर सिंह सहित नौ खालिस्तान समर्थक सदस्य हैं। इस बीच, सुदुर पंजाब से खालिस्तानी अलगाववादियों को असम लाने के सवाल पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि अमृतपाल के सहयोगियों को डिब्रूगढ़ जेल में स्थानांतरित करना पुलिस के आपसी सहयोग का केवल एक हिस्सा है। यह पहली बार नहीं है जब एक राज्य से अपराधियों या भगोड़ों को दूसरे राज्य में स्थानांतरित किया गया है। उल्लेखनीय है कि डिब्रूगढ़ जेल में 680 कैदियों को रखने की क्षमता है। सुरक्षा कारणों से यह जेल बेहद सुरक्षित होने का दावा किया जाता रहा है। जेल अधिकारियों के अनुसार, डिब्रूगढ़ जेल राज्य की सबसे सुरक्षित जेल है और पूर्वोत्तर की सबसे पुरानी जेल है। इसी जेल में संयुक्त मुक्ति वाहिनी असम, स्वाधीन (अल्फा-आई) के कई शीर्ष कैडर भी बंद थे।




**भिंडरावाला के गांव रोडे में पुलिस ने दबोचा :** आखिरकार पंजाब की मोगा पुलिस को 18 मार्च से फरार खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई। पंजाब पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस के संयुक्त अभियान में उसे दबोचा गया। पंजाब पुलिस ने आज (रविवार) सुबह ट्वीट किया है कि मोगा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अमृतपाल पिछले 36 -शेष पृष्ठ दो पर

## मेरा बेटा शेर है, उसके मिशन को आगे बढ़ाएंगे : माता-पिता

**चंडीगढ़।** कट्टरपंथी उपदेशक और *वारिस पंजाब* दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी के बाद उसे डिब्रूगढ़ जेल लाया गया है। गिरफ्तारी के बाद अमृतपाल के परिवार का बयान भी सामने आया है। अमृतपाल सिंह की मां और उसके पिता ने भी इस मामले पर बयान दिया है। अमृतपाल सिंह की मां बलविंदर कौर और -शेष पृष्ठ दो पर




## महिलाओं की सुरक्षा करें मुझे न कोसे : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी।** यूथ कांग्रेस के चीफ श्रीनिवास बीवी को लेकर असम के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के बीच वार पलटवार शुरू हो गया है। असम यूथ कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अंगकिता दत्ता ने श्रीनिवास के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में असम पुलिस रविवार को भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के बेंगलुरु स्थित आवास पर पहुंची। असम पुलिस ने श्रीनिवास को 2 मई को पेश होने का नोटिस भेजा है। कांग्रेस का आरोप है कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा श्रीनिवास बीवी को गिरफ्तार कराना चाहते हैं। कांग्रेस के आरोपों पर अब सीएम शर्मा ने पलटवार किया है और कहा है कि कांग्रेस में महिलाएं सुरक्षित नहीं है, इसके लिए पार्टी का मुझे कोसना गलत है। दरअसल कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने सीएम शर्मा को लेकर कहा था कि कभी हिमंत पवन खेड़ा तो कभी श्रीनिवास बीवी को गिरफ्तार कराकर जेल भेजना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम शर्मा तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी आगे निकल गए। वह खबरों में बने रहने के लिए ये सब कर रहे हैं। उनको कभी शरदा घोटाले और लुई बर्गर घोटाले में गिरफ्तारी का डर था, इसलिए उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। सुरजेवाला के इस बयान पर सीएम शर्मा ने ट्वीट कर लिखा कि पुलिस कानून के मुताबिक ही काम कर रही है। पुलिस धारा 354 के तहत आरोपी के खिलाफ जांच कर रही है। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर


S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


### सुप्रभात

*एक निराशावादी इंसान हर मौके पर सिर्फ कठिनाईयों को ही देखता है, जबकि एक आशावादी इंसान हर कठिनाई में मौके देखता है।*

\- अज्ञात

### न्यूज गैलरी

#### पड़ोसी को फंसाने के लिए पीएम को बम से उड़ाने की धमकी दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्व पीएम राजीव गांधी की तरह बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को केरल जाएंगे। कोच्चि सिटी कमिश्नर के सेतु रमन ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी को धमकी भरा पत्र भेजने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी जेवियर को शनिवार को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह अपने पड़ोसी -शेष पृष्ठ दो पर

#### सूडान : फंसे लोगों को निकालने के लिए एक्शन में सरकार

**नई दिल्ली।** सूडान में जारी संघर्ष के बीच कई देश अपने कर्मचारियों और नागरिकों को वहां से निकालने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। भारत सरकार भी अपने फंसे नागरिकों को वापस लाने के लिए एक्शन में है। कहा जा रहा है कि भारत अब सड़क मार्ग का इस्तेमाल कर नागरिकों को वापस देश लेकर आएगी। सूडान में करीब 9 दिनों से जारी हिंसा में अबतक 400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जिनमें एक नागरिक भारत का भी था। -शेष पृष्ठ दो पर

## राज्य में तेज हवाएं और गरज के साथ छींटे : मौसम विभाग



**गुवाहाटी/तिनसुकिया।** मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में असम और इसके आसपास के क्षेत्रों में गरज के साथ छींटे पड़ने और तेज हवाएं चलने की रविवार को चेतावनी जारी की। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वी असम और इसके आसपास के क्षेत्रों में औसत समुद्र तल से 1.5 किमी और 2.1 किमी के बीच चक्रवाती प्रणाली बनी हुई है। मौसम केंद्र ने दो दिनों के लिए *येलो* श्रेणी की चेतावनी जारी करते हुए कहा कि रविवार को असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। मौसम केंद्र ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ छीटे पड़ने का अनुमान है, जबकि मेघालय के अलग-अलग स्थानों पर इसी अवधि के -शेष पृष्ठ दो पर

## अयोध्या : निर्माणाधीन मंदिर का 156 नदियों से जलाभिषेक

### समारोह में 13 देशों के राजदूत भी

**अयोध्या (हि.स.)।** दुनिया के 156 देशों की नदियों, समुद्र के जल से रविवार को श्रीराम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन मंदिर की चौखट का भव्य अभिषेक किया गया। इस समारोह में दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष विजय जौली के संयोजन में अपने-अपने देशों की पवित्र नदियों का पवित्र जल लेकर 156 देशों के प्रतिनिधि, 13 देशों के राजदूत, 40 देशों के अप्रवासी भारतीय रामनगरी में श्रीरामजन्म भूमि पहुंचे थे। नेपाल, पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान (जहां उस बाबर का जन्म हुआ था), डेनमार्क, भूटान, रोमानिया, ग्रीस, मंगोलिया, अमेरिका, अल्बानिया सहित कुल 156 देशों के जल को एकत्र कर एक अभियान के रुप में अग्रवाल समाज के लोगों द्वारा सामूहिक रूप से अयोध्या लाया गया। अभियान के जुड़े प्रमुख, विशिष्ट लोगो ने रविवार को मणिराम छावनी के विशाल सभागार में अपने विचार रख कर इस कार्यक्रम के औचित्य को परिभाषित किया। समारोह में सबसे पहले हनुमान चालीसा पढ़ा गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव एवं विहिप उपाध्यक्ष चंपत राय ने कहा की राम जन्मभूमि में पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर देश के एक हजार स्थलों से जल -शेष पृष्ठ दो पर




## सोनोवाल आज चेन्नई में डिस्कवरी कैंपस का करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल सोमवार को चेन्नई में नेशनल टेक्नोलॉजी सेंटर फॉर पोर्ट्स, वाटरवेज एंड कोस्ट्स (एनटीसीडब्ल्यूपीसी), आईआईएम के डिस्कवरी कैंपस का उद्घाटन करेंगे। यह संस्थान देश की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल को सशक्त बना रहा है। सागरमाला कार्यक्रम के तहत एनटीसीडब्ल्यूपीसी को 77 करोड़ रुपए की लागत से आईआईटी चेन्नई में स्थापित किया गया है। यह संस्थान मंत्रालय के लिए एक तकनीकी शाखा के रूप में कार्य करता है और पत्तन, पोत परिवहन क्षेत्र के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों के समाधान उपलब्ध कराने -शेष पृष्ठ दो पर

## देश में रिकॉर्ड : जियो यूजर्स ने एक महीने में उड़ा डाला 10 अरब जीबी डेटा




**नई दिल्ली।** जियो यूजर्स ने एक महीने में 10 एक्साबाइट यानि 10 अरब जीबी डेटा का इस्तेमाल कर डाला। यह आंकड़ा कितना बड़ा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2016 में जब रिलायंस जियो ने टेलीकॉम सेक्टर में एंट्री मारी थी, उस वक्त पूरे देश के सभी उपलब्ध नेटवकर्स पर डेटा खपत मात्र 4.6 एक्साबाइट थी और वो भी एक महीने की नही पूरे वर्ष भर की। भारत में पहली बार किसी टेलीकॉम कंपनी के नेटवर्क पर एक महीने में 10 एक्साबाइट डेटा की खपत हुई है। मार्च तिमाही में जियो नेटवर्क पर डेटा की खपत का आंकड़ा 30.3 एक्साबाइट था। रिलायंस जियो ने अपने तिमाही नतीजों में इसका खुलासा किया। जियो ट्रू 5जी रोलआउट ने डेटा की बढ़ती खपत में अहम भूमिका निभाई। जियो यूजर अब हर महीने औसतन 23.1 जीबी डेटा खर्च कर रहा है। जो दो साल पहले तक मात्र 13.3 जीबी प्रतिमाह था। यानि प्रत्येक जियो यूजर 2 साल पहले की तुलना में करीब 10 जीबी प्रतिमाह अधिक डेटा की खपत कर रहा है। जियो नेटवर्क पर डेटा -शेष पृष्ठ दो पर

## नाबालिग की मौत पर शुरू हुई सियासत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के कलियागंज इलाके में नाबालिग से दुष्कर्म के बाद हत्या और पुलिस वालों द्वारा मृतका का शव घसीटते हुए वीडियो वायरल होने के बाद ये मामला तूल पकड़ चुका है। इस घटना को लेकर भाजपा और स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए हैं। वहीं, शनिवार को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद रविवार को इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। एक पुलिस अधिकारी ने इलाके में तनाव और निषेधाज्ञा लागू होने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर


## पुलवामा-बालाकोट का चुनाव जीतने के लिए किया इस्तेमाल : माणिक सरकार



**अगरतला।** पुलवामा आतंकवादी हमले को लेकर इन दिनों देश में बहस छिड़ी हुई है। कुछ दिन पहले जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने आरोप लगाया था कि यह हमला गंभीर सुरक्षा और खुफिया चूक का परिणाम था। इस बीच, रविवार को त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने भी दावा किया किया कि भाजपा ने इस हमले का इस्तेमाल लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए किया था। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी, 2019 को एक आत्मघाती हमलावर द्वारा आतंकवादी हमला किया गया था, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। माणिक सरकार यहां पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि माहौल (पुलवामा -शेष पृष्ठ दो पर

## विश्व गुरु बनने के लिए वेदों-संस्कृत के ज्ञान का पोषण जरूरी : भागवत

**अहमदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने वेदों के ज्ञान और संस्कृत की प्राचीन भाषा को जानने और विकसित करने पर जोर दिया। रविवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए आरएसएस चीफ ने कहा कि अगर भारत को *विश्व गुरु* बनना है तो उसके लिए वेदों के ज्ञान और संस्कृत की प्राचीन भाषा को विकसित करने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने भारतीय संस्कृति पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति रूढ़िवादी नहीं है, लेकिन यह समय के साथ बदलती रही है। वे गुजरात के साबरकांठा में मुदेती गांव में श्री भगवान याज्ञवल्क्य वेदतत्त्वज्ञान योगाश्रम ट्रस्ट द्वारा आयोजित *वेद संस्कृत ज्ञान गौरव समरंभ* कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि भारत वेदों के मूल्यों पर बना है, जिनका पीढ़ी दर पीढ़ी पालन किया जाता रहा है। ऐसे में आज के भारत को विकसित होना है, लेकिन उसका लक्ष्य अमेरिका, चीन और रूस की तरह महाशक्ति बनना नहीं है बल्कि हमें एक ऐसा देश बनना है जो आज दुनिया को परेशान करने वाली समस्याओं का जवाब दे सके। ऐसा देश जो अपने सही आचरण से दुनिया को शांति, प्रेम और समृद्धि का रास्ता दिखा सके। आगे बोलते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जो धर्म का प्रचार करने, सभी को एकजुट करने और विश्व गुरु बनने में विश्वस करता है। विश्वगुरु बनने के लिए वेद, विज्ञान और संस्कृति के ज्ञान का पोषण करना जरूरी है। यह सारा ज्ञान संस्कृत में है। इसलिए संस्कृत का प्रभाव होना आवश्यक है। यदि हम अपनी मातृभाषा बोलना जानते हैं ठीक -शेष पृष्ठ दो पर



## गलवान हिंसा के बाद पहली बार आएंगे चीनी रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** जब पूरा विश्व कोरोना की मार झेल रहा था उस वक्त भी चीन दूसरों की जमीन पर गलत निगाहें डाल रहा था। 15 जून 2020 को गलवान वैली में चीनी सेना ने अचानक हमारे सैनिकों पर हमला बोल दिया। भारतीय जवानों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। तभी से दोनों देशों के रिश्ते तनाव की स्थिति से गुजर रहे हैं। इसी बीच राजधानी दिल्ली में होने वाली एससीओ हडल में चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू भी हिस्सा लेंगे। इस मीटिंग की अध्यक्षता रक्षा मंत्री -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# कर्नाटक में आचार-संहिता : अब तक 250 करोड़ से ज्यादा की नकदी और संपत्ति जब्त

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में आगामी 10 मई को विधानसभा चुनाव आयोजित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव की तारीख सामने आने के बाद चुनाव आयोग अवैध धन और अन्य सामान के परिवहन पर लगाम लगाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद भी 29 मार्च से लागू आचार सहिंता के बावजूद कर्नाटक में अब तक 250 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी और संपत्ति जब्ती की जा चुकी है। प्रवर्तन एजेंसियों ने आचार सहिंता लागू होने के बावजूद अब तक कुल 254 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध नकदी और संपत्ति जब्त की है। एजेंसियों ने 254 करोड़ रुपए की अवैध जब्ति में से 82 करोड़ रुपए नकद बरामद किए, शराब (57 करोड़ रुपए), सोना और चांदी (78 करोड़



रुपए), उपहार (20 करोड़ रुपए) और ड्रग्स/नशीले पदार्थ (17 करोड़ रुपए) बरामद किए हैं। चुनावी राज्य में अब तक अवैध बरामदगी के संबंध में 1,930 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। आदर्श आचार संहिता के लागू होने के केवल 10 दिनों में, 36.8 करोड़ रुपए नकद, 15.46 करोड़ रुपए की मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुएं, 30 करोड़ रुपए की 5.2 लाख लीटर शराब, 15 करोड़ रुपए का सोना और 2.5 करोड़ रुपए के चांदी के गहने जब्त किए गए थे। 20 अप्रैल को कर्नाटक के बेलागवी जिले के रामदुर्गा में पुलिस ने कार से एक करोड़ रुपए से अधिक की नगदी बरामद की थी। रामदुर्गा में पुलिस को एक विश्वसनीय इनपुट मिला था जिसके आधार पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार को पूछताछ के लिए रोका। उन्हें कार से 1.54 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी बरामद हुई। पुलिस ने उसे तुंरत जब्त कर आयकर विभाग को सूचित कर दिया था। गौरतलब है कि कर्नाटक की 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव 10 मई को एक ही चरण आयोजित किए जाएंगे। वहीं, 13 मई को चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। राज्य में नामांकन की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है और अब तक हुई स्कूटनिंग की प्रक्रिया में आगामी चुनाव के लिए 3 हजार से अधिक उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।

## रंगाली महोत्सव : डिजिटल प्लेटफॉर्म पर चमकी असमिया भाषा

**गुवाहाटी।** रंगाली उत्सव के चौथे दिन रविवार को गुवाहाटी के खानापाड़ा पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में डिजिटल प्लेटफॉर्म में असमिया भाषा का अभ्यास और संवर्धना विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। उपस्थित विशेषज्ञों ने पिछले 10-15 वर्षों में अपने अनुभवों को साझा किया, जो डिजिटल प्लेटफार्मों पर असमिया भाषा के आगमन के लिए महत्वपूर्ण रहे हैं। 2005 के बाद से असमिया भाषा के डिजिटलीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों में प्रसिद्ध लेखक मयूर बोरा, असम सरकार की राज्य ई-गवर्नेंस मिशन टीम के मुकुंद माधव पुजारी, सबदा भाषा सेवाओं के अंजल बोरा, लाचित की बोर्ड के निर्माता मृदुल कुमार शर्मा, विकिपीडिया के संपादकों में से एक गीतार्थ बरदलै, कैरियर काउंसलर बुलजीत बुढ़ागोंहाई और असम साहित्य सभा की राज्य भाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक हेमंत कलिता शामिल थे। सबदा लैंग्वेज सर्विसेज के प्रोजेक्ट सहयोगी अंजल बोरा ने कहा कि हमने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर असमिया भाषा के लिए चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की, और यह एक बहुत ही दिलचस्प और गहन बातचीत थी। इस अवसर पर गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त दिगंत बोरा ने भी अतिथि के रूप में भाग लिया और चर्चा के महत्व को व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण है। यह मेरे लिए बहुत समृद्ध रहा है। अब से कई साल बाद आपके (डिजिटल प्लेटफॉर्म पर असमिया भाषा की उपस्थिति बनाने के लिए लगातार काम कर रहे व्यक्ति) नाम सुनहरे अक्षरों में लिखे जाएंगे। असम साहित्य सभा के अध्यक्ष सूर्य हजारिका ने कार्यक्रम का संचालन किया और इस मुद्दे पर संयुक्त रूप से काम करने की संगठन की इच्छा व्यक्त की।

## अक्षय तृतीया : जैन महिलाओं ने गन्ने का रस वितरण किया



**गुवाहाटी (विभास)।** गांधी बस्ती स्थित शुभम इलीट की दिगंबर जैन महिला मंडल ने अक्षय तृतीया के उपलक्ष में 150 राहगीरों को गन्ने का रस पिलाया। इस अवसर पर शुभम ईलीट की प्रमिला सेठी ने कहा कि जैन धर्म के आदि तीर्थंकर ऋषभनाथ भगवान ने एक वर्ष के निराहार व्रत के पश्चात अक्षय तृतीया के दिन गन्ने का रस ग्रहण कर अपने निराहार व्रत की का समापन किया था। इसी परंपरा के उपलक्ष में जैन समुदाय अक्षय तृतीया को पावन तिथि के रूप में मानता है एवं दान दिवस के रूप में मनाते हुए गन्ने का रस वितरित किया जाता है।

## दुधनै में राभा जातीय शहीद दिवस मनाया गया

**ग्वालपाड़ा (हिंस)।** राभा जातीय संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले 24 शहीदों की पवित्र स्मृति में रविवार को ग्वालपाड़ा जिले के दुधनै स्थित शहीद नगर में 19वां *राभा जातीय शहीद दिवस* मनाया गया। इसका आयोजन निखिल राभा छात्र संघ (आरएसयू), निखिल राभा महिला परिषद और छठी अनुसूची मांग समिति की पहल पर किया यगा। शहीद नगर में आयोजित कार्यक्रम में नृपेन खांदा, ललिता राभा और दशानन राभा ने तीनों संगठनों के झंडे फहराए।

## न्यायिक हिरासत में भेजे गए 16 जुआरी

**होजाई (हिंस)।** होजाई जिलांतर्गत लमडिंग पुलिस जुआ विरोधी अभियान चला रही है। इस कड़ी में लमडिंग थाना अंतर्गत इलाके से पुलिस ने 16 जुआरियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि लमडिंग थाना प्रभारी चंदन जोती बोरा के नेतृत्व में छापेमारी में लमडिंग क्रॉसिंग गेट बाजार से जुआ खेलते चार लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि लमडिंग थाना अंतर्गत नखुटी से 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। लमडिंग के चार जुआरियों में शुभंकर देबनाथ, राजू दास, प्रेमा बैद्य और बिश्वजीत पाल हैं। इनके पास से 2,820 रुपए नकद, तीन मोबाइल फोन और तास की दो गड्डियां बरामद की गईं। नखुटी के खागरीजान गांव से अब्दुल बातिम, सद्दाम हुसैन, अरशद अली, अबुत अलीम, हविलुद्दीन, राशिद अली, अमिरोददीन, इब्राहिम अली, हबीबुर रहमान, अब्दुल सत्तार, मकबूल अली, रमजात अली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार जुआरियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 13/14/ए जीबी के तहत मामला संख्या 101/2023 और 102/2023 दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

# पृष्ठ एक का शेष

### अमृतपाल डिब्रूगढ़ जेल...

दिनों से पुलिस को चकमा दे रहा था। पंजाब पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। अमृतपाल के दुबई से लौटने पर रोडे गांव मे ही उसकी दस्तारबंदी की गई थी। रोडे जरनैल सिंह भिंडरावाला का पैतृक गांव है। यहीं पर अमृतपाल ने खुद को भिंडरावाला-2 घोषित किया था। 18 मार्च को पुलिस को चकमा देकर फरार अमृतपाल चुनौती बना हुआ था। पुलिस अब तक उसके नौ करीबियों को एनएसए के तहत गिरफ्तार करके असम की डिब्रूगढ़ जेल भेज चुकी है। रविवार सुबह करीब 6:30 बजे पुलिस ने अमृतपाल को रोडे में दबोच लिया। अमृतपाल के खिलाफ पंजाब में एनएसए समेत कई धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। इस बीच भिंडरावाला के भतीजे जसबीर सिंह रोडे ने दावा किया है कि अमृतपाल को गिरफ्तार नहीं किया गया उसने सरेंडर किया है। वह रात से ही रोडे गांव के गुरुद्वारे में था। सुबह पाठ के बाद अरदास की गई। इसके बाद अमृतपाल ने संगत को संबोधित किया। इसके बाद अमृतपाल ने खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। रोडे ने दावा किया कि पुलिस को रात को ही इस बारे में सूचित कर दिया गया था।

### मेरा बेटा शेर ...

उसके पिता तरसेम सिंह ने गिरफ्तारी के बाद सामने आकर बयान दिया है। अमृतपाल सिंह की मां ने कहा कि उसने शेर की तरह सरेंडर किया है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे ने जो कदम उठाया है उसके लिए उन्हें अपने बेटे पर बहुत गर्व है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे ने शेर की तरह सरेंडर किया है। हमने खबर देखी की उसने सरेंडर कर दिया है। हमें गर्व है कि वो योद्धा है। हम कानूनी लड़ाई का सहारा लेंगे। उससे जल्द मिलने आएंगे। उसके पिता तरसेम सिंह ने कहा कि उसके बेटे के मिशन को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने लोगों से खास अपील भी की है। उन्होंने कहा कि उनका बेटा नशे के खिलाफ लड़ रहा है। मेरा संगत और सिख समुदाय के लोगों से अनुरोध है कि मेरे बेटे के मिशन को आगे बढ़ाए। ड्रग्स के खतरे को रोकने के लिए मेरा बेटा लड़ रहा है। टीवी के जरिए हमें पता चला कि उसने सरेंडर कर दिया है। इतने दिनों तक उसने परिवार से भी कोई संपर्क नहीं किया था। उन्होंने कहा कि आपने देखा होगा कि मीडिया में जो उसे लेकर तस्वीरें वायरल की गई है वो सही नहीं था। वो सिख पोशाक पहनता है। उन्होंने कहा कि हम चाहते थे कि अमृतपाल सरेंडर कर दे क्योंकि उसकी कारण कई लोगों को परेशान किया जा रहा था। हम लोगों को ड्रग्स के खतरे से बचाने के लिए दिन रात काम कर रहा था। परिवार के अन्य सदस्यों का कहना है कि परिवार उनकी गिरफ्तारी के बाद अब कानूनी लड़ाई लड़ेगा। वो पुलिस हिरासत में है मगर उसने लंबे समय तक परिवार से संपर्क नहीं किया था।

### महिलाओं की सुरक्षा...

कहा कि कांग्रेस के अंदर महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण की कमी है। इसके लिए मुझे कोसना गलत है। आरोपी को कानून का सहयोग करना चाहिए। गौरतलब है कि यूथ कांग्रेस की पूर्व नेता अंगकिता दत्ता ने श्रीनिवास बीवी के खिलाफ उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में कांग्रेस ने अंगकिता को 6 सालों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। अब पुलिस ने इस मामले में श्रीनिवास को नोटिस थमाया है और दो मई को पेश होने का आदेश दिया है। पुलिस ने कहा है कि अगर वह पेश नहीं हुए तो उनकी गिरफ्तारी भी की जा सकती है। असम पुलिस ने कहा कि श्रीनिवास अपने आवास पर मौजूद नहीं थे, इसलिए उनके बेंगलुरु आवास के पते पर एक नोटिस चिपका दिया गया है। असम पुलिस ने उन्हें दिसपुर थाने में पेश होने के लिए दो मई सुबह 11 बजे तक का वक्त दिया है। असम पुलिस ने नोटिस में कहा है कि श्रीनिवास सबूतों को नष्ट न करें और जांच में सहयोग करें।

### राज्य में तेज हवाएं ...

दौरान भारी बारिश हो सकती है। आरएमसी ने सभी सात पूर्वोत्तर राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने की भी चेतावनी दी है। इस बीच, तिनसुकिया के उपायुक्त स्पप्निल पॉल ने कहा कि जिले में शनिवार रात ओलावृष्टि से दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि हमने दोनों पीड़ितों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए के अनुग्रह राशि के चेक देने की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि मकानों और अन्य संपत्ति के नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पॉल ने कहा कि रूपई-तिनसुकिया ग्रिड लाइन को व्यापक नुकसान हुआ है, जहां नौ टावर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसे बहाल करने के लिए विशेषज्ञता की जरूरत है क्योंकि यह मुख्य ग्रिड लाइन है। गुवाहाटी से दो टीम आ रही हैं। यह बताना मुश्किल है कि ग्रिड लाइन को कब तक ठीक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि तिनसुकिया शहर में 60-70 प्रतिशत बिजली के खंभे और तार भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं और शहर में आज रात तक बिजली बहाल करने का काम जारी है। पॉल ने कहा कि हमने दो हेल्पलाइन फोन नंबर की शुरुआत की हैं। यातायात की आवाजाही प्रभावित नहीं हुई है और चिकित्सा दल भी मौजूद हैं। मैं लोगों से आग्रह करता हूं कि घबराएं नहीं और किसी भी सहायता के लिए हमसे संपर्क करें।

### अयोध्या : निर्माणाधीन मंदिर ...

और मिट्टी राम मंदिर की भूमि पर विसर्जित की गई थी। इसी घटना से प्रेरित होकर दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष विजय जौली ने राम मंदिर अभिषेक के लिए दुनिया के 156 देशों का जल एकत्रित किया, जो अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि आज जिन्होंने जल भेजा है, उन्हें ट्रस्ट के संतों की तरफ से सम्मान। यह आयोजन इंटरनेशनल हिस्ट्री है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने कहा कि यह भारत के नागरिकों का नहीं मानव जाति का कार्यक्रम है और यह संकल्प लेने का समय फिर दुनिया को धार्मिक लड़ाई से मुक्त करने का मार्ग अयोध्या से निकलेगा। उन्होंने इस अवसर पर नया नारा *भारत जय जगत* दिया। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामलाल ने कहा कि रामजन्मभूमि राष्ट्र मंदिर ही नहीं विश्व मंदिर बनने जा रहा है और जिस दिन प्रभु राम की प्रतिष्ठा होगी, उस दिन दुनिया से समस्याओं का अंत आरंभ होगा। जैन आचार्य लोकेश मुनि ने कहा कि श्रीराम का सम्मान सभी संप्रदायों और सभी देशों में है। आज उनके मंदिर के लिए 156 देशों से आया जल इसी सत्य का परिचायक है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि जैन धर्म में जो स्थान भगवान ऋषभदेव यानी आदिनाथ का है, वही श्रीराम का भी है। महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्र आनंद गिरि ने कहा कि जिस प्रकार पूछ जलाए जाने से हनुमान जी का कुछ नहीं बिगड़ा और पूरी लंका जल गई। इसी तरह रामायण को जलाने की बात करने वाले कल चले जाएंगे किंतु रामायण का कुछ भी नहीं बिगड़ेगा। पूर्व थल सेना अध्यक्ष जेजे सिंह ने कहा कि ऊपर वाले ने भारत को स्पेशल बनाया है। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि श्रृंगवेरपुर को पर्यटन केंद्र बनाने का प्रयास हो रहा है। इजराइल की लाइब्रेरी में यह पढ़ने को मिला कि राम के ईश्वर रूप का निषादराज ने सबसे पहले अनुभव किया था। अब पूरे देश में निषाद मछुआरों की सेना तैयार करके रावण राज्य खत्म करने में जुटा हूं। कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक दिल्ली विजय जौली ने बताया कि जलाभिषेक के लिए 156 देशों का जल कलश अयोध्या लाया गया। इसमें उज्बेकिस्तान के ताशकंद में चिरचिक नदी, तजाकिस्तान की वख्श नदी, यूक्रेन की डेनिस्टर, रूस की वोल्गा, मॉरिशस की गंगा तालाब और हिंद महासागर का जल भी है। उन्होंने बताया कि जलाभिषेक कार्यक्रम के लिए इतने देशों का जल जुटाने के लिए 31 महीने का समय लगा। स्टॉकहोम से आशीष ब्रम्हभट्ट ने कोरोना काल के बाद सबसे पहली विस्तारा की फ्लाइट से जल भेजा। हमने यूक्रेन और रूस के साथ चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भी जल मंगाया है। जौली ने बताया कि इस आयोजन में शामिल होने के लिए फिजी से राजेंद्र प्रसाद, आस्ट्रेलिया से परशुराम, मकाऊ से अरुणा झां, नेपाल के सांसद विनोद चौधरी, मॉरीशस से बालाजी, रोमानिया से विजय मेहता, सिंगापुर के पुरुषोत्तम कुमार सहित युगांडा, रोमानिया, मंगोलिया, भूटान, श्रीलंका, नार्वे समेत 40 देशों के करीब 200 लोगों का समूह आया है। उन्होंने बताया कि रामलला के दरबार में दर्शन के बाद राम मंदिर का जलाभिषेक किया गया। पूरे कार्यक्रम को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का निर्देशन और पूज्य संतों का मार्गदर्शन मिला। कलश पूजन और जलाभिषेक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ।

### देश में रिकॉर्ड : जियो ...

खपत का यह औसत, टेलीकॉम इंडस्ट्री की औसत से कहीं अधिक है। तिमाही रिजल्ट्स के मुताबिक जियो ने मार्च 2023 तक 60 हजार साइट्स पर 3.5 लाख से अधिक 5जी सेल्स लगा लिए थे। देश भर में 2,300 से अधिक शहर और कस्बे 5जी की कवरेज में आ गए हैं और जियो यूजर्स भारी संख्या में 5जी सर्विस का इस्तेमाल कर रहे हैं। कंपनी का दावा है कि जियो बेहद तेजी से 5जी का रोलआउट कर रहा है। दुनिया भर में 5जी के रोलआउट की ऐसी कोई मिसाल नही है। कंपनी 2023 के अंत तक पूरे देश में 5जी कवरेज पहुंचाना चाहती है। 5जी रोलआउट के साथ-साथ कंपनी एयरफाइबर के लॉन्च की तैयारियां भी कर रही है। जियो ने बताया कि अगले कुछ महीनों में इसका लॉन्च संभव है। रिलायंस जियो का लक्ष्य 10 करोड़ घरों को फाइबर और एयरफाइबर से जोड़ने का है। रिजल्ट्स में कुछ और महत्वपूर्ण बातें भी निकल कर आईं, जैसे जियो का औसत राजस्व प्रति यूजर प्रतिमाह बढ़कर 178.8 रु हो गया है। कंपनी के नेटवर्क पर हर दिन यूजर्स 1,459 करोड़ मिनट बातचीत (वॉयस कालिंग) कर रहे हैं। जियो नेटवर्क से जुड़े हर फोन पर करीब 1,003 मिनट हर महीने कॉलिंग हो रही है।

### नाबालिग की मौत ...

बताया कि सीआरपीसी की धारा 144 के तहत एहतियाती उपाय के रूप में इलाके में निषेधाज्ञा लागू की गई है। फिलहाल निषेधाज्ञा आज से एक पखवाड़े के लिए लागू की गई है, लेकिन समीक्षा के आधार पर इसकी अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। उन्होंने बताया कि जब तक इलाके में धारा 144 लागू रहेगी एक साथ चार या उससे अधिक लोगों को इकट्ठे होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो के नेतृत्व में आयोग के अन्य प्रतिनिधियों द्वारा मृतका के परिवार से मुलाकात से मुलाकात भी की। इसे लेकर पुलिस अधिकारी ने बताया कि कानूनगो को एनसीपीसीआर के तीन अन्य प्रतिनिधियों के साथ मृतका के परिवार से मिलने की अनुमति दी गई थी। इस दौरान उनके साथ पुलिस भी थी। वहीं, दूसरी ओर एनसीपीसीआर के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के मृतका के परिजनों से मुलाकात पर बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए पश्चिम बंगाल के आयोग ने एतराज किया है। डब्लूबीसीपीसीआर ने आरोप लगाते हुए कहा कि कानूनगो और उनकी टीम मामले का राजनीतिकरण करना चाह रहे हैं। इसलिए उन्होंने क्षेत्र का दौरा किया। वे सीपीसीआर अधिनियम का उल्लंघन कर रहे थे। डब्लूबीसीपीसीआर की चेयरमैन अनन्या चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि एनसीपीसीआर टीम को इलाके का दौरा करने की कोई जरूरत नहीं थी। उन्होंने केंद्र के आयोग पर आरोप लगाते हुए आगे कहा कि एनसीपीसीआर टीम राज्य को बदनाम करने के उद्देश्य के साथ अवैध रूप से मृतका के परिजनों के मिलने गई। उन्होंने धारा 144 का पूरी तरह से उल्लंघन करते हुए पत्रकारों की एक बड़ी टुकड़ी के साथ मृतका के घर ले गए। यह शर्मनाक है। एनसीपीसीआर टीम द्वारा मृतका के परिजनों से मुलाकात के बाद शुरू हुई बयानबाजी सिर्फ केंद्र और राज्य के आयोग तक ही सीमित नहीं रह गई है, बल्कि इसे लेकर भाजपा और टीएमसी के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। रविवार को इसे लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता न ने टीएमसी और ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने ममता सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार को रोकने में पूरी तरह से विफल रही है। जब कलियागंज के लोगों ने लड़की की नृशंस हत्या के खिलाफ आंदोलन किया, तो पुलिस ने उन्हें पीटा और लोगों की भावनाओं को आहत करते हुए सबसे असंवेदनशील तरीके से शव को कब्जे में लिया। एनसीपीसीआर टीम के दौरे को सही ठहराते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि एनसीपीसीआर के साथ मिलकर काम करने के बजाय डब्ल्यूबीसीपीसीआर टीएमसी सरकार के इशारे पर काम कर रही है। राज्य सरकार के कहने पर वे केंद्रीय पैनल के दौरे पर एतराज जता रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान हालातों को देखते हुए पीड़ितों को न्याय केवल केंद्रीय बाल आयोग द्वारा दिया जा सकता है। साथ ही राज्य को इस मामले का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस ने भी भाजपा के हमले पर पलटवार किया है। टीएमसी के राज्य प्रवक्ता कुणाल घोष ने भाजपा के इशारे पर एनसीपीसीआर द्वारा मृतका के परिजनों से मुलाकात करने का आरोप लगाया।

### पुलवामा-बालाकोट का...

हमला और बालाकोट हवाई हमला) का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने (भाजपा ने) 2019 का लोकसभा चुनाव जीता। घटना के बारे में जम्मू कश्मीर के राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक अब इस बारे में बोल रहे हैं। बालाकोट घटना के तुरंत बाद माकपा ने संदेह जताया था और कहा था कि उस साल अप्रैल-मई में हुए आम चुनाव से पहले इस घटना के पीछे बेरोजगारी जैसे अन्य ज्वलंत मुद्दों पर पानी फेरने की *गहरी साजिश* थी। पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में भारत के युद्धक विमानों ने 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर बमबारी की थी। मलिक के इंटरव्यू पर आश्चर्य जताते हुए सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अब चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) शंकर रॉय चौधरी ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई है। सरकार ने कहा कि पूर्व राज्यपाल के इंटरव्यू देने के बाद मैं सोच रहा था कि उन्हें सीबीआई द्वारा तलब किया जाएगा और यह सही साबित हुआ, क्योंकि उन्हें कथित बीमा घोटाले से संबंधित एक मामले में संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मलिक से जम्मू-कश्मीर में कथित बीमा घोटाले के संबंध में कुछ सवालों के जवाब देने को कहा है। सीबीआई का यह कदम मलिक द्वारा एक समाचार वेबसाइट को दिए गए एक साक्षात्कार के महज एक हफ्ते बाद आया है, जिसमें उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणी की थी, खासकर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से निपटने के तरीके के बारे में, जहां उन्होंने राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने से पहले अंतिम राज्यपाल के रूप में कार्य किया था।

### विश्व गुरु बनने ...

है, तो हम 40 प्रतिशत संस्कृत सीख सकते हैं। संस्कृत भाषा की महत्ता को बताते हुए उन्होंने यह भी कहा कि विशेषज्ञों का मानना है कि अगर किसी को संस्कृत और संगीत का ज्ञान है तो वह विज्ञान और गणित की कई अवधारणाओं को आसानी से सीख सकता है। इस दौरान उन्होंने वर्तमान वैश्विक हालातों के बारे में वक्तव्य दिया। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध, श्रीलंका का आर्थिक संकट और चीन-अमेरिका के बीच के तनाव और इन मुद्दों के बीच भारत की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत के रुख की तारीफ की। साथ ही कहा कि दोनों देश भारत को अपने पक्ष में चाहते हैं, लेकिन भारत रूस-अमेरिका से कहता है कि आप भी हमारे दोस्त और आप भी हमारे दोस्त हो, और यह तीसरा जो आप दोनों के बीच दब गया है, वह भी हमारा दोस्त है। इसलिए पहले मैं इसकी मदद करुंगा। भारत का कहना है कि आप दोनों में से मैं किसी का पक्ष नहीं लेता। ये लड़ाई का जमाना नहीं है लड़ना बंद करो। भागवत ने आगे कहा कि जब भी किसी को हमारी जरूरत होगी, हमारा देश उसकी मदद करेगा। इसके पीछे हमारे पूर्वजों द्वारा दिया गया निर्देश है। उन्होंने हमें कर्तव्य के रूप में ऐसा करने का निर्देश दिया है। एक देश को अपना कर्तव्य निभाने के लिए एक ऐसी संस्कृति की आवश्यकता होगी जो विश्व की एकता पर आधारित हो। हमारी संस्कृति, हमारा धर्म रूढ़िवादी नहीं है। यह कुछ ऐसा है जो समय के साथ बदलता है। संघ प्रमुख ने आगे कहा है कि धर्म को मानने वाला देश कभी किसी का लाभ नहीं उठाएगा। परस्पर जीने के लिए हम एक दूसरे का लाभ उठाते हैं, लेकिन वह प्रेम का लेन-देन होता है।

### गलवान हिंसा के ...

राजनाथ सिंह करेंगे। इसके अहम मुद्दे आतंकवाद, रीजनल सेक्युरिटी और अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति है। अगले हफ्ते दिल्ली में शंघाई सहयोग की बैठक होगी। जानकारी के मुताबिक रूस और चीन के डिफेंस मिनिस्टर इसमें हिस्सा लेने नई दिल्ली पहुंचेंगे। इस ग्रुप के अन्य सदस्य भी मीटिंग में पहुंचेंगे और अपने समकक्षों से बातचीत करेंगे। शंघाई कोऑपरेशन अर्डेनाइजेशन के मेंबर देश भारत, चीन, रूस, चेक गणराज्य, कजाखिस्तान, तजाखिस्तान, उज्बेकिस्तान और पाकिस्तान है। ये मीटिंग 27 और 28 अप्रैल को होगी। भारत ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री को भी बैठक में बुलाया था मगर अभी तक उनकी कोई खबर नहीं आई है। पाकिस्तान की ओर से अभी तक तय नहीं हुआ कि वो भारत में मीटिंग करने आएंगे या नहीं। एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की मीटिंग के बाद पांच मई को गोवा में विदेश मंत्रियों की बैठक होगी। इस मीटिंग में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो शामिल होंगे। इसका कंफर्मेशन आ चुका है। यानी की जो मीटिंग पांच मई को होने वाली है, पाकिस्तान ने इसके लिए हामी भर दी है लेकिन डिफेंस मिनिस्टरों की जो मीटिंग दिल्ली में होने वाली है उसमें पाकिस्तान ने अभी तक हिस्सा लेने की कोई जानकारी नहीं दी। दो दिन पहले जम्मू कश्मीर के पुंछ में आतंकी हमला हुआ है। इसमें सेना के एक वाहन को निशाना बनाया गया। इसमें राष्ट्रीय रायफल्स यूनिट के पांच जवान शहीद हो गए। इस हमले के तार पाकिस्तान से जुड़ रहे हैं। हाई लेवल जांच की जा रही है। पाकिस्तान इसी कारण से और भी रक्षा मंत्रियों की इस बैठक में शामिल होने से कतरा रहा है। क्योंकि अगर वो इस मीटिंग में हिस्सा लेगा तो उसको सुनना भी पड़ सकता है।

### पड़ोसी को फंसाने ...

को फंसाना चाहता था, इसलिए उसने पीएम को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। रमन ने कहा कि आरोपी को फॉरेंसिक की मदद से ढूंढा गया है। पड़ोसी को फंसाने की वजह निजी दुश्मनी है। केरल भाजपा अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने कहा था कि एसपीजी दुनिया की सबसे ट्रेंड और कुशल सुरक्षा एजेंसी है। पीएम मोदी का दो दिवसीय केरल दौरा पहले की तरह ही आयोजित किया जाएगा। पीएम मोदी के साथ जबतक एसपीजी है, उन्हें कोई छू नहीं सकता। एसपीजी पीएम की रक्षा करेंगे। कार्यक्रम सफलता से पूरा होगा। केरल भाजपा अध्यक्ष ने बताया था कि 17 अप्रैल को उन्हें धमकी भरा पत्र मिला था। पुलिस का कहना है कि उन्होंने जब जांच शुरू की तो उसमें एन.के जॉनी नाम के एक व्यक्ति का पता लिखा था।


### सूडान : फंसे लोगों ...

एक सूत्रों के हवाले से लिखा है कि भारत सूडान की राजधानी खार्तूम से अपने नागरिकों को निकालने के लिए सड़क मार्क की तलाश कर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि वहां हिंसा के दौरान तमाम एयरपोर्ट और बड़ी संख्या में हवाई जहाज तबाह हो गए। सूत्रों का कहना है कि भारतीय दूतावास के कर्मचारी अभी वहीं रहेंगे, ताकि ऑपरेशन में किसी तरह की कोई दिक्कत न आए। सूडान अफ्रीका का तीसरा सबसे बड़ा देश है। राजधानी खार्तूम के पास ओमडुरमैन में फिर से लड़ाई शुरू हो गई है। यहां ईद-उल-फितर को लेकर संघर्षविराम की घोषणा की गई थी, लेकिन बावजूद इसके हिंसा फिर भड़क गई। अमीन अल-तैयद नाम के एक निवासी ने बताया है कि शहर में भारी गोलीबारी हुई है और कई जगह बम धमाके भी हुए हैं। हिंसा के बीच अमेरिकी सेना ने आज सुबह अमेरिकी विशेष सैन्य बलों ने रविवार तड़के राजधानी खार्तूम से अमेरिकी दूतावास के 70 से ज्यादा कर्मचारियों को इथियोपिया पहुंचा दिया है। इसके लिए उन्होंने हवाई मार्ग का इस्तेमाल किया था। बताया जा रहा है कि संघर्ष की वजह से सड़क के रास्ते से भी नागरिकों को निकलना खतरनाक हो सकता है। सूडान में हालात इतने भयानक हो गए हैं कि लाखों लोग अपने घरों में बंद हैं। इन लोगों को ना तो बिजली मिल रही है ना खाना और न पानी। सूडान डॉक्टर्स सिंडिकेट ने बताया है कि हिंसा में हजारों लोग घायल हुए है, उनको भी सही इलाज नहीं मिल पा रहा है। इतना ही नहीं अगर हालातों में सुधार नहीं हुआ तो घायलों की संख्या में इजाफा हो सकता है।

### सोनोवाल आज चेन्नई ...

के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और अनुप्रयोग उत्पादों का विकास भी करता है। इस संस्थान में सभी विषयों में पत्तन, तट, जलमार्ग क्षेत्र के लिए अनुसंधान एवं परामर्श स्वरूप की 2डी और 3डी जांच करने वाली सभी विश्वस्तरीय क्षमताएं मौजूद हैं। महासागर की मॉडलिंग, तटीय और मुहाने के प्रवाह का निर्धारण करने, तलछट परिवहन, मॉर्फो डायनेमिक्स, नेविगेशन एवं कौशल, ड्रेजिंग और सिल्टेशन का अनुमान, पत्तन, पोत और तटीय इंजीनियरिंग में परामर्श - संरचनाओं और ब्रेकवाटर्स की डिजाइनिंग, स्वायत्त प्लेटफॉर्म और वाहन प्रवाह एवं ढांचा, इंटरेक्शन की प्रयोगात्मक और सीएफडी मॉडलिंग करना, विविध ढांचों की हाइड्रोडायनामिक्स, पत्तन सुविधाओं के साथ-साथ महासागर नवीकरणीय ऊर्जा जैसे कुछ क्षेत्र हैं, जिनके लिए इस संस्थान में देश के लाभ के लिए पहले से ही विशेषज्ञता विकसित की जा चुकी है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **दशम अध्याय**

**(गृहस्थ संत)**

**सत्संगति छूटे नहीं, नित्य नियम सत्संग।**
**गुणावाद गुरु की करो, सब प्राणी एक संग॥ 49॥**

**शब्दार्थ :** (नित्य नियम) नियमित रूप से (गुणावाद) प्रशंसा।

**भाष्य :** सत्संगति गृहस्थों की कभी नहीं छूटती। वे नित्य नियम से भजन, प्रार्थना और सत्संग किया करते हैं और परिवार के सब प्राणी एक साथ सद्गुरु की महिमा और उनके गुणों की गाथा गाया करते हैं। सद्गुरु की वंदना, उनकी महिमा का वर्णन कर आत्मा को पवित्र कर अपने भजन-साधन में लगना चाहिए।

**गुरु महिमा को कहिसके, थकित शारदा शेष।**
**देव सदाफल गुरु कृपा, पावे पद अवशेष॥ 50॥**

**शब्दार्थ :** (अवशेष) अंत, शेष।

**भाष्य :** सद्गुरु की महिमा कहने में सरस्वती और देव भी थक जाते हैं। सद्गुरु की कृपा से जीवन का अंतिम लक्ष्य, पूर्ण निर्वाणपद की प्राप्ति होती है।

**॥ इति स्वर्वेद चतुर्थ मंडल, दशम अध्याय भाष्य समाप्त॥**

# रेसुब ने नौ नाबालिग और एक महिला को कराया मुक्त

## रेलवे टिकटों की अवैध बिक्री में लिप्त दलाल पकड़ा गया




**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के सीपीआरओ ने रविवार को बताया है कि रेलवे सुरक्षा बल (रेसुब) ने 17 और 18 अप्रैल को पूसीरे के विभिन्न ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर जारी जांच अभियान के दौरान 9 नाबालिग और एक महिला को मुक्त कराया है। इस दौरान रेसुब ने एक दलाल को भी पकड़ा, जो अवैध रूप से रेलवे टिकटों की बिक्री में लिप्त था। 17 और 18 अप्रैल को कटिहार, गुवाहाटी, डिमापुर, कामाख्या, किशनगंज और न्यू तिनसुकिया स्टेशनों के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पूसीरे की रेसुब ने भागे हुए 9 नाबालिगों (6 लड़कियां/3 लड़के) और एक महिला को उद्धार किया। बाद में सभी उद्धार नाबालिगों और महिलाओं को मानदंडों के अनुसार उचित सत्यापन के बाद परिवार के सदस्यों और सुरक्षित अभिरक्षा के लिए संबंधित चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया। 17 अप्रैल को एक अन्य घटना में मालदा (पश्चिम बंगाल) जिला के चांदपुर स्थित *सैमुल कॉमन सर्विस सेंटर* नामक एक प्रतिष्ठान में दलाली गतिविधियों के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। बारसोई की रेसुब टीम ने उक्त प्रतिष्ठान में छापेमारी कर तलाशी ली। छापेमारी के दौरान टीम ने लगभग 14,868 रुपए के 6 रेलवे ई-टिकट बरामद किए, जो व्यक्तिगत उपयोगकर्ता आईडी का उपयोग करके बनाए गए थे। बरामद ई-टिकटों के संबंध में प्रतिष्ठान मालिक सैमुल हक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। बाद में, व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया और रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया। रेसुब अपने क्षेत्राधिकार में होने वाली दलाली गतिविधि पर कड़ी नजर रखती है। यह मानव तस्करी में लिप्त संदिग्ध व्यक्तियों के साथ-साथ बच्चों के संदिग्ध तरीके से आवाजाही, अकेले यात्रा करने, बिना उचित अभिभावक आदि के प्रति भी सतर्क है।

## मारवाड़ी सम्मेलन की कामरूप शाखा के अध्यक्ष बने दिनेश गुप्ता

**गुवाहाटी ( विभास )।** मारवाड़ी सम्मेलन कामरूप शाखा की वर्तमान सत्र की अंतिम साधारण सभा सांगानेरिया धर्मशाला में शाखा अध्यक्ष विनोद लोहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। साधारण सभा की कार्य सूची संपादन के पश्चात सत्र 2023- 25 के लिए अध्यक्षीय प्रणाली की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी निरंजन सिकरीया की देखरेख में संपन्न की गई। चुनावी मैदान मे अजीत शर्मा और दिनेश गुप्ता दोनो के बीच कांटे की टक्कर थी। खराब मौसम के बावजूद भी शाखा के कुल 361 सदस्यों में से 26। सदस्यों ने भारी उत्साह के बीच मतदान किया। 12.30 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू होने के डेढ़ घंटे मे 200 सदस्यों ने मतदान करके जागरूकता का परिचय दिया। चुनाव सहअधिकारी के रूप में नीरज जैन और पीयूष बिरमीवाल ने चुनाव संपन्न कराने में अपना सहयोग दिया। शाखा के पुरुष सदस्यों के अलावा महिला सदस्यों ने भी चुनाव में काफी उत्साह दिखाया चुनाव अधिकारी निरंजन सिकरीया ने चुनाव परिणामों की घोषणा करते हुए दिनेश गुप्ता को आगामी सत्र के लिए अध्यक्ष पद के लिए विजय घोषित किया।

## विप्र फाउंडेशन ने मनाई दो दिवसीय परशुराम जयंती



**गुवाहाटी ( विभास )।** विप्र फाउंडेशन जोन 8 के सौजन्य से भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम किया गया जिसमें प्रथम दिन आठगांव स्थित पारीक सभा के कार्यालय में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सकल ब्राह्मण समाज के पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिया इस अवसर पर छत्रीबाड़ी स्थित परशुराम भवन से आठगांव स्थित मारवाड़ी हॉस्पिटल तक मानव श्रृंखला बनाकर जय श्री राम और भारत माता की जयकारे लगाए गए। इस कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव चंद्रप्रकाश शर्मा, पूर्वोत्तर प्रदेश महामंत्री दिनेश पारीक, विप्र फाउंडेशन महिला समिति की अध्यक्ष मंजू लता शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार शर्मा और राजकुमार तिवारी,संरक्षक आर एस जोशी, फाउंडेशन की प्रांतीय सांस्कृतिक संयोजिका संतोष शर्मा, सांस्कृतिक सलाहकार संपत मिश्र, परशुराम जयंती कार्यक्रम के संयोजक दीपक शर्मा और अरविंद शर्मा, पारीक सभा के अध्यक्ष मदन पारीक, खांडल विप्र सभा के अध्यक्ष शिव भगवान नवहाल के अलावा समाजसेवी ताराचंद ठोलिया व हिंदी भाषी विकास परिषद के अध्यक्ष जेके पांडे के अलावा ब्राह्मण समाज के कई व्यक्ति उपस्थित थे। द्वितीय दिवस मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मारवाड़ी हॉस्पिटल ने संयुक्त प्रयास करते हुए सक्रिय सहयोग दिया। मारवाड़ी हॉस्पिटल के अलावा परशुराम सेवा सदन मे गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक एवं बी बरुआ कैंसर हॉस्पिटल के ब्लड बैंक के सहयोग से भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 201 नाम रक्तदान के लिए पंजीकरण किए गए जिसमें 41 नाम को रक्तदान के लिए अनुपयुक्त समझा गया एवं कुल160 युनीट रक्त संग्रह किया गया। जिसमें 21 रक्तदाता को ने प्रथम बार रक्तदान किया है यह सभी युवा वर्ग के रक्तदाता थे। विप्र फाउंडेशन के संरक्षक और नगर के उद्योगपति रतन शर्मा द्वारा सत्यम ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के सौजन्य से सभी रक्त दानदाताओं को अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट प्रदान किया गया। शिविर को सफल बनाने में श्यामसुंदर पारीक, संदीप शर्मा, मनीष शर्मा, अमित शर्मा, समीर शर्मा, सौरभ शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, यशपाल शर्मा, कैलाश शर्मा, आर्यन शर्मा,चहक शर्मा,गिरीश शर्मा, संदीप शर्मा, सिद्धार्थ पारीक, राजेश दाधीच,अशोक शर्मा, राहुल जोशी, अनिल मटोलिया के अलावा भागचंद जैन व रंगीलो राजस्थान ग्रुप ने सहयोग दिया।

## रंगिया : सड़क हादसे में पिता पुत्री की मौत, चार अन्य घायल



**रंगिया।** रंगिया में रविवार को एक भयानक सड़क हादसे में पिता-पुत्री की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना रंगिया क्षेत्र के भातकुची गांव के राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर हुई। सूत्रों के अनुसार एक स्विफ्ट वाहन में एक परिवार के छह लोग मंगलदै से शादी समारोह के लिए बरपेटा की ओर जा रहे थे। तभी करीब सुबह 10.30 बजे रंगिया के भातकुची में वाहन चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार से चल रही वाहन जाकर खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान शिव प्रसाद बरुवा और चंद्रमा सुमुआ के रूप में हुई है। इस बीच कार में सवार अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक बच्चा शामिल है। इस सभी घायलों को रंगिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन का पंजीयन नं- एएस 01 एफ ई 6441 को अपने कब्जे में ले लिया। बाद में घायलों यात्रियों को गौहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक की मौत

**नगांव ( असम ) ( हिंस )।** जिले के कोलियाबोर के बामुनी भाटाबारी में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान नूर मोहम्मद अली के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार को मोहम्मद अली घर में ही था और स्नान करके निकला था, तभी आकाश में जोर से बिजली कौंधी और वह देखते ही देखते वह जमीन पर गिर पड़ा। ईद के जश्न के बीच ब्रजपात में अली की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया। ब्रजपात के चलते इलाके के एक बड़े पेड़ में भी आग लग गई।

## प्रधानमंत्री की 30 अप्रैल को 100वीं मन की बात

**गुवाहाटी ( हिंस )।** प्रधानमंत्री के *मन की बात* के 100वें संस्करण को 30 अप्रैल को देशभर के साथ असम के बूथों पर लाखों कार्यकर्ताओं द्वारा सुना जाएगा। पार्टी ने असम में 28 हजार से अधिक बूथों पर मन की बात कार्यक्रम कराने के लिए व्यापक तैयारी शुरू की है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) असम प्रदेश ने इस मुद्दे की समीक्षा के लिए आज प्रदेश मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता ने की और इसमें मंडल समिति के 399 अध्यक्ष, मंडल समिति *मन की बात* प्रमुख, 39 संगठनात्मक जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सह प्रभारी और सभी राज्य समिति के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय सचिव आशा लाकरा, राज्य के सांगठनिक महासचिव फनींद्र नाथ शर्मा, राज्य महासचिव पुलक गोहाईं, पल्लव लोचन दास और दीप्लू रंजन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष तपन कुमार गोगोई, असम सरकार के मंत्री नंदिता गार्लोसा और अन्य प्रदेश के नेताओं ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि 30 अप्रैल को



होने वाले मन की बात कार्यक्रम में राज्य के प्रत्येक बूथ पर कम से कम 100 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बूथ गतिविधियों में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रमुख युवाओं, महिलाओं, सरकारी कर्मचारियों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अन्य लोगों की भागीदारी पर भी चर्चा हुई। बैठक में मौजूद लाकरा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम समाज के सभी वर्गों के लिए है और कार्यकर्ताओं से उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। लाकरा के अनुसार प्रधानमंत्री देश के प्रत्येक नागरिक का होता है इसलिए उनका मन की बात कार्यक्रम भी देश के प्रत्येक नागरिक को समर्पित है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता पैदा करने का विनम्र प्रयास कर रहे हैं। इसलिए, इस कार्यक्रम को देश में सबसे लोकप्रिय कार्यक्रमों में से एक के रूप में जाना जाता है। हम सभी जानते हैं कि मन की बात कार्यक्रम की देश के साथ-साथ विदेशों में भी व्यापक चर्चा हुई है। तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता ने हजारों कार्यकर्ताओं से 100वीं मन की बात कार्यक्रम को अनुशासन और ईमानदारी से सुनने और प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए हर संदेश को बड़ी ईमानदारी से लोगों तक पहुंचाने का आग्रह किया। कलिता ने कार्यकर्ताओं को मन की बात कार्यक्रम में अनुशासन और अनुपालन पर अत्यधिक जोर देते हुए कार्यक्रम में भाग लेने की सलाह दी।

## पांडु कॉलेज का हीरक जयंती समारोह का आयोजन



**गुवहाटी।** असम के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में से एक पांडू कॉलेज को माना जाता हैं। आगामी 25 अप्रैल मंगलवार को दिनवयापी कार्यक्रम के साथ कालेज की हीरक जयंती समारोह मनाया जाएगा। कॉलेज द्वारा हीरक जयंती के अवसर पर विभिन्न सेमिनार, प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं, नुक्कड़ नाटक आदि आयोजित किए गए। हीरक जयंती समारोह का समापन 25 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ होगा। इस कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा, असम के शिक्षा मंत्री डॉ. रोनोज पेगू, असमिया साहित्य अकादमी के सलाहकार डॉ. दिगंता शर्मा, उच्च शिक्षा सचिव नारायण कोवर और उच्च शिक्षा निदेशक धर्मकांत मिल्ली, संसद कुईन ओझा शामिल होंगे। रविवार हीरक जयंती समारोह समिति के महासचिव योगेश काकती व अध्यक्ष बिभास चंद्र दास पुरकायस्थ ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विभिन्न कार्यक्रमों में कॉलेज के पूर्व व वर्तमान छात्र व कर्मी मौजूद रहेंगे।

## पूर्वोत्तर में पहली बार नाइके-वैनस का *स्नीकर हेड्स* आयोजित

**गुवाहाटी ( विभास )।** पूर्वोत्तर में पहली बार नाइके-वैनस ने *स्नीकर हेड्स* का आयोजन किया। महानगर के जीए रोड स्थित सिटी सेंटर के दूसरे तल्ले पर नाइके-वैनस के एक्सक्लूसिव स्टोर में आयोजित *स्नीकर हेड्स*' में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर स्टोर की प्रमुख पूनम गोयल ने बताया कि आज के दौर में फैशन मूवमेंट में स्नीकर्स की बड़ी भूमिका है। फॉर्मल अटायर से लेकर कैजुअल परिधानों के साथ स्नीकर्स ने हर तरह से पैरों के नीचे अपनी जगह बना ली है। वर्षों से स्नीकर हेड्स ने दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बैंगलोर जैसे शहरों में कार्यक्रम आयोजित किए हैं, लेकिन यह पहली बार है कि यह उत्तर पूर्व भारत में आयोजित किया गया। श्रीमती गोयल ने बताया कि



पूर्वोत्तर में अपनी तरह के इस अनूठे आयोजन को लेकर युवाओं में जबर्दश्त उत्साह देखा गया। जब उनसे बात की गई तो बच्चों से लेकर वृद्धजन तक नाइके के सीमित प्रीमियम जूतों के साथ इस तरह के प्रतिष्ठित कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए नाइके वैनस स्टोर के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्टोर के बाहर पूर्वोत्तर के स्नीकर प्रेमी अपने पसंदीदा स्नीकर्स जोड़ी को पाने के लिए लंबी कतारों में खड़े देखे गए। स्टोर ने डंक्स से लेकर एयर जॉर्डन 1 तक विशेष संस्करण एयर फोर्स के प्रीमियम जूते प्राप्त किए। सिटी सेंटर इवेंट में स्नीकर्स की एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया, जो पूर्वोत्तर में पहली बार हुआ। फैशन हब होने के नाते पूर्वोत्तर को स्नीकर्स की शृंखला पर अपना प्यार बरसाने के लिए बस इस तरह के आयोजन की जरूरत थी। भले ही पूर्वोत्तर भारत में यह पहला आयोजन है, लेकिन बीड़ अभिभूत दिखी। स्नीकर हेड का बाजार पूर्वोत्तर भारत में तेजी से बढ़ रहा है और अगले 5 वर्षों में अपने चरम पर पहुंच जाएगा। मामूल हो कि दिसंबर 2021 में सिटी सेंट में नाइके वैनस स्टोर का शुभारंभ हुआ था और तब से इसने अपने संग्रह की विस्तृत श्रृंखला जिसमें जॉर्डन, क्यारी, केडी जैसे कुछ नामी व अद्वितीय ट्रेंडी नाइके संग्रह के साथ लोगों को स्टोर के प्रति आकर्षित किया है।

## विश्वनाथ में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर 30 को




**विश्वनाथ ( निसं )।** विश्वनाथ चालाली एवं गोहपुर के जानेमाने व्यावसायिक प्रतिष्ठान सुंडाराम महादेव के सौजन्य एवं विश्वनाथ चाराली मारवाड़ी समाज तथा लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी सिटी के सहयोग से आगामी 30 अप्रैल को सुंडाराम महादेव गोला परिसर में एक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जानकारी आज आयोजित एक प्रेस मीट में सुंडाराम महादेव व मारवाड़ी समाज की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी दिलीप कुमार अग्रवाल, दिलीप पटवारी, सुरेश तापड़िया, सुनील तिवाड़ी, दीपक शर्मा, पंकज दस्साणी एवं संजय जैन ने दी। शिविर में गुवाहाटी लायंस आई हॉस्पिटल से आने वाले 6 से 8 चिकित्सों का एक दल सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रोगियों की नेत्र जांच करेंगे, जिसमें करीब 800 सौ से अधिक रोगियों को नि:शुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। साथ ही जानकारी दी गई कि सभी रोगियों व उनके साथ आए एक सहयोगी को चाय पानी के साथ दोपहर के भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। इनमें से जिन रोगियों को कैटरैक्ट (मोतियाबिंद) ऑपरेशन करवाना होगा, उनका गुवाहाटी लायंस आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क ऑपरेशन करवाया जाएगा।

## समाजसेवी जियादुर रहमान मंडल का निधन

**नगरबेड़ा ( विभास )।** बरपेटा जिले के बाघबर विधानसभा क्षेत्र के आलोपतीचर थानांतर्गत आलोपीत (मंडलपाड़ा) गांव के निवासी तथा सामाजिक कार्यकर्ता जियादुर रहमान मंडल की बीती रात हुई मौत से इलाके में मातम पसरा है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात जियादुर को कल रात करीब 12 बजे अनाचक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद लोगों ने उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ते देख तुरतं ग्वालपाड़ा स्थित एक निजी सेवन सिस्टर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्साकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की खबर फैलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। वे 74 वर्ष के थे। इससे पहले जियादुर ने लंबे समय तक ग्राम रक्षी वाहिनी के सचिव पद पर कार्य कर चुके थे। इसके अलावा उन्होंने बाघमारा चर की ग्राम पंचायत सहकारी समिति में वरिष्ठ सदस्य के रूप में कार्य कर चुके हैं।

## मारवाड़ी युवा मंच, होजाई शाखा का शपथ-ग्रहण समारोह संपन्न

**होजाई ( होस )।** मारवाड़ी युवा मंच होजाई शाखा का सत्र 2023-24 के लिए आज विधिवत शपथ विधि कार्यक्रम रुपकुंवर ज्योति प्रसाद अगरवाला भवन में आयोजित हुआ। मंच के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी रमेश मुंदडा ने नवनियुक्त अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव अभी मोर, कोषाध्यक्ष संजय मुरारका सहित कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई। उल्लेखयोग्य है कि उक्त सभा निवर्तमान अध्यक्ष नवीन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सभा को संबोधित करते हुए नवीन अग्रवाल ने अपने दो सत्र के कार्यकाल के दौरान कार्यों के बारे में सभी को अवगत करवाया। उन्होंने कहा वे नई कार्यकारिणी को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। इसके बाद नवनियुक्त अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने भी सभा को संबोधित किया वह सबको साथ लेकर मंच के उत्थान के कार्यों में सक्रिय रूप से भूमिका निभाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा किसी भी शाखा को सक्रिय रखने के लिए सभी सदस्यों के सहयोग की आवश्यकता होती है। पूर्व अध्यक्ष रमेश मुंदड़ा, प्रवीण सरावागी, पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक चनानी




नेवी सभा को संबोधित किया और नई नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान मंच पर पूर्व अध्यक्ष मुकेश बजाज भी उपस्थित थे। कार्यक्रम से पहले सभी वरिष्ठ जनों का फुलाम गमछा से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्वोत्तर पदेसिया मारवाड़ी युवा मंच की पूर्वोत्तर कमेटी के जनसंपर्क विभाग में होजाई शाखा से निखिल कुमार मुंदड़ा को समन्वय के रूप में स्थान दिए जाने पर खुशी जाहिर की व उनका फुलाम गमछा से स्वागत किया गया। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पीयूष क्याल, सह-सचिव हृदय भीमसरिया व विशाल क्याल, कोषाअध्यक्ष संजय मुरारका, सहकोषाध्यक्ष रवि सुराना, सांस्कृतिक सचिव- रोहित बोरा, मिहिर राठी, प्रियंमकर सुरेका, रक्त संयोजक शुभम केजरीवाल, मयंक बोरा, मयंक क्याल, स्पोर्ट्स सेक्रेट्री- शुभम सरावगी, विक्रम भीमसरिया, मोहित क्याल, मंच सूचना एवं जनसंपर्क विभाग निखिल कुमार मुंदड़ा, भवन इंचार्ज लवलेश छावछारीया, कृष बजाज, व्यक्तित्व विकास निखिल कुमार मुंदड़ा, करण दीक्षित, साहिल क्याल, अमृतधारा इंचार्ज विशाल क्याल, करण पंसारी, अमन केजरीवाल, मंच रिनोवेशन इंचार्ज नवीन भीमसरिया व विनय सरावगी, सामूहिक विवाह संयोजक दीपक चनानी, राजा सुरेका, विक्रम शर्मा, पंकज गड़ोदिया, मेडिकल कैंप इंचार्ज सौरभ भीमसरिया, पीयूष क्याल और शुभम सरावगी को स्थान दिया गया है। पहली बार शपथ विधि कार्यक्रम में मंच के सभी सदस्यों को मंच को संबोधित करने का मौका मिला व सभी सदस्यों ने एक स्वर में मंच के उत्थान हेतु कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन निखिल कुमार मुंदड़ा ने किया।

## कोकराझाड़ में अक्षय तृतीया पर भव्य कार्यक्रम आयोजित



**कोकराझाड़ ( विभास )।** कोकराझाड़ जिले के कॉमर्स कॉलेज में श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के नेतृत्व में अक्षय तृतीया का एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आचार्य महाश्रमण की विदुषी सुशिष्या साध्वी स्वर्णरेखा आदि ठाणा चार के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में 16 जिले से करीब 250 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कुल 600 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन कोकराझाड़ तेरापंथ सभा के अध्यक्ष सुनील कुमार आंचलिया, मंत्री कन्हैया लाल चोपड़ा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन कोकराझाड़ तेरापंथ सभा के मंत्री कन्हैया लाल चोपड़ा ने किया। वहीं तेरापंथ महिला मंडल, युवा परिषद, कन्या मंडल एवं ज्ञानशाला के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी महासभा के उपाध्यक्ष बिजय राज चोपड़ा, पूर्वतर आंचलिक प्रभारी वसंत सोनार सहित गई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आज रीवा में राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस समारोह में होंगे शामिल

**- 7853 करोड़ लागत की चार बड़ी समूह जल योजनाओं का होगा भूमिपूजन**
**- देश के 1.25 करोड़ हितग्राहियों को प्रदान करेंगे स्वामित्व संपत्ति कार्ड**

**- चार लाख हितग्राहियों को कराएंगे गृह प्रवेश**



**रीवा/भोपाल, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आ रहे हैं। प्रधानमंत्री यहां एसएएफ मैदान में आयोजित राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी समारोह में प्रधानमंत्री आवास के 4 लाख हितग्राहियों को वर्चुअल माध्यम से गृह प्रवेश कराएंगे तथा जल जीवन मिशन की 7853 करोड़ लागत की चार बड़ी समूह जल योजनाओं का भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री समारोह में स्वामित्व योजना के तहत देश के एक करोड़ 25 लाख हितग्राही को स्वामित्व संपत्ति कार्ड प्रदान करेंगे। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी उमेश तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी रीवा से इतवारी तक प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाएंगे तथा विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को प्रातः 11:30 बजे मुख्य कार्यक्रम स्थल एसएएफ मैदान पहुंचेगे और यहां सबसे पहले विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। प्रधानमंत्री का प्रातः 11:50 बजे समारोह के मुख्य मंच पर आगमन होगा। समारोह में प्रातः 11:50 बजे धरती कहे पुकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद समारोह में केन्द्रीय, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह का उद्बोधन होगा।

समारोह में दोपहर 12:05 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का उद्बोधन होगा। इसके बाद दोपहर 12:10 बजे पंचायत स्तर पर सार्वजनिक खरीद के लिए एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का शुभारंभ किया जाएगा। समारोह में प्रधानमंत्री मोदी समावेशी विकास विषय पर आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत एकीकृत राष्ट्रीय लाँच और एकम समावेशी विकास बेवसाइट और मोबाइल एप का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इसके बाद समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना के चार0 लाख हितग्राहियों को वर्चुअल माध्यम से गृह प्रवेश कराएंगे तथा चार समूह नल जल योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री जी वर्चुअल माध्यम से ही रीवा इतवारी ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे तथा रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी देश के एक करोड़ 25 लाख व्यक्ति को स्वामित्व संपत्ति कार्ड प्रदान करेंगे। समारोह में दोपहर 12:32 बजे प्रधानमंत्री मोदी का उद्बोधन होगा। प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन के बाद आभार प्रदर्शन के साथ समारोह का समापन होगा।

# अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद संजय सिंह ने पंजाब सरकार की थपथपाई पीठ

**अजय त्यागी**




**नई दिल्ली।** अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने पंजाब सरकार की पीठ थपथपाई है। सिंह का कहना है कि आम आदमी पार्टी ने यह साबित कर दिया है कि आप सरकार कानून व्यवस्था के मामले में कोई समझौता नहीं करेगी। पंजाब की जनता की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है और वहां के लोगों की सुख -शांति हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह बात साबित हो गई कि भगवंत मान कि सरकार जरूरत पड़ने पर सख्त से सख्त कदम उठाने में भी पीछे नहीं हटती है। पिछले एक महीने से लगातार अमृतपाल के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की गई। अमृतपाल पर इतना दबाव बन गया कि विवश होकर आखिरकार उसे अपनी गिरफ्तारी देनी पड़ी। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ने साहसिक कदम उठाया है और बहुत ही सूझबूझ का परिचय दिया है। सिंह ने आगे कहा कि इस पूरी कार्रवाई के दौरान पंजाब का अमन-चैन और शांति भंग नहीं होने दी गई। किसी तरह की कोई हिंसक घटना नहीं हुई। ऐसे में यह साबित हो गया कि जरूरत पड़ने पर आम आदमी पार्टी की सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी।

# सीबीआई के लिए नया कानून बनाएगी केंद्र सरकार




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** केंद्र सरकार सीबीआई के लिए अलग कानून बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर रही है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय एवं गृह मंत्रालय के अधिकारी नए कानून के लिए प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं। अभी सीबीआई दिल्ली स्पेशल पुलिस इस्टैब्लिशमेंट एक्ट 1946 के तहत काम करती है। संसद की स्थाई समिति ने नए कानून बनाने की अनुशंसा की है। समिति ने अपनी अनुशंसा में कहा है,कि सीबीआई का दायरा अभी सीमित है। इसके लिए राज्य सरकारों की अनुमति लेना पड़ती है। पिछले वर्षों में कई राज्य सरकारों ने सीबीआई को जो अनुमति दी थी,वह वापस ले ली है। उसके बाद से सीबीआई के कामकाज में 9 राज्यों में जांच कर पाना मुश्किल हो रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जो नया कानून सीबीआई के लिए तैयार होगा। उसने राज्यों से अनुमति लेने की कोई जरूरत नहीं होगी। नए कानून में सीबीआई का दर्जा उसके कामकाज की सीमा और अधिकार तय होंगे। एजेंसी निष्पक्षता और विश्वसनीयता के साथ काम करे। इसके भी प्रावधान किए जाएंगे। गृह मंत्रालय सूत्रों के अनुसार नया कानून राष्ट्रीय स्तर का होगा। सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट तथा राज्यों की अनुमति से ही सीबीआई जांच कर सकती थी। लेकिन जो नया कानून बनाया जाएगा। उसमें सीबीआई को स्वयं जांच करने का अधिकार देने का प्रस्ताव किया जा रहा है।

**राज्य सरकारों ने अनुमति वापस ली** - पिछले वर्षों में 9 राज्य सरकारों द्वारा सीबीआई को जो जांच की अनुमति दी गई थी उन्होंने निरस्त कर दी है जिसके कारण सीबीआई अब 9 राज्यों में बिना राज्य सरकारों की अनुमति के जांच इत्यादि की कार्रवाई नहीं कर सकती है। जिन राज्यों ने अनुमति वापस ली है उनमें 17 जुलाई 2015 को मिजोरम की सरकार ने,16 नवंबर 2018 को पश्चिम बंगाल की सरकार ने, 10 जनवरी 2019 को छत्तीसगढ़ की सरकार ने, 19 जुलाई 2020 को राजस्थान की सरकार ने, 4 नवंबर 2020 को केरल सरकार ने, 5 नवंबर 2020 को झारखंड की सरकार ने, 6 नवंबर 2020 को पंजाब की सरकार ने,9 फरवरी 2022 को मेघालय की सरकार ने और तेलंगाना की सरकार ने 30 अगस्त 2022 को सीबीआई को दी गई अनुमति वापस ले ली है। उपरोक्त राज्यों में अब सीबीआई बिना राज्य सरकार की अनुमति के किसी भी प्रकरण की जांच नहीं कर सकती है। नए कानून में राज्य सरकारों की मंजूरी की अनिवार्यता खत्म करने के लिए नया कानून प्रस्तावित किया जा रहा है। इसमें केंद्र सरकार के पास काफी अधिकार होंगे। ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है। सीबीआई का उन राज्यों में तीव्र विरोध किया,जहां पर गैर भाजपा की सरकार थी। जो नया कानून प्रस्तावित किया जा रहा है। उसको लेकर भी पक्ष और विपक्ष के बीच में तनातनी होना, तय माना जा रहा है।

# सरकार ने आठ राज्यों को कोविड से निपटने तैयारियां बढ़ाने के निर्देश दिए



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश में फिर से कोरोना के बढ़ते संक्रमण के मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र सहित आठ राज्यों को कोविड से निपटने के लिए तैयारियां बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने इस संबंध में महाराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, केरल और राजस्थान राज्यों को पत्र लिखा है। भूषण ने सुझाव दिया कि कोविड की निगरानी, जांच, इलाज, कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग, वैक्सीनेशन और मास्क के इस्तेमाल को लेकर सतकर्ता के साथ तंत्र को मजबूत किया जाए। इस बीच महाराष्ट्र के लोक स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना वायरस संक्रमण पर काम करने के लिए एक नई टास्क फोर्स का गठन किया है और सेवानिवृत्त स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुभाष सालुंके को इस टास्क फोर्स का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के पूर्व प्रमुख डॉ. रमन गंगाखेडकर, महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. माधुरी कानिटकर, डॉ. बिशन स्वरूप गर्ग और 8 लोगों को इस टास्क फोर्स के सदस्य के रूप में चुना गया है। यहां उल्लेखनीय है कि कि महाराष्ट्र में प्रति दिन औसतन लगभग एक कोविड-19 के मामलों का पता लगाया जा रहा है और इनमें सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र मुंबई, पुणे, ठाणे, नागपुर सहित अन्य जिले हैं।

# दिल्ली एम्स का इमरजेंसी डैशबोर्ड हुआ शुरू खाली बेड की आनलाइन मिलेगी जानकारी

**आशीष वर्मा**




**नई दिल्ली।** एम्स के सर्वर पर रैनसमवेयर अटैक की घटना के करीब पांच माह बाद अस्पताल का इमरजेंसी डैशबोर्ड फिर से सक्रिय हो गया है। इससे एम्स के मुख्य अस्पताल की इमरजेंसी व ट्रामा सेंटर की इमरजेंसी में खाली बेड की जानकारी दोबारा आनलाइन उपलब्ध हो गई है। इसलिए गंभीर मरीज को एम्स ले जाने से पहले स्वजन खाली बेड की जानकारी आनलाइन ले सकेंगे। साथ ही यह जानकारी भी मिल सकेगी कि इमरजेंसी के बाहर कितने मरीज बेड के इंतजार में हैं। एम्स की यह पहल मरीजों के लिए मददगार साबित हो सकती है, लेकिन सीटी स्कैन, एमआरआइ जांच में वेटिंग और प्रतिदिन रेडियोथेरेपी की सुविधा पाने वाले मरीजों का आंकड़ा भी आनलाइन करने के एम्स प्रशासन के आदेश पर अब भी अमल की दरकार है। पिछले वर्ष 29 अक्टूबर को एम्स ने इमरजेंसी डैशबोर्ड शुरू किया था। इसके तहत इमरजेंसी में उपलब्ध बेड, भरे हुए बेड और खाली बेड की आनलाइन जानकारी दी जा रही थी। इसके कुछ ही दिन बाद एम्स प्रशासन ने सीटी स्कैन व एमआरआइ जांच में वेटिंग की समस्या को दूर करने के लिए 24 घंटे जांच की सुविधा शुरू करने का आदेश दिया। साथ ही, जांच कराने वाले मरीजों की संख्या वास्तविक समय में आनलाइन अपडेट करने का निर्देश दिया, ताकि जांच में वेटिंग की जानकारी भी मिल सके। दिसंबर तक इस आदेश पर अमल सुनिश्चित करना था। एम्स इमरजेंसी डैशबोर्ड के अनुसार, मुख्य अस्पताल की इमजरेंसी में 84 बेड है, जिसमें से 68 बेड भरे हुए और 16 बेड खाली प्रदर्शित हो रहा था, जबकि 98 मरीज इलाज के लिए बाहर इंतजार कर रहे थे। इस तरह खाली बेड की तुलना में शनिवार को छह गुना अधिक मरीज इमरजेंसी के बाहर बेड के इंतजार में थे। वहीं, ट्रामा सेंटर में उपलब्ध 156 इमरजेंसी बेड में से 11 बेड खाली थे और बाहर 45 हादसा पीड़ित मरीज इलाज के इंतजार में थे।

# यमुना को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए डीडीए ने शुरू की योजना

**अजय कुमार**



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में गर्मियों की शुरूआत से ही पानी की किल्लत शुरू हो गयी है, जो आने वाले दिनों में संभवतः और भी विकराल रूप ले लेगी। दिल्ली के लोगों की पानी की किल्लत को दूर करने की कवायद में जहां दिल्ली सरकार कई उपायों को करने में जुटी है। वहीं अब डीडीए ने भी इस कड़ी में कदम उठाते हुए पानी को सहेजने की पहल की शुरूआत की है। इसके लिए डीडीए ने एक योजना तैयार की है, जिसके तहत यमुना नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ इसके पानी को भी सहेजा जाएगा। इससे दिल्ली वासियों की पानी की कमी को दूर किया जा सके। डीडीए इस योजना के तहत यमुना में दूषित जल को गिरने से रोकने की नीति अपनाएगी। बताया जा रहा है कि यमुना को संवारने और लोगों को पानी सही तरह से उपलब्ध कराने के लिए मास्टर प्लान-2041 में भी विशेष प्रावधान किया गया है। साथ ही डीडीए ने करीब 405 करोड़ रुपये भी यमुना के डूबे क्षेत्रों के कायाकल्प पर खर्च करने के लिए निर्धारित किए हैं। डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, यमुना नदी के डूबे क्षेत्रों व उससे सटे मैदानों के दिशा में सुधार और कायाकल्प का काम शुरू किया गया है। इसे कई परियोजनाओं के साथ मिलाकर किया जाएगा। इस साल इस काम में करीब 405 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

इस काम के पूरा होने से यमुना रिवरफ्रंट को एक नए अंदाज मिल सकेगा और आने वाले दिनों में यह इलाका प्रकृति प्रेमी पर्यटकों के लिए भी खास होगा। डीडीए अधिकारी के अनुसार राजधानी में पानी किल्लत भी प्रमुख समस्या है। इसलिए मास्टर प्लान-2041 में ट्रीटेट पानी के अधिक उपयोग पर भी बल दिया गया है। आपको बता दें कि दिल्ली की लाइफलाइन यमुना को साफ और सुंदर बनाने के लिए दिल्ली सरकार के बजट में भी कई घोषणाएं की गई थी। यमुना को साफ करने के लिए छह बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। 2023-24 में यमुना को साफ करने के लिए एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) की क्षमता 632 एमजीडी से बढ़ाकर 890 एमजीडी हो जाएगी। यानी एक साल में सीवेज ट्रीटमेंट की क्षमता 41 प्रतिशत बढ़ेगी। जिससे काफी हद तक यमुना को साफ करने में बहुत सहयोग मिलेगा।


# बदरीनाथ धाम के रावल ने की संगम तट पर पूजा-अर्चना

**नई टिहरी, (हि.स.)।** बदरीनाथ धाम के मुख्य रावल ईश्वर प्रसाद नंबूद्री ने देवप्रयाग संगम में पतित पावनी गंगा और भगवान रघुनाथ का पूजन कर सभी के लिये मंगलमय यात्रा की प्रार्थना की। रविवार को मुख्य रावल ईश्वर प्रसाद नंबूद्री ने केरल से बदरीनाथ धाम जाते समय देवप्रयाग तीर्थ पहुंचे थे। बदरीनाथ धाम तीर्थ पुरोहित समाज ने मुख्य रावल का स्वागत किया। आगामी 27 अप्रैल को मुख्य रावल छह माह बाद शुभ मुहूर्त में भगवान बदरीनाथ के कपाट खोलेंगे। मुख्य रावल ने भागीरथी और अलकनंदा नदी संगम तट पर मां गंगा पूजन के बाद भगवान रघुनाथ के दर्शन और पूजन किया। मां गंगा और भगवान रघुनाथ से उन्होंने सभी की मंगलमय यात्रा की प्रार्थना की। पुजारी समीर पंचपुरी ने भगवान रघुनाथ की पूजा अर्चना करायी। इस दौरान मुख्य रावल के साथ नायब रावल नारायण और सेवक राजेश मौजूद थे।

इस अवसर पर भगवान बदरीनाथ, मां गंगा और रघुनाथ जी की जय जयकार से तीर्थ नगरी गूंज उठी। तीर्थपुरोहित और नगरपालिका अध्यक्ष कृष्णकांत कोटियाल, श्री बदरीश युवा पुरोहित संगठन अध्यक्ष श्रीकांत बडोला, अतुल जागीरदार, शुभ्रांशु जोशी, सिद्धार्थ पालीवाल, प्रकाश ध्यानी, उत्तम भट्ट, राजा थपलियाल, उपवन ध्यानी, राकेश कर्नाटक आदि मुख्य रावत का स्वागत किया।

# दिसंबर 2023 तक देश में दौड़ेगी मेक इन इंडिया हाइड्रोजन ट्रेन

**- इन ट्रेनों को वंदे मेट्रो के नाम से जाना जाएगा**




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जर्मनी और चीन के बाद अब मेक इन इंडिया योजना के तहत देश में भी हाइड्रोजन ट्रेनों का परिचालन होगा। दिसंबर 2023 तक ये ट्रेनें यात्रियों के लिए शुरू होगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुछ महीने पहले ही कहा था कि एक हाइड्रोजन ट्रेन तैयार है। यह ट्रेन पर्यावरण के अनुकूल होगी और कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन बिल्कुल भी नहीं करेगी। हालांकि, इस ट्रेन को चलाने में डीजल इंजन से 27 फीसदी अधिक खर्च आएगा। बता दें कि इन्हीं ट्रेनों को वंदे मेट्रो के नाम से जाना जाएगा। हाइड्रोजन ट्रेनों की रफ्तार 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा सकती है। हालांकि, भारत में पटरियां इतनी स्पीड नहीं झेल सकती है, इसकारण इन्हें कुछ कम गति पर चलाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि हरियाणा में सबसे पहले इसका ट्रायल रन होगा। यह ट्रायल रन सोनीपत और जींद के बीच होगा। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा है कि भारतीय रेलवे उत्तर रेलवे कार्यशाला में हाइड्रोजन ईंधन आधारित ट्रेन का प्रोटोटाइप बना रहा है। उन्होंने बताया कि इन ट्रेनों को कोई क्षति न पहुंचे इसके लिए 1275 स्टेशनों का कायाकल्प भी किया जाना है। बता दें कि इस बार के बजट में केंद्र सरकार ने भारतीय रेलवे के लिए 2.41 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। सबसे पहले इन ट्रेनों को हैरिटेज रूट पर चलाने की योजना है। मसलन, दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे, नीलगिरि माउंटेन रेलवे, कालका शिमला रेलवे, कांगड़ा घाटी और मारवाड़-देवगढ़ मडरिया जैसे रूट पर इनका परिचालन शुरू किया जा सकता है। ये ट्रेनें वायु प्रदूषण कम करती हैं, साथ ही आवाज भी बहुत कम करती हैं जिससे ध्वनि प्रदूषण से भी लड़ने में मदद होती है। इसके अलावा हाइड्रोजन को नेचुरल तरीके से बनाया जा सकता है। जर्मनी ने हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना पर करीब 8 करोड़ डॉलर खर्च किए थे। इसकी शुरूआत क्षेत्रीय लाइनों (जैसे यहां लोकल रूट्स) पर हुई। फिलहाल जर्मनी के बड़े शहरों में 27 हाइड्रोजन ट्रेनों का परिचालन किया जाता है। इसके अलावा चीन में हाइड्रोजन ट्रेन का परिचानल किया जाता है। यहां 600 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए इस 160 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलाया जाता है।


# सीबीआई की तलाशी के बाद तृणमूल विधायक तापस ने पार्टी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया



**कोलकाता, (हि.स.)।** भर्ती भ्रष्टाचार मामले में नाम आने के बाद से तृणमूल विधायक तापस साहा ने पार्टी के खिलाफ खुलकर बोलना शुरू कर दिया है। सीबीआई तलाशी के बाद रविवार को विधायक तापस साहा ने पार्टी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी उनके पक्ष में हो या न हो, वह अपने तरीके से चुनाव लड़ेंगे। उनके इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। कभी वे कहते हैं कि ममता बनर्जी के अलावा पार्टी में कोई महत्वपूर्ण नहीं है। तो कभी भर्ती भ्रष्टाचार मामले में तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक का नाम ले रहे हैं। भर्ती भ्रष्टाचार मामले में शुक्रवार को सीबीआई ने विधायक तापस साहा के घर की तलाशी ली। 15 घंटे तक तलाशी चली। इस तलाशी के बाद विधायक तापस साहा ने रविवार को फिर पार्टी के खिलाफ रोष जताया। आक्रोश व्यक्त करते हुए विधायक ने कहा कि मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं। मैं केवल यह उम्मीद करता हूं कि संकट के समय अधिकारी मेरी मदद करेंगे। लेकिन मुझे अपने साथ कोई नहीं मिला। जिले में किसी से संपर्क करने का कोई फायदा नहीं। किसी के पास समय नहीं है। हर कोई अपने आप में व्यस्त है। पंचायत चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव की किसी को परवाह नहीं है। सिस्टम अच्छा नहीं है। कोई प्रचार नहीं कर रहा है। मैं तेहट्ट विधानसभा में पार्टी का चेहरा सुरक्षित रखूंगा। मुझे नहीं पता कि कहां क्या होगा। तापस साहा की टिप्पणियों के बारे में तृणमूल सांसद शांतनु सेन ने कहा कि पार्टी एक संयुक्त परिवार है। टीम के पास एक प्रोटोकॉल है। अगर उन्हें कुछ कहना है, तो समूह में कहें। लोग तृणमूल को ममता बनर्जी के कारण प्यार करते हैं, अगर कोई सोचता है कि यह उनकी वजह से है या वह पार्टी जीतेगी, तो यह गलत विचार है। दूसरी तरफ विरोधियों ने भी तापस साहा की आलोचना की है।

# कर्नाटक चुनाव में अमित शाह लिंगायत के चेहरे को आगे करने के लिए तैयार नहीं


**- अमित शाह को डर, एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ खड़े हो सकता है गैरलिंगायत समुदाय**



**बेंगलुरु (ईएमएस)।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार जोरशोर से शुरू हो गया है। राज्य में सबसे ज्यादा चर्चा लिंगायत समुदाय को लेकर हो रही है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही इस समुदाय को रिझाने में कसर नहीं छोड़ रही हैं। चर्चा यह भी थी कि भाजपा इस बार लिंगायत समुदाय के ही किसी नेता को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बना सकती है। हालांकि रिपोर्ट्स के मुताबिक गृह मंत्री अमित शाह इस बात पर राजी नहीं हैं। उन्हें लगता है कि अगर लिंगायत समुदाय के चेहरे को आगे किया गया तो गैरलिंगायत समुदाय एकजुट हो जाएंगे और भाजपा के खिलाफ खड़े हो सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता रहे जगदीश शेट्टार के पार्टी छोड़कर कांग्रेस में जाने के बाद कांग्रेस ने हमला तेज कर दिया था। कांग्रेस यह जताने की कोशिश कर रही है कि भाजपा लिंगायत विरोधी है। इसी के खिलाफ डैमेज कंट्रोल के लिए लिंगायत सीएम वाली थ्योरी सामने आई थी। हाल ही में बेंगलुरु में अमित शाह ने कहा कि जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सवादी जैसे लोग भाजपा को बहुमत से 15-20 सीटें ज्यादा पाने से रोक नहीं पाएंगे। बता दें कर्नाटक में कुल 224 विधानसभा सीटें हैं। इस हिसाब से बहुमत का जादुई आंकड़ा 113 है। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि कुछ लिंगायत नेताओं के पार्टी छोड़ने के बाद डैमेज को कम करने के लिए हमने यह सलाह दी थी कि लिंगायत चेहरे को मुख्यमंत्री पद के लिए आगे किया जाए। हालांकि अमित शाह ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और कहा कि इससे गैर लिंगायत वोट मिलने मुश्किल हो जाएंगे। शाह ने राज्य की भाजपा यूनिट से डबल इंजिन की सरकार और विकास, आरक्षण के मुद्दे को आगे रखने की सलाह दी है। इसके अलावा कहा गया है कि 30 अप्रैल के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जगहों पर रैलियां करेंगे। इसके अलावा अमित शाह भी 29 अप्रैल के बाद चुनाव प्रचार में उतरेंगे। अमित शाह ने कर्नाटक के देवनाहल्ली में रैली की और इसके बाद भाजपा के पदाधिकारियों के साथ देर रात तक बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री बोम्मई, वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा, कर्नाटक में भाजा के इनचार्ज अरुण सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष और अन्नामलाई, शोभा करांदलाजे समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। अमित शाह ने कहा कि शेट्टार, सवादी और आयानुर मंजुनाथ के खिलाफ अभियान शुरू किया जाए और उनकी धोखेबाजी को जनता के सामने रखा जाए। शेट्टार का दावा है कि भाजपा ने जिस तरह का व्यवहार बीएस येदियुरप्पा के साथ किया है, लिंगायत समुदाय उस पर कभी भरोसा नहीं करेगा।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी

**—कालभैरव का दर्शन कर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में हुए शामिल**



**वाराणसी, (हि.स.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नगर निकाय चुनाव में भाजपा कार्यकताओं में जोश भरने के पूर्व श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई। मंदिर के गर्भगृह में अर्चकों ने बाबा विश्वनाथ का विधि विधान से पूजन कराया। दरबार में विधिवत दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के मंदिर में पहुंचे और दर्शन पूजन किया। यहां से रोहनिया केशरीपुर स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के लिए रवाना हो गये। क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्यमंत्री महापौर, सभासद प्रत्याशी, निकाय चुनाव संयोजक, सहसंयोजक और चुनाव संचालन समिति के पदाधिकारियों से चुनावी तैयारियों की जानकारी लेने के बाद उन्हें सम्बोधित भी करेंगे।

# बसपा सुप्रीमो मायावती ने आनंद मोहन की रिहाई को लेकर बिहार सरकार को घेरा




**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि बिहार सरकार की ओर से माफिया आनंद मोहन की रिहाई दलित समुदाय का अपमान है। इस मामले को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को ट्वीट किया है।

इसमें उन्होंने बिहार की नीतीश सरकार द्वारा, आन्ध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) महबूबनगर के रहने वाले गरीब दलित समाज से आईएएस बने बेहद ईमानदार जी कृष्णैया की निर्दयता से की गई हत्या मामले में आनन्द मोहन को नियम बदल कर रिहा करने की तैयारी देश भर में दलित विरोधी निगेटिव कारणों से काफी चचाओं में है। आगे उन्होंने कहाकि आनन्द मोहन बिहार में कई सरकारों की मजबूरी रहे हैं, लेकिन गोपालगंज के तत्कालीन डीएम कृष्णैया की हत्या मामले को लेकर नीतीश सरकार का यह दलित विरोधी व अपराध समर्थक कार्य से देश भर के दलित समाज में काफी रोष है। उनकी चाहें कुछ भी मजबूरी हो, बिहार सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

# वाराणसी के चौसट्टी घाट पर गंगा में डूब रहे बालक को पीएसी के जवानों ने बचाया



वाराणसी, (हि.स.)। चौसट्टी घाट पर रविवार को गंगा में स्नान के दौरान एक 13 वर्षीय बालक को पीएसी के जवानों ने डूबने से बचा लिया। बच्चे को सकुशल देख परिजनों ने जहां पीएसी के जवानों का आभार जताया। वहीं,सोशल मीडिया में भी जवानों की जमकर सराहना हो रही है। रेवड़ी तालाब भेलूपुर निवासी शाहिद जुनैद का पुत्र मोहम्मद इकबाल अपने परिचितों के साथ चौसट्टी घाट पर पूर्वांह में गंगा स्नान के लिए आया। गंगा में स्नान के दौरान इकबाल डूबने लगा, यह देख मौके पर मौजूद लोग शोर मचाकर मदद की गुहार लगाने लगे। शोर सुनकर मौके पर मौजूद 34 वाहिनी पीएसी फ्लड कंपनी के जवान धर्मवीर कुमार,अनिल कुशवाहा,और श्रीभगवान वर्मा ने तुरंत पानी में छलांग लगा दी और बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया। इसके बाद बच्चे के मुंह से पानी निकाल कर उसकी जान बचाई। गौरतलब हो कि पुष्कर मेले के दृष्टिगत आजकल जल पुलिस के सहयोग के लिए पीएसी फ्लड कंपनी के जवान घाटों पर तैनात है। मेले में लगभग एक हजार से ज्यादा पुलिस-कर्मियों की भी तैनाती की गई है। मेले में लगभग एक लाख की भीड़ प्रतिदिन आने का अनुमान लगाया गया है। इसे दृष्टिगत रखते हुए गंगा घाटों पर अलग-अलग भाषाओं में साइन बोर्ड बनवाए जा रहे हैं। गंगा घाटों पर कहीं गहराई ज्यादा है तो कहीं कम यह देख लोगों को डूबने से बचाने के लिए जल पुलिस के साथ एनडीआरएफ और पीएसी के फ्लड कंपनी के जवानों को भी घाटों पर तैनात किया गया है।

# अंग्रेजों से लोहा लेने वाले बाबू कुंवर सिंह की याद में विजय उत्सव मनाया गया



**लोहरदगा, (हि.स.)।** जिले के भंडरा प्रखंड के ग्राम भैसमुन्दो के समुदायिक भवन में क्षत्रिय महासभा ने रण बाकुरा बाबू वीर कुंवर सिंह की याद में विजय उत्सव मनाया गया। रविवार को विवेक सिंह की अध्यक्षता में आयोजित विजय उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ बालकृष्णा सिंह ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर उन्होंने बालकृष्णा सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह 80 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। उन्होंने कभी अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की। इस उम्र में उन्होंने तत्कालीन पूरे बिहार के क्षत्रियों को एकजुट कर आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों से लोहा लिया था और तत्कालीन बिहार के अपने साम्राज्य क्षेत्र से उन्होंने अंग्रेजों को भागने पर मजबूर कर दिया था। युद्ध के दौरान गंगा पार करने के दौरान उनके हाथ में अंग्रेजों की गोली लग गई थी। इसके बाद उन्होंने भारत माता की जय करते हुए अपना हाथ खुद अपनी तलवार से काट कर गंगा मैया को समर्पित कर दिया था। उनके विचारों और साहसिक कदम को हमारे आने वाली पीढ़ियों को जानना चाहिए ताकि समय-समय पर अपने पूर्वजों की वीर गाथा को जान सके और लोगों को बता सकें। इस अवसर पर अभिषेक सिंह, आनंद सिंह, मधुसूदन सिंह, अटम सिंह, सूरज, राजेश, सुदन, मनोज, संध्या कुमारी, रूपेश सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर निगम के द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली



**भागलपुर, (हि.स.)।** नगर निगम के द्वारा रविवार को स्वच्छता अभियान की शुरूआत स्टेशन चौक से की गई। स्वच्छ भारत अभियान के तहत मेयर डॉ वसुंधरा लाल, डिप्टी मेयर, नगर आयुक्त और सभी वार्डों के वार्ड पार्षद के द्वारा शहर की सफाई की गई और जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। स्टेशन चौक से लेकर पटल बाबू रोड होते हुए लोहा पट्टी तक यह अभियान चलाया गया। इस दौरान आम लोगों से अपील की गई कि वह गंदगी को नहीं फैलाएं और नगर निगम के द्वारा लगाई गई डस्टबिन में ही कूड़ा फेंके। जिससे शहर को साफ रखा जा सके। शहर को ग्रीन बनाया जा सके। इस दौरान मेयर डॉक्टर वसुंधरा लाल के अलावा डिप्टी मेयर डॉक्टर सलाउद्दीन अहसन, नगर आयुक्त योगेश सागर कई वार्ड के पार्षद नगर निगम के कर्मी और काफी संख्या में कई संगठन के लोगों के साथ-साथ आम लोगों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर मेयर डॉक्टर वसुंधरा लाल ने कहा कि इस स्वच्छ भारत अभियान के तहत हमें शपथ लेनी चाहिए कि हमें अपने शहर को स्वच्छ रखना है। इसे ग्रीन बनाकर रखना है और क्लीन बनाकर रखना है। तभी हमारा शहर सुंदर और साफ सुथरा लगेगा। नगर आयुक्त योगेश सागर ने कहा कि हमें संकल्प लेकर अपने आसपास के कचरे को डस्टबिन में डालना होगा। जब हम सभी अपने घर और समाज को साफ रखने का संकल्प ले लेंगे तो पूरा शहर साफ सुथरा दिखेगा। तभी हमारा मिशन ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया बन पाएगा।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा 80 में सभी सीटें जीतेगी : केशव प्रसाद मौर्य

**--प्रदेश के 17 शहरों में भाजपा निकाय चुनाव जीतेगी : उप मुख्यमंत्री**



**प्रयागराज, (हि.स.)।** आगामी 13 मई को सपा, बसपा एवं कांग्रेस के जाने का नारा दिया जा रहा है। प्रदेश के 17 शहरों में भाजपा निकाय चुनाव में जीत दर्ज करने जा रही है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 80 में से 80 सीट जीतेंगे। यह बातें रविवार को उप्र के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा नेता राकेश शुक्ला के ऑकलैंड स्थित आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 2019 कुंभ से अच्छा 2025 के महाकुंभ की व्यवस्था होगी। जिसमें कुंभ की पूरी पिक्चर दिखाएंगे। आगे कहा कि सपा अब समाप्तवादी पार्टी और बसपा बिल्कुल समाप्तवादी पार्टी बनकर रह गई है। अच्छे लोग ही पार्टी में रहेंगे, जो गंदे हैं वह पार्टी छोड़कर जाएंगे। इस दौरान उन्होंने मंत्री नंदी को जन्मदिन की बधाई दी और मंत्री नंदी के बयान पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। बता दें कि नगर निकाय चुनाव को लेकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज में हैं। शनिवार को सपा नेता रईस चंद्र शुक्ल को केशव प्रसाद द्वारा भाजपा में शामिल कराने के बाद नंदी भी नाराज हो गए हैं। उनका कहना है कि जिसे हमने चुनाव हराया था उसे बिना हमसे कोई बातचीत के पार्टी में शामिल कर लिया गया। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी पर बोलने से इन्कार किया। उन्होंने नन्दी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि उनके बारे में इससे अधिक कुछ नहीं कहूंगा। निकाय चुनाव पर उन्होंने कहा कि भाजपा का कमल खिलेगा। 13 मई को सपा, बसपा और कांग्रेस गई की आवाज मुझे प्रदेश भर में सुनाई दे रही है। सपा में भगदड़ जो भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारते थे, धारा 370 हटाने को कहते थे कि वो काल्पनिक है। भाजपा ने जो वादा किया था उसे पूरा किया है। कामन सिविल कोड को भी सरकार पूरा करेगी। इस अवसर पर सांसद केसरी देवी पटेल, डॉ रीता बहुगुणा जोशी, सिद्धार्थ नाथ सिंह, महापौर उम्मीदवार गणेश केसरवानी, राकेश शुक्ला सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## अतीक-अशरफ हत्याकांड : शूटर सनी सिंह के भाई का परिवार भुखमरी के मुहाने पर

**हमीरपुर, (हि.स.)।** प्रयागराज में माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या का आरोपित शूटर सनी सिंह के भाई का परिवार इन दिनों दहशत के साये में हैं। पिछले सात दिनों से भारी पुलिस बल उसके घर को घेरे हुए हैं। काम धंधा भी बंद चलने से परिवार के सामने अब खाने-पीने का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। हालांकि पड़ोस के लोग थोड़ी बहुत मदद कर उसे राहत दे रहे हैं, लेकिन अपने ही घर में नजरबंद होने से शूटर का भाई काफी तनाव में है। जिले के कुरारा कस्बा निवासी सनी सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रयागराज में माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ को विदेशी पिस्तौल से ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर मौत के घाट उतार दिया था। इस हत्याकांड में सनी सिंह मौके पर अपने साथियों के साथ गिरफ्तार हुआ था। इस हत्याकांड से कुरारा में हड़कंप मच गया था। घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने शूटर के भाई पिंटू सिंह के घर पुलिस फोर्स की तैनाती की थी। सुरक्षा के लिहाज से ढाई दर्जन से अधिक पुलिस बल शूटर के भाई के घर को चारों ओर मुस्तैद है। उसके घर के सभी रास्तों पर बैरीकेटिंग भी की गई है। आने जाने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। पिछले कई दिनों से पुलिस बल की मुस्तैदी से अब शूटर का परिवार टेंशन में आ गया है। उल्लेखनीय है कि सनी सिंह के खिलाफ जिले के थानों में 17 आपराधिक मामले दर्ज है। दो मामले में हमीरपुर की अदालत से वारंट भी जारी है। शूटर के भाई पिंटू सिंह अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चियों के संग घर में नजरबंद है। घर के चारों ओर पुलिस बल के डेरा डाले जाने से पूरा परिवार भयभीत है। पिछले कई दिनों से ये परिवार घर से बाहर भी नहीं निकल पा रहा है। पिंटू सिंह की कुरारा कस्बे के मनकी रोड पर दुकान है, जहां वह हत्याकांड से पहले चाय और समोसा बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। लेकिन भाई सनी सिंह के कारण उसका कामधंधा बंद है। उसके दोनों बच्चियां पढ़ने स्कूल भी नहीं जा पा रही है। थानेदार पवन कुमार पटेल का कहना है कि समय-समय पर पिंटू सिंह को मदद मांगने पर पुलिस मदद दे रही है।

# जंगल में महुआ चुनने गए युवक पर भालू का हमला, गंभीर



**लातेहार, (हि.स.)।** जिले के महुआडांड़ वन क्षेत्र के केवरकी गांव के निकट जंगल में रविवार को महुआ चुनने गए एक युवक पर जंगली भालू ने हमला कर घायल कर दिया है। को महुआडांड़ अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार केवरकी गांव निवासी संदीप टोप्पो कुछ अन्य ग्रामीणों के साथ रविवार को जंगल में महुआ चुनने गया था। इसी दौरान अचानक एक जंगली भालू ने उस पर हमला कर दिया। भालू के हमले से घबराए संदीप के शोर को सुनकर अन्य ग्रामीणों ने भी शोर मचाना आरंभ कर दिया। इस पर भालू जंगल की ओर भाग गया। भालू के हमले से संदीप के चेहरे पर और आंख में गंभीर चोट आई। ग्रामीणों ने उसे महुआडांड़ अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया। घटना के बाद वन विभाग ने घायल संदीप के इलाज के लिए सरकारी प्रावधान के अनुरूप मुआवजा राशि प्रदान की और आश्वस्त किया कि घायल के इलाज के लिए हरसंभव मदद किया जाएगा।

## बाबू वीरकुंवर सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया

**सहरसा, (हि.स.)।** बाबू कुंवर सिंह जी के विजयोत्सव के अवसर पर आज वैश्य समाज सहरसा द्वारा उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया इस अवसर पर उपस्थित वैश्य समाज के उपाध्यक्ष कृष्णमोहन चौधरी ने बाबू वीर कुंवर सिंह के शोर्य को याद करते हुए कहा कि 23 अप्रैल 1858 भारतीय इतिहास का वो स्वर्णिम "विजयोत्सव दिवस" है, जिसका उदाहरण विश्व इतिहास में काफी कम है। सर्वस्व बलिदान कर अंग्रेजों के ध्वस्त जगदीशपुर महल पर पुनः विजय पताका फहराकर, उसमें अंतिम सांस लेना, उनके अदम्य साहस और संकल्प का परिचायक है। उन्होंने कहा आजमगढ़ से गंगा पार करने तक और लीग्रैंड के साथ उनकी युद्ध की समीक्षा करते हुए भले उन्हें "गुरिल्ला युद्ध का अप्रतिम योद्धा", "शाहाबाद का शेर", "बिहार का स्वाभिमान" और "तेगवा बहादुर" कहा गया हो लेकिन सही अर्थ में वे समस्त भारतवासियों के लिए प्रेरणास्वरूप हैं। बाबू कुंवर सिंह देश के स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। 23 अप्रैल का विजयोत्सव उनके शौर्य और बलिदान की गौरवमयी गाथा से देशवासियों को उत्प्रेरित कर रहा है। वे सिर्फ जगदीशपुर, बिहार के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए मान, अभिमान और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर 1857 में अंग्रेजों से युद्ध किया।



# पुस्तकालय कर्मियों के लिए पांच दिवसीय राष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू




**झांसी, (हि.स.)।** राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) और राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन (आरआरआरएलएफ), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी में सार्वजनिक पुस्तकालय कर्मियों के लिए 24 से 28 अप्रैल, 2023 तक 5 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन, योजना जिसे भारत के तत्कालीन माननीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा 2014 में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय ज्ञान आयोग की सिफारिश के अनुसरण में निरंतर ध्यान देने के लिए पुस्तकालयों और सूचना विज्ञान क्षेत्र का विकास के लिए प्रारंभ किया था। पुस्तकालयों पर राष्ट्रीय मिशन के चार (04) घटकों में से, तीन (03) घटक अर्थात एनएमएल मॉडल पुस्तकालयों की स्थापना पुस्तकालयों का मात्रात्मक और गुणात्मक सर्वेक्षण) राजा राममोहुन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन को क्षमता निर्माण प्रशिक्षण सौंपा गया था, जो कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तहत एक नोडल एजेंसी है। श्रीमती मुग्धा सिन्हा, आईएएस, संयुक्त सचिव (पुस्तकालय) मिशन की निदेशक हैं तथा प्रो. अजय प्रताप सिंह, महानिदेशक, आरआरआरएलएफ एवं भारतीय राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता एनएमएल के अतिरिक्त मिशन निदेशक हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सार्वजनिक पुस्तकालय के पुस्तकालय कर्मी-पेशेवर भाग ले रहे हैं। इससे पूर्व देश के विभिन्न हिस्सों में 34 राष्ट्रव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे और 1300 से अधिक लोगों को लाइब्रेरी ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर, गुणवत्ता के बुनियादी ढांचे, संसाधनों, अद्यतन आईसीटी उपकरणों और तकनीकों, उभरती प्रवृत्तियों, संरक्षण और संरक्षण के लिए आधुनिक पुस्तकालय सेवाओं के प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षित किया गया था। इस कार्यक्रम का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पांडे के मार्गदर्शन में प्रथम बार बुंदेलखंड क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, विभाग की प्रमुख प्रो. रितु सिंह कार्यक्रम समन्वयक तथा डॉ. रूपेन्द्र एवं डॉ. ज्योति गुप्ता इसके सह समन्वयक हैं, श्री दीपांजन चटर्जी, परियोजना अधिकारी, एनएमएल उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के पाठ्यक्रम समन्वयक हैं।

# यंग इंडिया बोल सीजन-3 का किया आयोजन



**लोहरदगा, (हि.स.)।** जिले की युवा कांग्रेस कमेटी ने यंग इंडिया के बोल सीजन-3 कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी रोहित उरांव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर देश के युवाओं को अवसर दे रही है। यंग इंडिया के बोल के जरिए देश की युवा आवाज को एक राजनीतिक मंच मिलेगा, जिसके जरिए वह लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखेंगे। म्यूट तंत्र में जहां-जहां भाजपा माइक बंद करने का प्रयास कर रही है, वहां युवा कांग्रेस कार्यक्रमों से लाखों युवाओं की आवाज बनेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सोच रही है कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित हो। यह कार्यक्रम उनकी सोच को साकार करेगा। कार्यक्रम में जिला सह प्रभारी डॉ अंजेला कुजूर ने कहा कि आज हम ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां किसी भी विषय पर अपनी बात रखने की आजादी खत्म होती जा रही है। खासकर सरकार के खिलाफ ऐसे में यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम देशभर के युवाओं को ताकत प्रदान करेगा, जिससे वो खुलकर समाज के सामने अपनी बात को रख सकेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम युवाओं का सबसे बड़ा राजनीतिक मंच है, जहां विचारों को व्यक्त करने की आजादी है। कार्यक्रम में गुलाम जिलानी, इमरोज अंसारी, सोहैल अख्तर, तौसीफ आलम, फैयाज अंसारी, अरसद अंसारी, जय सिंह, सम्श तबरेज सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गांव की समृद्धि के लिए प्रधानमंत्री करेंगे समावेशी विकास का शुभारंभ : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय, (हि.स.)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गांव, गरीब और किसानों को पंचायती राज के माध्यम से समृद्धि के उद्देश्य से जागरूक करने के लिए समय देते हैं। इस वर्ष 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत गांव की समृद्धि के लिए समावेशी विकास का शुभारंभ करेंगे। गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री 24 अप्रैल को मध्य प्रदेश के रीवा से अमृत महोत्सव-समावेशी विकास के तहत नौ अभियानों का शुभारम्भ करने के साथ ही "आजादी का अमृत महोत्सव-समावेशी विकास" पर समर्पित वेबसाइट और मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ करेंगे। आजादी का अमृत महोत्सव-समावेशी विकास अभियान के तहत स्वामित्व-मेरी संपत्ति, मेरा हक विषय का लक्ष्य अगस्त 2023 तक स्वामित्व योजना के तहत डेढ़ करोड़ अधिकारों का रिकॉर्ड-संपत्ति कार्ड बनाना है। समावेशी विकास के तहत नौ अभियानों का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ आजादी का अमृत महोत्सव की थीम "विकास की ओर देखें कदम" में पांच मंत्रालयों को शामिल किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और पशुपालन और डेयरी मंत्रालय का उद्देश्य जन-केंद्रित योजनाओं की संतृप्ति में लोगों की भागीदारी का उत्सव मनाना है। समावेशी विकास के लिए नौ विषयों में समग्र आवास पीएमएवाई (ग्रामीण) के तहत अभिसरण, जिला स्तर पर वित्तीय साक्षरता, ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना, स्वस्थ महिला समृद्धि समाज, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ प्राकृतिक खेती, आकांक्षी जिलों में पशुधन जागृति अभियान, पात्र ग्रामीण महिलाओं का सामाजिक संघटन एसएचजी नेटवर्क तथा नदी के किनारे पौधारोपण अभियान को शामिल किया गया है। स्वामित्व- मेरी संपत्ति मेरा हक अभियान को भी प्रधानमंत्री द्वारा शुभारंभ किए जाने वाले समावेशी विकास थीम में शामिल किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में गांवों का सर्वेक्षण और सुधार प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण अभियान स्वामित्व का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों के मालिकों को अधिकारों के रिकॉर्ड-संपत्ति कार्ड प्रदान करना है। इसमें संपत्तियों के मुद्रीकरण को सुगम बनाना और बैंक ऋणों को सक्षम बनाना संपत्ति संबंधी विवादों को कम करना व्यापक ग्राम स्तरीय योजना शामिल हैं। यह पंचायतों के सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल को और बढ़ाएगा, वे आत्मनिर्भर बनेंगे। 31 मार्च 2023 तक दो लाख 39 हजार गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण का काम पूरा हो चुका है। राज्यों और सर्वे ऑफ इंडिया के बीच समन्वय के साथ करीब 74 हजार गांवों के लिए एक करोड़ 24 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड तैयार कर ली गई है। प्रधानमंत्री पंचायत स्तर पर सार्वजनिक खरीद के लिए एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का भी शुभारंभ करेंगे।

## संपादकीय

# बात आगे बढ़े

**आखिरकार** समलैंगिक शादी से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार से सुनवाई शुरू कर दी। याचिकाकर्ताओं की सुप्रीम कोर्ट से दरख्वास्त है कि चूंकि अब देश में दो वयस्क लोगों का स्वेच्छा से आपस में समलैंगिक संबंध बनाना और एक साथ रहना अपराध नहीं है, इसलिए वे एक कपल के रूप में रह तो सकते हैं, लेकिन चाहकर भी अपने रिश्ते को शादी का नाम नहीं दे सकते क्योंकि शादी से जुड़े मौजूदा कानून जेंडर न्यूट्रल नहीं हैं। इनके मुताबिक शादी पुरुष और महिला के बीच ही हो सकती है। साफ है कि न केवल एलजीबीटीक्यू समुदायों से जुड़े लोग बल्कि कई मानवाधिकार कार्यकर्ता भी इसे समानता के अधिकार से जुड़े मसले के रूप में देख और समझ रहे हैं। उनके मुताबिक सुप्रीम कोर्ट में दायर ये याचिकाएं कानून में निहित असमानता को दूर करने की एक कोशिश है, जिसे पॉजिटिव रूप में लेना चाहिए। मामला थोड़ा जटिल तब हो गया जब केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करते हुए कहा कि शादियों से जुड़े इस मसले पर कानून बनाने का अधिकार सिर्फ संसद को है। इसलिए कोर्ट को इस मामले की सुनवाई ही नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। केंद्र की दलील थी कि शादियों का यह विषय समवर्ती सूची में आता है। इसके अलावा विभिन्न धर्मों के पर्सनल लॉ भी इससे जुड़े हैं। जाहिर है, इसमें स्टेकहोल्डर्स का दायरा काफी व्यापक है। इसलिए कोर्ट को इसमें नहीं पड़ना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए केंद्र की इस दलील को आंशिक रूप से स्वीकार किया कि इसका दायरा काफी बड़ा है। उसने यह भी साफ कर दिया कि उसे अपनी सीमाओं का पूरा अहसास है। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने पर्सनल लॉ से जुड़े पहलुओं को इस सुनवाई से अलग कर दिया। जाहिर है, अब मामला स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों को जेंडर न्यूट्रल करने की बहस तक सीमित हो गया है। हालांकि इसके बाद केंद्र सरकार ने कोर्ट में एक और आवेदन दाखिल कर कहा कि उसने समलैंगिक शादी के मुद्दे पर तमाम राज्यों और केंद्र शासित इकाइयों से बातचीत और विचार-विमर्श की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसलिए इस केस में राज्यों को भी पार्टी बनाया जाए और केंद्र को यह मौका दिया जाए कि वह विचार-विमर्श की इस प्रक्रिया को पूरा कर सके। देखना होगा कि यह केस आगे क्या रूप लेता है और सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता दिलाने की ओर बढ़ता है या नहीं। लेकिन आधुनिक मूल्यों वाले एक खुले समाज के रूप में यह हमारी जरूरत है कि समाज के सभी वर्गों को समानता और गरिमा से युक्त जीवन सुनिश्चित करने का संकल्प कमजोर न होने दिया जाए।



कोर्ट को इस मामले की सुनवाई ही नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। केंद्र की दलील थी कि शादियों का यह विषय समवर्ती सूची में आता है। इसके अलावा विभिन्न धर्मों के पर्सनल लॉ भी इससे जुड़े हैं। जाहिर है, इसमें स्टेकहोल्डर्स का दायरा काफी व्यापक है। इसलिए कोर्ट को इसमें नहीं पड़ना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए केंद्र की इस दलील को आंशिक रूप से स्वीकार किया कि इसका दायरा काफी बड़ा है। उसने यह भी साफ कर दिया कि उसे अपनी सीमाओं का पूरा अहसास है। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने पर्सनल लॉ से जुड़े पहलुओं को इस सुनवाई से अलग कर दिया। जाहिर है, अब मामला स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों को जेंडर न्यूट्रल करने की बहस तक सीमित हो गया है। हालांकि इसके बाद केंद्र सरकार ने कोर्ट में एक और आवेदन दाखिल कर कहा कि उसने समलैंगिक शादी के मुद्दे पर तमाम राज्यों और केंद्र शासित इकाइयों से बातचीत और विचार-विमर्श की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसलिए इस केस में राज्यों को भी पार्टी बनाया जाए और केंद्र को यह मौका दिया जाए कि वह विचार-विमर्श की इस प्रक्रिया

## अमृत कलश

# बाधा कुछ भी नहीं

**मैं** मैं देखता हूं तुम्हारे भीतर, कोई बड़ा पहाड़ तुम्हारे और सत्य के बीच नहीं खड़ा है। धुएं; की पतली लकीर है। चाहो तो क्षणभर में मिट जाए, न चाहो तो जन्मों-जन्मों तक चले। तुम्हारे और तुम्हारे स्वरूप के बीच में विचार की पतली सी दीवार अतिरिक्त और कुछ भी नहीं। और विचार तो पानी के बुलबुले हैं। उनके होने न होने में कितना फर्क है! लेकिन उतनी सी दीवार ने–धुएं की लकीर जैसी है, पानी के बबूले जैसी है–तुम्हें खूब भटकाया है। और अगर तुम्हारी भटकन का हिसाब लगाओ तो ऐसा ही लगेगा, कि कोई हिमालय बीच में खड़ा है। आंख में छोटा सा रेत का कण है। लेकिन आंख बंद हो गई, तो अस्तित्व दिखाई पड़ना बंद हो जाता है। कोई आंख में पहाड़ गिरने की जरूरत नहीं है। जरा सी रेत की किरकिरी–और आंख बंद हो जाती है। तुम्हारी भीतर की आंख पर भी रेत की किरकिरी से ज्यादा नहीं है। सिर्फ भरोसा चाहिए उठने का। सिर्फ साहस चाहिए जागने का। तुम्हारे संकल्प से ही टूट जाएगी धुएं की यह रेखा। शायद कुछ और करना जरूरी नहीं है। इतना खयाल में आ जाए, कि बाधा बड़ी छोटी है, तुम बहुत बड़े हो। इतना भरोसा ही पैदा हो जाए, तो बाधा टूट जाती है।

## बोध कथा

# सूक्ष्म ज्ञान

**एक** गरीब युवक, अपनी गरीबी से परेशान होकर, अपना जीवन समाप्त करने नदी पर गया, वहां एक साधु ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। साधु ने युवक की परेशानी को सुन कर कहा, "मेरे पास एक विद्या है, जिससे ऐसा जादुई घड़ा बन जायेगा जो भी इस घड़े से मांगोगे, ये जादुई घड़ा पूरा कर देगा, पर जिस दिन ये घड़ा फूट गया, उसी समय, जो कुछ भी इस घड़े ने दिया है, वह सब गायब हो जायेगा। अगर तुम मेरी 2 साल तक सेवा करो, तो ये घड़ा, मैं तुम्हें दे सकता हूँ और, अगर 5 साल तक तुम मेरी सेवा करो, तो मैं, ये घड़ा बनाने की विद्या तुम्हें सिखा दूंगा।

**बोलो तुम क्या चाहते हो?**

युवक ने कहा, 'महाराज मैं तो 2 साल ही आप की सेवा करना चाहूँगा, मुझे तो जल्द से जल्द, बस ये घड़ा ही चाहिए, मैं इसे बहुत संभाल कर रखूँगा, कभी फूटने ही नहीं दूंगा।' इस तरह 2 साल सेवा करने के बाद, युवक ने वो जादुई घड़ा प्राप्त कर लिया, और अपने घर पहुँच गया। उसने घड़े से अपनी हर इच्छा पूरी करवानी शुरू कर दी, महल बनवाया, नौकर चाकर मांगे, सभी को अपनी शान शौकत दिखाने लगा, सभी को बुला-बुला कर दावतें देने लगा और बहुत ही विलासिता का जीवन जीने लगा, उसने शराब भी पीनी शुरू कर दी और एक दिन नशे में, घड़ा सर पर रख कर नाचने लगा और ठोकर लगने से घड़ा गिर गया और फूट गया। घड़ा फूटते ही सभी कुछ गायब हो गया। अब युवक सोचने लगा कि काश मैंने जल्दबाजी न की होती और घड़ा बनाने की विद्या सीख ली होती, तो आज मैं, फिर से कंगाल न होता।

**ईश्वर हमें दो रास्ते हमेशा देता है एक लम्बा दूसरा छोटा। यह हमें तय करना है कि हम किस रास्ते पर चलें।**

## भाजपा को नुकसान होना तय माना जा रहा है वही कांग्रेस को भी चुनाव में फायदा मिलेगा

# कई नेताओं के दल बदल के बाद कर्नाटक में रोचक हो गया है सत्ता का संग्राम

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भाजपा ने सत्ता विरोधी माहौल को समाप्त करने के लिए 52 मौजूदा विधायकों के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया है। भाजपा ने पार्टी के संस्थापकों में से एक रहे पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार व पूर्व उपमुख्यमंत्री रहे लक्ष्मण सावदी का भी टिकट काट दिया है। भाजपा के बड़े नेता रहे के. अंगारा, आर शंकर और एमपी कुमार स्वामी ने भी टिकट नहीं मिलने पर इस्तीफा दे दिया है। जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी ने भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस के निशान पर चुनाव मैदान में उतर गये हैं। जगदीश शेट्टार 6 बार विधायक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री सहित कई बार मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन पर कभी किसी तरह के आरोप नहीं लगे हैं।

**कर्नाटक** में आगामी दस मई को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सभी राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। अगले साल लोकसभा के चुनाव होने हैं। उससे पूर्व कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणाम देश की राजनीति में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगें। भाजपा ने सत्ता विरोधी माहौल को समाप्त करने के लिए 52 मौजूदा विधायकों के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया है। भाजपा ने पार्टी के संस्थापकों में से एक रहे पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार व पूर्व उपमुख्यमंत्री रहे लक्ष्मण सावदी का भी टिकट काट दिया है। भाजपा के बड़े नेता रहे के. अंगारा, आर शंकर और एमपी कुमार स्वामी ने भी टिकट नहीं मिलने पर इस्तीफा दे दिया है। जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी ने भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस के निशान पर चुनाव मैदान में उतर गये हैं। जगदीश शेट्टार 6 बार विधायक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री सहित कई बार मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन पर कभी किसी तरह के आरोप नहीं लगे हैं। इसलिए उनकी छवि साफ मानी जाती है। बीएस येदियुरप्पा के बाद वह लिंगायत समुदाय के दूसरे सबसे बड़े नेता माने जाते हैं। शेट्टार के भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होने से जहां भाजपा को नुकसान होना तय माना जा रहा है वही कांग्रेस को भी चुनाव में फायदा मिलेगा। इसीलिए कांग्रेस ने जगदीश शेट्टार व लक्ष्मण सावदी को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतार दिया है। भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा व ईश्वरप्पा के इस बार चुनावी मैदान में नहीं होने से पार्टी के पास बड़े चेहरे का भी अभाव है। कांग्रेस चाहती है कि किसी भी तरह से भाजपा को हरा कर प्रदेश में अपनी सरकार बनाई जाए ताकि पार्टी के गिरते जनाधार को रोका जा सके। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे कर्नाटक में कांग्रेस के बड़े नेता रहे हैं। उनकी सदा से ही मुख्यमंत्री बनने की चाहत रही है जो इस बार सरकार बनने पर पूरी हो सकती है। वैसे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे के सामने अपने गृह प्रदेश में सरकार बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। इसीलिए कांग्रेस पार्टी चुनाव जीतने के लिए सभी तरह के प्रयास कर रही है। कर्नाटक में जनता दल सेक्युलर मैसूरू इलाके में अपना मजबूत जनाधार रखती है। प्रदेश की 100 सीटों पर जनता दल सेक्युलर चुनावी




मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की ताकत रखती है। जनता दल सेक्युलर ने किसी भी राजनीतिक दल से चुनावी समझौता नहीं किया है। उनका मानना है कि चुनाव में पिछले बार की तरह किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा। ऐसे में वह अपने जीते हुए विधायकों के बल पर सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक करोड़ 33 लाख 28 हजार 524 वोट यानी 36.35 प्रतिशत मतों के साथ 104 सीटें मिली थी। वहीं कांग्रेस को एक करोड़ 39 लाख 86 हजार 526 वोट यानी 38.14 प्रतिशत वोटों के साथ 80 सीटों पर जीत मिली थी। जनता दल सेक्युलर को 67 लाख 26 हजार 667 वोट यानी 18.30 प्रतिशत वोटों के साथ 37 सीटों पर जीत मिली थी। पिछले चुनाव में कांग्रेस 6 लाख 58 हजार दो वोट यानी 1.70 प्रतिशत अधिक मत लेकर भी भाजपा से 24 सीटों से पिछड़ गई थी। इसका मुख्य कारण था जनता दल सेकुलर का कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाना। पिछले चुनाव में कांग्रेस के पास कर्नाटक के सबसे प्रभावशाली लिंगायत समुदाय का कोई बड़ा नेता भी नहीं था। लेकिन इस बार जगदीश शेट्टार के आने से कांग्रेस को लिंगायत समुदाय के वोट बैंक में सेंध लगाने का एक बड़ा हथियार मिल गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के पास पर्याप्त बहुमत नहीं था। ऐसे में कांग्रेस और जनता दल सेक्युलर ने मिलकर जनता दल सेक्युलर के नेता एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में सरकार का गठन कर लिया था।। मगर 14 महीने बाद ही भाजपा ने कांग्रेस व जनता दल सेक्युलर के विधायकों से इस्तीफे दिलवा कर जोड़-तोड़ से अपनी सरकार बना ली थी। उस समय बीएस येदियुरप्पा भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री बने थे। मगर येदियुरप्पा की मनमानी व उनके शासनकाल में भ्रष्टाचार को लेकर लगे आरोपों के चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा और जुलाई 2021 में बसवराज बोम्मई को भाजपा ने नया मुख्यमंत्री बनाया था। हालांकि बोम्मई मुख्यमंत्री बन गए मगर सरकार पर पूरा प्रभाव पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा का ही रहा। 2019 में जोड़-तोड़ कर सरकार बनाने के बाद से ही कर्नाटक भाजपा में लगातार उथल पुथल होती रही है। चुनाव से पहले कई बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने से भाजपा मुश्किलों में घिरी नजर आ रही है। वहीं भाजपा सरकार पर 40 प्रतिशत तक की कमीशन खोरी के आरोप लगाकर कांग्रेस उन्हें लगातार कटघरे में खड़ा करती रही है। पिछले दिनों बेंगलुरु में लोकायुक्त पुलिस ने बीजेपी विधायक मदाल विरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कुमार को एक ठेकेदार से 40 लाख रुपयों की घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। उसके बाद प्रशांत कुमार के घर से छः करोड़ रूपये भी बरामद किए गए थे। प्रशांत कुमार बेंगलुरु वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड में चीफ अकाउंटस ऑफीसर थे। उन्हें कर्नाटक सोप एंड डिटर्जेंट लिमिटेड के आफिस से रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। उनके पिता व भाजपा विधायक मदाल विरुपक्षप्पा कर्नाटक सोप एंड डिटर्जेंट लिमिटेड के चेयरमैन थे। प्रशांत कुमार पर लोकायुक्त पुलिस ने आरोप लगाया था कि वह अपने पिता के स्थान पर रिश्वत की पहली किस्त प्राप्त कर रहे थे। पिछले साल तुमकुर जिले के एक ठेकेदार ने तब के मंत्री ईश्वरप्पा पर रिश्वत लेने का आरोप लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके चलते ईश्वरप्पा को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना पड़ा था। हालांकि बाद में जांच कर ईश्वरप्पा को बरी कर दिया गया था। इसी के चलते इस बार ईश्वरप्पा को टिकट से वंचित रखा गया है। कर्नाटक में पौने चार साल के कार्यकाल में भाजपा सरकार लगातार आरोपों से घिरी रही है। जिस कारण आम जनता में भाजपा के प्रति सत्ता विरोधी माहौल व्याप्त हो रहा है। उसी के चलते काफी विधायकों के टिकट भी काटे गए हैं। हालांकि भाजपा गुजरात की तर्ज पर अधिकांश विधायकों के टिकट काटना चाहती थी। मगर बीएस येदियुरप्पा के विरोध के चलते ऐसा नहीं कर पाई। कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में इस बार जहां भाजपा सत्ता विरोधी लहर के चलते बचाव की मुद्रा में है। वहीं कांग्रेस सहित जनता दल सेक्युलर व अन्य विपक्षी दल पूरी तरह सरकार पर हमलावर हो रहे हैं।

# अध्यात्म का उदार चिंतन

भारत में समय-समय पर संतों ने समरसता का ही संदेश दिया। अपने को एक मात्र श्रेष्ठ मानने का विचार भारतीय चिंतन में कभी नहीं रहा। वैदिककाल में कर्म आधारित व्यवस्था थी। ऐसे भी उदाहरण है जब ऋषि ने अपने पुत्र को ही ब्राह्मण नहीं माना था। स्वामी दयानन्द, स्वामी विवेकानंद और आचार्य श्रीराम शर्मा ने वैदिक आधार पर आडम्बर दूर करने के प्रयास किए। इन्होंने गायत्री मंत्र साधना का सबको अधिकार दिया। यह वैदिक अवधारणा है। यह हिन्दू दर्शन की विशेषता है। हमारे ऋषि कहते हैं मेरा चिंतन जहां तक गया, उसे प्रकट किया। लेकिन यह अंत नहीं है। प्रश्न और जिज्ञासा हिन्दू चिंतन की विशेषता है। समय समय पर संतो महापुरुषों ने समाज को जागरूक किया। ऐसे सभी लोगों का सम्मान करिए। उनसे सहमति असहमति हो सकती है। लेकिन इन सभी लोगों ने अपने-अपने ढंग से सामाजिक समरसता का ही संदेश दिया। परिस्थितियों और आस्था के अनुरूप जितना सम्भव हो, उतने का पालन करिए। माता-पिता के जीवनकाल में उनकी सेवा करिए। समाज और राष्ट्र के हितों के प्रतिकूल आचरण नहीं होना चाहिए।

**परम** सत्ता तक पहुंचने के विविध मार्ग बताए गए हैं। यह उदार चिंतन केवल भारत में हुआ। हिन्दुओं के सभी पंथ और उपासना पद्धति के प्रति सम्मान रखिए। इनका सांस्कृतिक सूत्र एक है। भारत में समय-समय पर संतों ने समरसता का ही संदेश दिया। अपने को एक मात्र श्रेष्ठ मानने का विचार भारतीय चिंतन में कभी नहीं रहा। वैदिककाल में कर्म आधारित व्यवस्था थी। ऐसे भी उदाहरण है जब ऋषि ने अपने पुत्र को ही ब्राह्मण नहीं माना था। स्वामी दयानन्द, स्वामी विवेकानंद और आचार्य श्रीराम शर्मा ने वैदिक आधार पर आडम्बर दूर करने के प्रयास किए। इन्होंने गायत्री मंत्र साधना का सबको अधिकार दिया। यह वैदिक अवधारणा है। यह हिन्दू दर्शन की विशेषता है। हमारे ऋषि कहते हैं मेरा चिंतन जहां तक गया, उसे प्रकट किया। लेकिन यह अंत नहीं है। प्रश्न और जिज्ञासा हिन्दू चिंतन की विशेषता है। समय समय पर संतो महापुरुषों ने समाज को जागरूक किया। ऐसे सभी लोगों का सम्मान करिए। उनसे सहमति असहमति हो सकती है। लेकिन इन सभी लोगों ने अपने-अपने ढंग से सामाजिक समरसता का ही संदेश दिया। परिस्थितियों और आस्था के अनुरूप जितना सम्भव हो, उतने का पालन करिए। माता-पिता के जीवनकाल में उनकी सेवा करिए। समाज और राष्ट्र के हितों के प्रतिकूल आचरण नहीं होना चाहिए। सामाजिक समरसता का भाव रहना चाहिए। उपासना पद्धति में अंतर होने से भी इस विचार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। भारत में तो प्राचीन काल से सभी मत पंथ व उपासना पद्धति को सम्मान दिया गया। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः ही भारत की विचार दृष्टि है। निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक समरसता भारत की विशेषता रही है। बंधुत्व शब्द हिंदुत्व की भावना के अनुरूप है। इस दर्शन में किसी सम्प्रदाय से अलगाव को मान्यता नहीं दी गई। विविधता के बाद भी समाज एक है। भाषा, जाति, धर्म, खानपान में विविधता है। उनका उत्सव मनाने की आवश्यकता है। कुछ लोग विविधता की आड़ में समाज और देश को बांटने की कोशिश में जुटे रहते हैं। लेकिन भारतीय चिंतन विविधता में भी एकत्व सन्देश देता है। हमारी संस्कृति का आचरण सद्भाव पर आधारित है। यह हिंदुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत में रहने वाले ईसाई और मुस्लिम परिवारों के भीतर भी यह भाव साफ देखा जा सकता है। क्रोध और अविवेक के कारण इसका लाभ लेने वाली अतिवादी ताकतों से सावधान रहना है। सेवा समरसता आज की आवश्यकता है। इस पर अमल होना चाहिए। इसी से श्रेष्ठ भारत की राह निर्मित होगी। वर्तमान परिस्थिति में आत्म संयम और नियमों के पालन का भी महत्व है। समाज में सहयोग सद्भाव और समरसता का माहौल बनाना आवश्यक है। भारत ने दूसरे देशों की सहायता करता रहा है, क्योंकि यहीं हमारा विचार है। समस्त समाज की सर्वांगीण उन्नति ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। जब हिंदुत्व की बात आती है तो किसी अन्य पंथ के प्रति नफरत, कट्टरता या आतंक का विचार स्वतः समाप्त हो जाता है। तब वसुधैव कुटुंबकम व सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव ही जागृत होता है। भारत जब विश्व गुरु था, तब भी उसने किसी अन्य देश पर अपने विचार थोपने के प्रयास नहीं किए। भारत शक्तिशाली था, तब भी तलवार के बल पर किसी को अपना मत त्यागने को विवश नहीं किया। दुनिया की अन्य सभ्यताओं से तुलना करें तो भारत बिल्कुल अलग दिखाई देता है, जिसने सभी पंथों को सम्मान दिया। सभी के बीच बंधुत्व का विचार दिया। ऐसे में भारत को शक्ति संम्पन्न बनाने की बात होती है तो उसमें विश्व के कल्याण का विचार ही समाहित होता है। भारत की प्रकृति मूलतः एकात्म है और समग्र है। अर्थात भारत संपूर्ण विश्व में अस्तित्व की एकता को मानता है। इसलिए हम टुकड़ों में विचार नहीं करते। हम सभी का एक साथ विचार करते हैं। समाज का आचरण शुद्ध होना चाहिए। इसके लिए जो व्यवस्था है उसमें ही धर्म की भी व्यवस्था है। धर्म में सत्य, अहिंसा, अस्तेय ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, शौच, स्वाध्याय, संतोष और तप को महत्व दिया गया। समरसता सद्भाव से देश का कल्याण होगा। हमारे संविधान के आधारभूत तत्व भी यही हैं। संविधान में उल्लेखित प्रस्तावना, नागरिक कर्तव्य, नागरिक अधिकार और नीति निर्देशक तत्व यही बताते हैं। जब भारत एवं भारत की संस्कृति के प्रति भक्ति जागती है व भारत के पूर्वजों की परंपरा के प्रति गौरव जागता है, तब सभी भेद तिरोहित हो जाते हैं। भारत ही एकमात्र देश है, जहां पर सबके सब लोग बहुत समय से एक साथ रहते आए हैं। सबसे अधिक सुखी मुसलमान भारत देश के ही हैं। दुनिया में ऐसा कोई देश है, जहां उस देश के वासियों की सत्ता में दूसरा संप्रदाय रहा हो। हमारे यहां मुसलमान व ईसाई हैं। उन्हें तो यहां सारे अधिकार मिले हुए हैं। दुनिया की तमाम जातियां अपने मूल में ही समाप्त होती गई हैं, जबकि भारत में फल-फूल रही हैं। पूरी दुनिया को भारत ने ही वसुधैव कुटुंबकम का भाव दिया है।



## नागरिक बोध

# कृषि रोबोटः किसानों का किफायती दोस्त

**भारत** में कृषि उद्योग में पिछले कुछ दशकों में भारी बदलाव आया है। पारंपरिक खेती के तरीकों से लेकर स्मार्ट खेती तक, हमने एक लंबा सफर तय किया है। प्रौद्योगिकी ने अंततः ग्रामीण कृषि की चुनौतियों पर काबू पा लिया है और उत्पादकता बढ़ाने के लिए लगातार उन्नत समाधान लेकर आ रही है। अंतिम उद्देश्य किसानों को बढ़ती आबादी को खिलाने के लिए उच्च उपज वाली फसलों का उत्पादन करने में मदद करना है। इस सतत विकास को प्राप्त करने के लिए, कृत्रिम बुद्धि के साथ संयुक्त तकनीकी विकास ने ड्रोन, नमी सेंसर इत्यादि के आकार में नए-नए गैजेट पेश करने में मदद की है। ऐसा ही एक उदाहरण कृषि रोबोट है। रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी की वह शाखा है जो रोबोट के डिजाइन, निर्माण, संचालन, संरचनात्मक निक्षेपण, निर्माण और अनुप्रयोग से संबंधित है। आज रोबोटिक्स तेजी से बढ़ता क्षेत्र है और यह विभिन्न व्यावहारिक उद्देश्यों की पूर्ति करने वाले नए रोबोटों के अनुसंधान, डिजाइन और निर्माण में जारी है। भारत में कृषि उत्पादकता और स्थिरता बढ़ाने में रोबोटिक्स फसल और मिट्टी के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए कंपनियां सेंसर और विभिन्न तकनीकों का लाभ उठा रही हैं। विभिन्न एआई और मशीन लर्निंग टूल्स का उपयोग बीज बोने के समय की भविष्यवाणी करने, कीट हमलों से जोखिमों पर अलर्ट प्राप्त करने आदि के लिए किया जा रहा है। कंपनियां एक कुशल और स्मार्ट आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए कई स्रोतों से आने वाले डेटा-स्ट्रीम पर रीयल-टाइम डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर रही हैं। कृषि रोबोट कंपनियां आवश्यक कृषि कार्यों को संभालने के लिए स्वायत्त रोबोट विकसित और प्रोग्रामिंग कर रही हैं, जैसे मानव मजदूरों की तुलना में अधिक मात्रा में और तेज गति से फसल की कटाई। कृषि रोबोट के कुछ उदाहरण है जैसे ग्रीन सीकर सेंसर स्मार्ट मशीन एक पौधे की ज़रूरतों को पढ़ती है और फिर आवश्यक शाकनाशियों के उर्वरक की मात्रा को सटीक रूप से लागू करती है। ग्रीन सीकर एक ऐसी मशीन है जो सेंसर का उपयोग करके पौधे को बताती है कि उसे क्या चाहिए। रोबोट ड्रोन ट्रैक्टर रोबोट ड्रोन की एक नई पीढ़ी हमारे खेती करने के तरीके में क्रांति ला रही है, विभिन्न रोबोट के निर्माण के साथ, पहली बार रोबोट ड्रोन ट्रैक्टर की घोषणा कृषि मुख्यधारा का हिस्सा बन गई है। रोबोट यह तय करेगा कि कहां बोना है, कब फसल काटनी है और खेत को पार करने के लिए सबसे अच्छा मार्ग कैसे चुनना है। उर्वरक फैलाने के लिए उड़ने वाले रोबोट इली खेतों के ऊपर फसलों की बढ़ती स्थिति की निगरानी करता है, एक स्वचालित उर्वरक प्रणाली के साथ, रोबोट स्वायत्त रूप से उड़ सकता है। फल चुनने वाले रोबोट अनुसंधान अभी भी पूरी तरह से प्रगति पर है, विशेष रूप से रोबोट को सावधानीपूर्वक डिजाइन करने की आवश्यकता है ताकि वे फलों को तोड़ते समय चोट न करें। एक समाधान सक्शन ग्रिपर्स का उपयोग है, जिसका उपयोग स्वचालित फल चुनने वाली मशीनों पर किया जाता है।

## देश दुनीया से

# उत्तर प्रदेश में अतीक की हत्या पर उठते सवाल?

**माफिया** अतीक अहमद और उसके भाई असरफ के आतंक का अंत इस तरीके से होगा इसकी उत्तर प्रदेश पुलिस और खुद अतीक और उसके परिवार को इसकी कल्पना नहीं रहीं होगी। लेकिन यह सच था कि पुलिस की कार्रवाई को लेकर वह सहमा था। उसके भीतर कहीं न कहीं यह भय था कि उसकी भी हत्या कि जा सकती है। झाँसी में बेटे असद के एनकाउंटर के बाद उसका डर और गहरा हो गया था। इस घटना के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस और राज्य की कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में है। सवाल उठता है कि इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में अतीक और असरफ की हत्या कैसे हुई। विपक्ष का सवाल उठाना लाज़मी है कि फिर कानून व्यवस्था का क्या मतलब है? क्योंकि अतीक माफिया भले था लेकिन उसी प्रयागराज से पांच बार विधायक और एक बार सांसद रह चुका था। जिस तरह पुलिस अभिरक्षा में घूस कर तीन युवकों ने गोली मार कर हत्या कि वह अपने आप में बड़ा सवाल है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती, अखिलेश यादव और ओवैसी ने इस हत्या की तीखी आलोचना की है। उधर सपा के महासचिव रामगोल यादव ने अतीक के बाकि बचे बेटों के हत्या की भी आशंका जतायी है। उन्होंने इसे सुनियोजित हत्या बताया है। योगी सरकार ने इस घटना की रिपोर्ट केंद्रीय गृहमंत्रालय को भी भेजा है। पुलिस अभिरक्षा में अतीक और असरफ की हत्या की घटना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से लिया है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़े न इसके लिए राज्य पुलिस को कड़े निर्देश दिए गए हैं। प्रयागराज में जहाँ इंटरनेट बंद कर दिया गया है। वहीं पूरे प्रदेश में धारा 144 लागू कर दी गयीं है। घटना के सम्बन्ध में 17 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। राज्य पुलिस मुख्यालय से पांच आईपीस अफसरों को कानून-व्यवस्था निगरानी और समीक्षा के लिए भेजा गया है। अब अतीक की हत्या को मजहबी रंग भी दिया जाने लगा है। लेकिन कानून-व्यवस्था पर तो सवाल तो उठेगा ही। निश्चित रुप से अतीक और उसके गुर्गो को उसके गुनाहों की सजा मिलनी चाहिए थी। इसके लिए संवैधानिक गतिविधियां अपनायी गयीं थीं। प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उमेशपाल हत्याकाण्ड में अतीक के खिलाफ सजा भी सुनायी थी। साबरती से उसे दूसरी बार पुलिस रिमांड पर प्रयागराज ले आया गया था। माफिया डॉन अबू सलेम और पाकिस्तान कनेक्शन पर भी धूमनगंज थाने में पूछताछ हो रहीं थी। लेकिन जिस तरह अतीक की हत्या को अंजाम दिया गया वह किसी बड़ी साजिश की तरफ इशारा करती है। प्रयाराज में मेडिकल परिक्षण के दौरान अतीक और उसके भाई की हत्या को लेकर उसकी अभिरक्षा में लगी पुलिस भी सवालों को घेरे में हैं। सवाल उठता है कि रात में जिस समय अतीक पर हमलावर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा रहे थे उस दौरान पुलिस क्या कर रहीं थी। पुलिस ने काउंटर फायरिंग क्यों नहीं किया। अतीक कोई मामूली कैदी नहीं था वह पांच बार का विधायक और सांसद रह चुका था। वह बेहद हाईप्रोफ़ाइल व्यक्ति था उसकी हत्या कोई सामान्य बात नहीं है। जब आरोपित गोलियां बरसा रहे थे तो पुलिस को उन पर कवर फायरिंग करना था। लेकिन पुलिस ने ऐसा क्यों नहीं किया। इस मीडिया रिपोर्ट में अतीक का जो वीडियो आया है उसमें साफ दिख रहा है कि उसे एकदम सटाकर गोली मारी गयीं। आरोपित ताबड़तोड़ गोली मारते रहे और पुलिस मौन ही। इस घटना में एक पुलिस वाले और पत्रकार के घायल होने की खबर है।

विपक्ष का सवाल उठाना लाज़मी है कि फिर कानून व्यवस्था का क्या मतलब है? क्योंकि अतीक माफिया भले था लेकिन उसी प्रयागराज से पांच बार विधायक और एक बार सांसद रह चुका था। जिस तरह पुलिस अभिरक्षा में घूस कर तीन युवकों ने गोली मार कर हत्या कि वह अपने आप में बड़ा सवाल है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती, अखिलेश यादव और ओवैसी ने इस हत्या की तीखी आलोचना की है। उधर सपा के महासचिव रामगोल यादव ने अतीक के बाकि बचे बेटों के हत्या की भी आशंका जतायी है। उन्होंने इसे सुनियोजित हत्या बताया है। योगी सरकार ने इस घटना की रिपोर्ट केंद्रीय गृहमंत्रालय को भी भेजा है। पुलिस अभिरक्षा में अतीक और असरफ की हत्या की घटना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से लिया है।

# नेपाल पीएम बोले- भारत जाने से पहले होमवर्क जरूरी : चीनी समर्थक प्रचंड प्रधानमंत्री बनने के बाद पहला विदेश दौरा करेंगे, मई में होगी विजिट



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड भारत आने वाले हैं। दिसंबर में प्रधानमंत्री बनने के बाद ये उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। इस विजिट से पहले उन्होंने कहा, मैं भारत दौरे के लिए तैयारी पूरी कर रहा हूं। ये दौरा जल्द ही होने वाला है। उन्होंने ये भी कहा कि भारत जाने से पहले उन्हें सही तरीके से होम वर्क करने की जरूरत है। इस काम के लिए विदेश मंत्रालय ने ग्राउंड वर्क शुरू कर दिया है। चीनी समर्थक माने जाने वाले प्रचंड की भारत यात्रा कई बार टल चुकी है। पहले जानकारी दी गई थी कि वो 20 अप्रैल तक भारत का दौरा करेंगे। फिर बताया गया कि वो 28 अप्रैल को भारत आएंगे। जबकि अब जानकारी दी गई है कि उनकी भारत यात्रा मई में होगी। साल 2008 से 2009 तक प्रचंड पहली बार नेपाल के प्रधानमंत्री बने थे। उन्हें पहली बार सत्ता मिलने के पीछे भारत का अहम योगदान था। बावजूद इसके उन्होंने भारत को पसंद नहीं आने वाली चीजें की जैसे- पीएम पद संभालने के बाद वो भारत की जगह चीन के दौरे पर पहुंच गए। दरअसल, नेपाल में जब भी कोई प्रधानमंत्री बनता था तो पहला आधिकारिक दौरा हमेशा भारत का करता था। लेकिन प्रचंड ने यह परंपरा बदल दी।

इस बार पीएम बनने के बाद भारत आकर वो परंपरा को निभाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। दिसंबर में उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत और चीन दोनों देशों ने बधाई दी थी।

**पिछले साल जुलाई में भारत आए थे प्रचंड** - पिछले साल जुलाई में चुनाव से पहले पुष्प कमल दहल भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के न्योते पर भारत आए थे। इस दौरान उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर और नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजीत डोभाल से मुलाकात की थी। इसके बाद दिसंबर में हुए चुनाव के बाद वो तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री बने थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक मई में हो रहे भारत दौरे में वो खेती, व्यापार और एयर सर्विस से जुड़े द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

**भारत और नेपाल को एक-दूसरे की जरूरत क्यों है** - सदियों से नेपाल के साथ भारत का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व आर्थिक संबंध रहा है। ऐसे में भारत और नेपाल को एक-दूसरे की जरूरत की कई वजहें हैं। जैसे- भारत के साथ नेपाल 1751 किमी बॉर्डर शेयर करता है। भारत के कुल पांच राज्य - उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्किम नेपाल सीमा से लगे हुए हैं। नेपाल के कुल 75 जिलों में से 23 जिले भारत की सीमा से लगते हैं। बिहार के साथ नेपाल के 12 जिले, के साथ 8, पश्चिम बंगाल के साथ 2 (जिसमें एक बिहार के साथ भी शामिल), उत्तराखंड के साथ चार ( दो पश्चिम बंगाल , एक सिक्किम व एक के साथ भी) लगते हैं। ऐसे में सीमा सुरक्षा के ख्याल से नेपाल से दोस्ती भारत की जरूरत है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ब्रिटेन में करोड़ों मोबाइल फोन में चेक किया जाएगा इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम, शुरू हुआ विरोध

**लंदन ।** ब्रिटेन में करोड़ों मोबाइल फोन्स में इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम चेक किया जाएगा। इस दौरान सारे



फोन्स एक साथ तेज आवाज में अलार्म बजाएंगे और वाइब्रेट होंगे। बता दें कि ऐसा ही इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम, जापान, कनाडा, नीदरलैंड्स और अमेरिका में भी है। इस इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम का उद्देश्य है कि अगर कोई खतरा पैदा होता है तो लोगों को इस अलार्म के जरिए अलर्ट कर दिया जाए, जिससे वह खुद को सुरक्षित कर सकें। इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम के टेस्ट के लिए लोगों के पास जो मैसेज भेजा गया है, उसमें बताया गया है कि, यह एक इमरजेंसी अलर्ट टेस्ट है। ब्रिटेन सरकार की इस नई सेवा के जरिए लोगों को जानमाल का नुकसान करने वाली आपदा या आपातकालीन स्थिति के बारे में जानकारी देगी। बाढ़, आगजनी आदि समस्याओं के समय इस अलर्ट सिस्टम से काफी मदद मिलेगी। ब्रिटेन सरकार के इस टेस्ट के दौरान फोन के साइलेंट रहने पर भी अलार्म बजेगा। इस दौरान ब्रिटेन में चल रहे खेल आयोजन भी कुछ समय के लिए बाधित होंगे। वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप को भी अलर्ट के दौरान कुछ समय के लिए रोक दिया जाएगा। वहीं जो लोग नहीं चाहते कि उनके फोन पर इमरजेंसी अलार्म ना बजे तो उन्हें अपने फोन को स्विच ऑफ करने की सलाह दी गई है। वहीं इस इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम का विरोध भी शुरू हो गया है। कंजर्वेटिव पार्टी के कई नेताओं ने सरकार के इस कदम पर सवाल उठाए हैं और लोगों से अपील की है कि वह सरकार के निर्देश का उल्लंघन करने के लिए अपने फोन स्विच ऑफ कर लें। कुछ लोग इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम को नैनी स्टेट बता रहे हैं, जहां सरकार आम लोगों की हद से ज्यादा चिंता करती है।

### नॉर्थ कोरिया की मिसाइल को शूट कर सकता है जापानः सेना को अलर्ट पर रहने के आदेश, अमेरिकी पैट्रियट मिसाइल सिस्टम तैनात होगा



**प्योंगयांग।** नॉर्थ कोरिया इस हफ्ते अपना पहला जासूसी सैटेलाइट लॉन्च करने वाला है। इससे पहले जापान ने अपनी सेना को किसी भी तरह की मिसाइल उनकी जमीन पर गिरने से पहले तबाह करने की तैयारी के आदेश दिए हैं। ये नॉर्थ कोरिया का कोई मिसाइल, रॉकेट या सैटेलाइट हो सकता है। जापान के मंत्री यासुकाजू हमाडा ने सेल्फ डिफेंस फोर्सेस को कहा है कि उन्हें बैलिस्टिक मिसाइल को मार गिराने के आदेश मिल सकते हैं। मिसाइल के गिरने से पहले उसे हवा में खत्म करने की तैयारी रहें। इसके लिए जापान के ओकिनावा में अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम पैट्रियट, और एजिस डिस्ट्रॉयर भी तैनात किए जाएंगे। नॉर्थ कोरिया कई बार नियमों के खिलाफ जाकर सैटेलाइट और मिसाइल लॉन्च कर चुका है। इसके बावजूद किसी ने भी उसकी मिसाइलों को इंटरसेप्ट यानी गिराने की कोशिश नहीं की है। दरअसल, जासूसी सैटेलाइट को ऑर्बिट में पहुंचाने के लिए नॉर्थ कोरिया को लंबी रेंज वाले प्रोजेक्टाइल की जरूरत पड़ेगी। जिसे अमेरिकी पाबंदियों की वजह से नॉर्थ कोरिया इस्तेमाल नहीं कर सकता है। उसका सैटेलाइट लॉन्च करने की कोशिश करना नियमों का उल्लंघन करना होगा। मामले से जुड़े जानकारों ने बताया कि अगर जापान ने नॉर्थ कोरिया की सैटेलाइट या मिसाइल को शूट किया तो इससे दोनों देशों का विवाद और बढ़ जाएगा।

### अमेरिकी प्रोफेसर को चीन से संबंध रखने पर होगी सजाः घोषणा से 4 दिन पहले कहा- मुझे कैंसर है, जेल नहीं जाना चाहता

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रह चुके चार्ल्स लीबर को चीन से कनेक्शन रखने और उसे छिपाने के आरोप में 26 अप्रैल को सजा सुनाई जाएगी। इससे पहले उन्होंने बोस्टन शहर के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में एक याचिका दायर की है। इसमें चार्ल्स ने कहा है, मुझे ऐसा कैंसर है, जिसका पूरी दुनिया में कोई ईलाज नहीं है। इसलिए मुझे जेल न भेजा जाए। उन्होंने अपने किए पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा, चीन से संबंध रखने के चलते मेरी छवि पहले ही खराब हो चुकी है। मुझे जानकारी छुपाने पर पछतावा है। कोर्ट में दायर याचिका में 64 साल के प्रोफेसर चार्ल्स ने लिखा है कि कुछ हफ्तों के लिए चीन का दौरा करने पर मेरी पूरी जिंदगी तबाह हो गई। उनके वकील ने कहा कि प्रोफेसर अपनी बची हुई जिंदगी अकेले अपने घर में रहकर जीना चाहते हैं। वकील ने चार्ल्स को दूसरे तरीकों से सजा देने का सुझाव दिया है। जैसे 6 महीने के लिए हाउस अरेस्ट में रखकर या एक साल तक पुलिस की निगरानी में रखकर। प्रोफेसर ने 2012 से 2015 के बीच चीन की वुहान यूनिवर्सिटी से जुड़कर उसके टैलेंट प्रोग्राम में हिस्सा लिया।

## सूडान में लड़ाई के बीच इंटरनेट बंद

# सऊदी अरब ने कई भारतीयों को निकाला, यूएस ने अपने 70 डिप्लोमैट्स को एयरलिफ्ट किया



**खार्तूम।** अफ्रीकी देश सूडान में लड़ाई के बीच इंटरनेट बंद कर दिया गया है। 72 घंटे की सीजफायर के बावजूद दोनों तरफ से हमले जारी हैं। इन सब के बीच वहां फंसे लोगों का रेस्क्यू किया जा रहा है। सऊदी अरब ने सूडान में फंसे 158 लोगों को सुरक्षित निकाला। इनमें कई भारतीय भी शामिल हैं। वहीं, अमेरिका ने खार्तूम में स्थित अपनी एंबेसी के स्टाफ को सुरक्षित निकाल लिया।

अमेरिकी मीडिया ने एक अधिकारी के हवाले से बताया कि एंबेसी के 70 डिप्लोमैट्स और उनके परिवार को सुरक्षित निकालने के लिए मिलिट्री के एयरक्राफ्ट में एयरलिफ्ट किया गया। सूडान में तख्तापलट के लिए सेना और पैरामिलिट्री- रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच 9 दिन से लड़ाई जारी है। यहां 15 अप्रैल के बाद से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। इसके चलते रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। स्वास्थ्यकर्मी भी घायलों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

**अमेरिकी दूतावास बंद किया गया** - एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी एंबेसी को फिलहाल के लिए बंद कर दिया गया है। यहां सभी काम रोक दिए गए हैं। सूडान में अमेरिकी दूतावास के काम दोबारा कब शुरू किए जाएंगे, इस बारे में भी नहीं बताया गया। वहीं, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, 15 अप्रैल तक लड़ाई में 400 लोगों की मौत हो चुकी थी। करीब 3500 लोग घायल हुए थे।

**जयशंकर ने की थी सऊदी विदेश मंत्री से बात** - इधर, भारतीयों की सुरक्षित वापसी को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 18 अप्रैल को सऊदी के फॉरेन मिनिस्टर फैसल बिन फरहान अल सऊद से बातचीत की थी। इसके बाद सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीयों के साथ ही 12 मित्र देशों के लोग, सूडान से सुरक्षित रूप से पहुंचे हैं।

सऊदी अरब ने जिन लोगों को सुरक्षित निकाला है, इनमें डिप्लोमैट्स और इंटरनेशनल ऑफिसर्स भी शामिल हैं। इनके साथ ही सऊदी अरब के 91 नागरिक भी स्वदेश पहुंचे हैं। निकाले गए भारतीयों की संख्या नहीं बताई गई है।

**16 अप्रैल को हुई थी भारतीय की मौत** - 16 अप्रैल को एक भारतीय नागरिक अल्बर्ट ऑगस्टीन की मौत हुई थी। भारतीय मिशन ने ट्वीट कर बताया कि गोली लगने से अल्बर्ट की मौत हो गई। वो सूडान में डल ग्रुप कंपनी के लिए काम करते थे। भारत सरकार पहले ही सूडान में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर चुकी है। उन्हें घरों में ही रहने की सलाह दी गई है। वहीं, 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाई लेवल मीटिंग करते हुए सूडान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए इमरजेंसी प्लान तैयार रखने की बात कही।

**सूडान में फंसे हैं करीब 1,500 भारतीय नागरिक** - इस लड़ाई का केंद्र बनी राजधानी खार्तूम में भारत के करीब डेढ़ हजार नागरिक भी फंसे हुए हैं। वहीं, सूडानी शहर अल-फशेर में कर्नाटक के हक्की-पिक्की आदिवासी समुदाय के 31 लोग फंसे हैं। ये लोग आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी बेचने के लिए सूडान गए थे। इनमें से 19 लोग कर्नाटक के हुनसूर, 7 शिवामोगा और 5 लोग चन्नागिरी के रहने वाले हैं। सूडान में फंसे भारतीयों में से एक एस. प्रभु ने इंडियन एक्सप्रेस से फोन पर बात की थी। उसने बताया था कि हम पिछले 4-5 दिनों से एक किराए के मकान में फंसे हुए हैं। हमारे पास खाना या पीने के लिए कुछ भी नहीं है। बाहर से लगातार धमाकों की आवाज आ रही है। यहां कोई हमारी मदद करने को तैयार नहीं है। सूडान में मिलिट्री और पैरामिलिट्री के बीच वर्चस्व की लड़ाई है। 2019 में सूडान के तत्कालीन राष्ट्रपति ओमर अल-बशीर को सत्ता से हटाने के लिए लोगों ने प्रदर्शन किया। अप्रैल 2019 में सेना ने राष्ट्रपति को हटाकर देश में तख्तापलट कर दिया, लेकिन इसके बाद लोग लोकतांत्रिक शासन और सरकार में अपनी भूमिका की मांग करने लगे। इसके बाद सूडान में एक जॉइंट सरकार का गठन हुआ, जिसमें देश के नागरिक और मिलिट्री दोनों का रोल था। 2021 में यहां दोबारा तख्तापलट हुआ और सूडान में मिलिट्री रूल शुरू हो गया। आर्मी चीफ जनरल अब्देल फतह अल-बुरहान देश के राष्ट्रपति मोहम्मद हमदान डागालो उपराष्ट्रपति बन गए। इसके बाद से आरएसएफ और सेना के बीच संघर्ष जारी है।

## ताइवान के विदेश मंत्री बोले, 2027 में हमला करेगा चीन

# कहा- हम जंग की तैयारी कर रहे, पहले चीन ने कहा था पूरा ताइवान हमारा



**ताइपे।** ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने दावा किया है कि चीन उनके देश पर 2027 तक हमला कर देगा। चीन से लगातार मिल रही धमकियों के बीच वू ने कहा, हम चीन की मिलिट्री के खतरे को गंभीरता से ले रहे हैं। हमें लग रहा है कि 2027 वो साल होगा जब हम पर हमला हो सकता है। ताइवान इस लड़ाई के लिए तैयारी कर रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि ताइवान को उन्हीं के जैसी विचारधारा वाले देश ही चीन के हमले से बचा पाएंगे। यहां अपने जैसी विचारधारा से उनका मतलब ब्रिटेन और अमेरिका से है। जो ताइवान को सैन्य सहायता देते रहे हैं। चीन ने कहा था- ताइवान मामले में पड़ने वाले खुद जल जाएंगे ताइवान के विदेश मंत्री का ये बयान तब आया है जब चीन के विदेश मंत्री किन गैंग ने कहा था कि जो ताइवान के मामले में आग से खेल रहे हैं, वो खुद को ही जला लेंगे।

उन्होंने आगे कहा था कि चीन कभी भी किसी ऐसी बात को नहीं मानेगा जिससे उनकी सुरक्षा और संप्रभुता के साथ खिलवाड़ हो। वहीं, ताइवान के विदेश मंत्री से पहले अमेरिका की इंटेलिजेंस के डायरेक्टर विलियम बर्न ने भी दावा किया था कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने देश की सेना को 2027 तक ताइवान पर कब्जा करने के लिए तैयार रहने के आदेश दिए हैं। चीन ने ताइवान को घेरकर 3 दिन ड्रिल की पिछले दिनों ताइवान की राष्ट्रपति की अमेरिका विजिट से नाराज होकर चीन ने युद्ध अभ्यास शुरू कर दिया था। चीन का युद्धाभ्यास 3 दिनों तक जारी रहा था। ड्रिल के दौरान चीन ने ताइवान को 71 फाइटर जेट्स और 45 वॉर प्लेन से घेर लिया था। इस पूरे ऑपरेशन को जॉइंट स्वॉर्ड नाम दिया गया था। अमेरिका ने 1979 में चीन के साथ रिश्ते बहाल किए और ताइवान के साथ अपने डिप्लोमेटिक रिश्ते तोड़ लिए। हालांकि चीन के ऐतराज के बावजूद अमेरिका ताइवान को हथियारों की सप्लाई करता रहा। अमेरिका भी दशकों से वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करता है, लेकिन ताइवान के मुद्दे पर अस्पष्ट नीति अपनाता है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने फिलहाल इस पॉलिसी से बाहर जाते दिख रहे हैं।

# केन्या में 29 लोगों ने भूखे रहकर जान दीः पादरी ने कहा था- इससे जन्नत मिलेगी, अब पुलिस कब्र से शव निकाल रही

**केन्या।** अफ्रीका के देश केन्या में एक ईसाई पादरी के कहने पर 29 लोगों ने भूखा रहकर सामूहिक आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इन लोगों के शवों को किल्फी प्रांत में शाकाहोला के जंगल से बरामद किया। चर्च के पादरी ने इन लोगों को कहा था कि अगर वे भूखे रह कर खुद को दफन कर लेते हैं तो इनकी मुलाकात जीसस से होगी और इन्हें स्वर्ग नसीब होगा। अब इन लोगों के शवों को निकालने का काम तीन दिनों से चल रहा है। केन्या की पुलिस ने एक कब्र से तो एक ही परिवार के 5 लोगों को निकाला है। जो एक साथ जीसस से मिलना चाहते थे। पुलिस को अभी तक 65 कब्र मिली हैं। इनसे लोगों को निकालने का काम चल रहा है। पुलिस का लग रहा है कि मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ेगा। पुलिस इस उम्मीद में कब्र खोद रही है कि हो सकता है कोई व्यक्ति अब भी जिंदा हो। हालांकि, उनके हाथ सिर्फ मरे हुए लोगों के शरीर ही लग रहे हैं। इनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। घटना का खुलासा होने के बाद पुलिस ने पॉल मैकेंजी नाम के पादरी को गिरफ्तार कर लिया।



हालांकि वो लगातार कह रहा है कि उसने लोगों को आत्महत्या के लिए प्रेरित नहीं किया था। उसका कहना है कि उसने 2019 में ही चर्च को बंद कर दिया था। हालांकि, पुलिस ने उसे बेल पर छोड़ने से इनकार कर दिया है। पुलिस अब सभी शवों से डीएनए सैंपल इकट्ठा कर रही है। ताकि ये साबित हो सके कि लोग भूखे रहने से ही मरे थे। पादरी पॉल मैकेंजी की वजह से इससे पहले भी दो बच्चों की मौत हो गई थी। तब उनके माता-पिता की शिकायत पर उसके खिलाफ केस दर्ज हुआ था। उस समय उसे 10 हजार केन्यन शिलिंग यानी 6 हजार रुपए के जुर्माने पर छोड़ दिया गया था।

# न्यायिक सुधार कानून को लेकर देश के कई शहरों में प्रदर्शन, बोले- कोर्ट पवित्र है, वहां राजनीति न करें

**जेरूसलम।** इस्राइल के नए न्यायिक सुधार कानून के कारण देश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। कई तेल अवीव सहित अन्य शहरों में विरोध प्रदर्शन किए गए। लोकल मीडिया के मुताबिक, हजारों लोग अलग-अलग शहरों में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ तेल अवीव शहर में बैनर-पोस्टर भी लगाए हैं। लोगों का आरोप है कि न्यायिक सुधार कानून न्यायिक प्रणाली को खत्म करने की सरकार की योजना है।

**लोकतंत्र को खतरा** - नेतन्याहू सरकार के खिलाफ लोगों का आरोप है कि सरकार की योजना देश की जांच व्यवस्था पर हमला है। उनका मानना है कि सरकार के इस कदम से लोकतंत्र खतरे में आ जाएगा। यहूदी महिलाओं की राष्ट्रीय परिषद प्रमुख शीला काट्ज का कहना है कि यह न्यायिक सुधार के बारे में नहीं है, यह लोकतंत्र के बारे में है। कोर्ट पवित्र होते हैं। कोर्ट लोगों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए होते हैं, इसलिए कोर्ट को राजनीति से दूर रखना चाहिए।

**सरकार ने नीति लागू करने में की देरी** -



प्रदर्शनकारियों ने सरकार की इसी नीति के खिलाफ पिछले महीने भी प्रदर्शन किया था। उन्होंने अर्थव्यवस्था बंद करने की धमकी दी थी। इस्राइली सेना की एलीट रिजर्व फोर्स के अधिकारियों ने भी चेतावनी दी है कि अगर सुधार नीति लागू हुई तो वह ड्यूटी के लिए मना कर देंगे।

हाई-टेक बिजनेस लीडर्स और सुरक्षा संस्थान भी विरोध कर रहे हैं। ट्रेड यूनियनों ने आम हड़ताल के आह्वान की घोषणा की है। लोगों के बढ़ते विरोध के कारण सरकार भी समझौते के लिए विकल्प की तलाश कर रही है, इसी वजह से सुधार नीति को लागू करने में देरी हो रही है। लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इसे पूरी तरह से खत्म किया जाए।

**पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे** - प्रदर्शनकारी देशभर के प्रमुख नेशनल हाईवे और रेलवे स्टेशन पर चक्का जाम कर देते हैं। जिससे कई किलोमीटर लंबा जाम लग जाता है। भारी भीड़ पुलिस के लिए भी काफी समस्या का कारण बन गई है, इसलिए भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को वाटर कैनन और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल करना पड़ता है। राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग द्वारा आयोजित वार्ता पर भी लोगों को विश्वास नहीं है। येश एटिड, राष्ट्रीय एकता और सरकार के बीच वार्ता पर लोगों का कहना है कि इससे विरोध आंदोलनों को दबाने की कोशिश की जाएगी और कानून को चुपचाप आगे बढ़ा दिया जाएगा।

**नीति में यह होंगे प्रावधान** - नेतन्याहू सरकार की न्यायिक सुधार नीति के तहत कोर्ट की शक्तियां काफी कम हो जाएगी। योजना के तहत अब संसद में कोर्ट के किसी भी फैसले को बहुमत के जरिए बदल सकते हैं। अदालत संसद द्वारा बनाए गए कानूनों की समीक्षा नहीं कर पाएगी।

## मैक्सिकन माफिया दुश्मनों को बाघों के सामने छोड़ता था

# एल चापो पर अमेरिकी सरकार का खुलासा, वह लोगों की आंतें निकाल देता था

**वॉशिंगटन।** मैक्सिको का ड्रग लॉर्ड कहे जाने वाले एल चापो के बेटे अपने दुश्मनों को बेरहमी से टॉर्चर करता था। इतना ही नहीं दुश्मन जिंदा हो या मुर्दा उन्हें बाघों के सामने छोड़ देता था। इस बात का खुलासा अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने किया है। यूएस जस्टिस डिपार्टमेंट की एक रिपोर्ट में कहा गया- ओविडियो गुजमैन-लोपेज, जीसस अल्फ्रेडो गुजमैन सालाजार और इवान आर्चीवाल्डो गुजमैन सालाजार अपने दुश्मनों को कई दिनों तक बंधक बना कर रखते थे। उन्हें इलेक्ट्रिक शॉक देकर टॉर्चर करते थे। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि इवान आर्चीवाल्डो ने एक दुश्मन को 2 घंटे टॉर्चर करते हुए उसके हाथ में पेंचकस घुसा दिया था। इसके बाद उसकी हत्या करने के बाद उसकी लाश को जला दिया गया। निकाल दी थी। फिर इस घाव में मिर्च भर दी। आखिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। ओविडियो को 5 जनवरी को सिनालोआ राज्य के कुलियाकन शहर से




गिरफ्तार किया गया था। पिछले हफ्ते उस पर ड्रग ट्रैफिकिंग के आरोप लगाए गए। इसके बाद ही अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की रिपोर्ट सामने आई।

ओविडियो को 2019 में भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन गैंग मेंबर्स की हिंसा भड़काने की धमकी के बाद उसे छोड़ दिया गया था। वहीं, 5 जनवरी के बाद सिनालोआ राज्य में दंगे भड़क गए थे। 19 दंगाइयों और 10 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई थी। 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। अमेरिका ने दिसंबर 2022 में ओविडियो और उसके भाईयों की जानकारी देने वाले व्यक्ति को 50 लाख डॉलर यानी 41.3 करोड़ रुपए का ईनाम देने की घोषणा की थी। अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट के मुताबिक, ओविडियो और उसके भाई सिनालोआ में 11 मेथमफेटामाइन लैब चलाते हैं।

जहां हर महीने 1,300 से 2,200 किलोग्राम ड्रग्स का प्रोडक्शन होता है। 32 साल का ओविडियो को ड्रग तस्करी की दुनिया में 'द माउस' के नाम से जाना जाता है। वह अपने भाइयों के साथ मिलकर पिता एल चापो के ड्रग नेटवर्क को ऑपरेट करता है। इसे दुनिया के सबसे बड़े ड्रग नेटवर्क्स में गिना जाता है। एल चापो मैक्सिको में ड्रग कार्टेल चलाता था। उसने अमेरिका में सैंकड़ो टन कोकीन सप्लाई किया था। वह अपने नेटवर्क के जरिए लोगों तक हिरोइन, गांजा और मेथमफेटामाइन पहुंचाता था। एल चापो ने ड्रग्स के धंधे से बेहिसाब दौलत कमाई। 2009 में वह दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में शामिल हो गया था। उसके पास 8,277 करोड़ रुपए (1 बिलियन डॉलर) की संपत्ति होने का अनुमान था।

### गुयाना के राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति से मिले विदेश मंत्री एस जयशंकर, कृषि, रक्षा सहयोग पर हुई चर्चा

**जॉर्ज टाउन ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली और उपराष्ट्रपति भरत जगदेव से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश दिया। उन्होंने गुयाना के अपने समकक्ष ह्यू टॉड के साथ पांचवीं भारत-गुयाना संयुक्त समिति बैठक की सह-अध्यक्षता भी की। इस बैठक में कृषि, रक्षा सहयोग और बुनियादी ढांचा विकास जैसे विषयों पर चर्चा की गई। जयशंकर ने अपने ट्वीट में कहा कि गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली और उपराष्ट्रपति भरत जगदेव से स्टेट हाउस में मुलाकात कर खुशी हुई। जयशंकर ने गुयाना के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के साथ विभिन्न मामलों पर चर्चा की। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि कृषि, व्यापार और निवेश, स्वास्थ्य और फार्मा, नवीकरणीय सहित ऊर्जा, रक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी, पर्यटन और विकास साझेदारी में पहल पर चर्चा की। उन्होंने आगे कहा कि इस बात पर सहमति हुई कि व्यापारिक बातचीत सहित गहरे संपर्कों के माध्यम से अवसरों का अधिक प्रभावी ढंग से पता लगाया जाना चाहिए। राष्ट्रपति अली ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को एक क्रिकेट बैट और उनके नाम की एक जर्सी भी भेंट की। इससे पहले एस जयशंकर ने त्रिनिदाद और टोबैगो, सेंट किट्स और नेविस, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, ग्रेनाडा और बारबाडोस के समकक्षों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें की। द्विपक्षीय बैठकों के दौरान, मंत्री जयशंकर ने सहयोग, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल परिवर्तन, स्वास्थ्य डोमेन, कृषि और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के विस्तार सहित विभिन्न मुद्दों पर बात की।

# मैंने तो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई : सचिव पायलट

**जयपुर ( हिंस )।** वसुंधरा सरकार में हुए कथित भ्रष्टाचार पर एक दिन का अनशन कर चुके पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने खुद के अनशन को पार्टी विरोधी बताने पर रविवार को तंज कसा। उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को जो कुछ हुआ, वह सबके सामने हुआ। खुलेआम सोनिया गांधी के आदेशों की अवहेलना हुई, खड़गे साहब और माकन की खुलेआम बेइज्जती की गई। पार्टी विरोधी गतिविधि तो वह थी। उसके बाद कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हुई, फिर थम गई, उस पर भी सवाल उठेंगे, लेकिन इसका जवाब मेरे पास नहीं है। पायलट रविवार को जयपुर के झारखंड महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बात सच है कि 25 सितंबर की घटना हुई वह उस समय की हमारी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के विरोध में बगावत थी। जो विद्रोह हुआ था, उससे पार्टी और सरकार को क्षति पहुंची थी। सब पब्लिक डोमेन में है। पार्टी ने शो कॉज नोटिस जारी किए। उसके बाद जवाब आए। नहीं आए तो क्या कार्रवाई हुई, यह सवाल तो बनता ही है। हमने पटवारी पर छापे



मारने के लिए वोट नहीं मांगे थे। अनशन के दो सप्ताह के बाद भी सरकार ने कार्रवाई नहीं की है, यह अनशन पार्टी के हित में था। पायलट ने अपना स्टैंड दोहराते हुए कहा कि भाजपा राज के भ्रष्टाचार पर जांच और कार्रवाई की मांग करना पार्टी विरोधी गतिविधि कैसे हो गया? इसी बात को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि मैंने भाजपा राज के भ्रष्टाचार की बात की, यह तो पार्टी के हित में था। हम महात्मा गांधी की पार्टी से आते हैं, जहां अन्याय और गलत पर आवाज उठाई जाती है, इसीलिए मैंने किया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि सरकार ने कार्रवाई की है, कुछ कार्रवाई हुई है, लेकिन हमने पटवारी पर कार्रवाई करने के लिए वोट नहीं मांगे थे। हमने वसुंधरा सरकार में हुए भ्रष्टाचार के दोषियों पर कार्रवाई करने के लिए जनता से वोट मांगे थे। पायलट ने कहा कि कमलनाथ और वेणुगोपाल से बात हुई, उसमें हमने पक्ष रखा, सच्चाई बताई। बैकग्राउंड को बताया। भविष्य में क्या चाहते हैं, किस दिशा में हमारी पार्टी को जाकर जीत मिल सकती है, उसके बारे में उन्हें सुझाव दिया है। वह सुझाव एक ही है कि हमने जो कहा, वह करके दिखाना चाहिए, क्योंकि हम भाजपा का धुआं निकालने की क्षमता रखते हैं, वह यह इस भ्रम को नहीं फैला दें कि यहां किसी तरह की सांठगांठ है। पब्लिक परसेप्शन बहुत महत्वपूर्ण है, यह परसेप्शन नहीं बने कि मिले हुए हैं, इसलिए मैंने बात को रखा है। उन्होंने कहा कि वसुंधरा राजे की सरकार में तमाम माफिया पनपा। हम राष्ट्रपति से मिले। ज्ञापन दिया। किसी ने गलती की है तो सजा मिलनी चाहिए। अनशन के दो हफ्ते बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए फिर से आग्रह कर रहा हूं। 2013 से 2018 के बीच जब लोगों के बीच गए तो मुद्दा ये था कि वसुंधरा के भ्रष्टाचार को खोलेंगे। पायलट ने कहा कि हमारे प्रभारी रंधावा साहब संजीदा और समझदार व्यक्ति हैं। रंधावा साहब बाकी सब रिपोर्ट दे रहे हैं तो यह रिपोर्ट भी बनानी चाहिए कि हमारे मंत्री और विधायकों पर कई तरह के आरोप लगे हैं, तो कहीं ना कहीं उससे पार्टी और सरकार की छवि को ठेस पहुंच सकती है। उसका भी संज्ञान लेकर खड़गे साहब और एआईसीसी के नेताओं तक पहुंचाना चाहिए ताकि कार्रवाई करें। कोई कितना बड़ा व्यक्ति हो, किसी पद पर बैठा हो, किसी का चहेता हो, किसका दुश्मन हो, लेकिन अगर कहीं जांच के बाद तथ्य आते हैं तो हमें कार्रवाई करने से परहेज नहीं करना चाहिए, क्योंकि सरकार में बैठे लोग भेदभाव नहीं कर सकते। निष्पक्षता से काम करना पड़ेगा। महेश जोशी पर आरोप लगाकर जान देने वाले रामप्रसाद मामले में पायलट ने कहा कि मौत से पहले दिया गया बयान कोर्ट में मान्य होता है। जांच तो होनी चाहिए। हर व्यक्ति के नैतिकता के पैमाने अलग-अलग होते हैं। कौन इस्तीफा देता है, नहीं देता है, इस्तीफा लेते हैं, नहीं लेते हैं, यह मेरा सब्जेक्ट नहीं है, लेकिन जांच होनी चाहिए।

## पार्क में खेल रहे बच्चों को मिला बम सेना ने कब्जे में लिया

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंचकूला में रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब यहां के सेक्टर-16 से सटे बुढ़नपुर पार्क में खेल रहे बच्चों को बम शेल मिला। बच्चों द्वारा सूचित करने पर लोगों ने इसकी जानकारी डायल 112 पर दी जिसके बाद आसपास के सभी थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और पार्क को खाली करवाकर जांच शुरू की। पुलिस ने बम शेल के आसपास रेत की बोरियां लगाकर उसे घेर दिया है। पार्क को खाली करा दिया है। आशंका जताई जा रही है कि बुढ़नपुर के समीप नाला बहता है तो हो सकता है कि बम उसमें से बहकर आ गया हो। उसके बाद किसी व्यक्ति ने उठाकर पार्क में रख दिया हो जिस जगह बम पड़ा है, उसके आसपास कई कबाड़ की दुकानें भी हैं। ऐसे में हो सकता है कि कोई कबाड़ी इस बम को कबाड़ में बेचने के लिए उठाकर लाया हो। बता दें कि इससे पहले भी गंदे नाले के समीप बम शेल मिल चुका है। बहरहाल पुलिस ने बम निरोधक दस्ते की मदद से बम को निष्क्रिय करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जिला परिषद के वाइस चेयरमैन ने बसपा छोड़कर भाजपा का दामन थामा



**यमुनानगर ( हिंस )।** यमुनानगर जिला परिषद के वाइस चेयरमैन अग्नि विजय सिंह चौहान ने बसपा छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी नेताओं ने उनका भाजपा में शामिल होने पर स्वागत किया। इस अवसर पर शनिवार शाम को निजी होटल में प्रेसवार्ता करते हुए निगम यमुनानगर के मेयर मदन चौहान ने कहा कि कल हुए भाजपा के कमल कार्यालय के उद्घाटन समारोह के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड, शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुज्जर, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह की उपस्थिति में जिला परिषद के वाइस चेयरमैन अग्निविजय सिंह चौहान भाजपा की जनहित नीतियों के चलते पार्टी में शामिल हुए है। उनका पार्टी में स्वागत करते हुए मेयर मदन चौहान ने कहा कि उन्हें पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में कोई भी साधारण कार्यकर्ता अपनी मेहनत और ईमानदारी से पार्टी के उच्च पद तक जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर इसका उदाहरण है जिन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। वाइस चेयरमैन अग्निविजय सिंह चौहान ने कहा कि उन्होंने भाजपा को समर्थन बसपा सुप्रीमो मायावती कहने पर ही दिया है। क्योंकि जनता के कार्य करवाना ही जनप्रतिनिधि का कार्य है। इसीलिए वह भाजपा में आये है व जनता के कार्य करवाने को प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठस्का सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## अवैध खनन सामग्री वैध करने के लिए जारी किए फर्जी बिल, केस दर्ज

**चरखी दादरी।** अवैध खनन सामग्री को वैध करने के लिए फर्जी ई-रवाना व बिल काटने का मामला सामने आया है। खान एवं भू-विज्ञान विभाग के खनन अधिकारी ने इस संबंध में फर्म संचालक के खिलाफ शिकायत पुलिस को दी है। इस पर संज्ञान लेकर सदर थाना पुलिस ने फर्म संचालक के खिलाफ धारा 420,467,468,471 व 120-बी के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में खनन अधिकारी ने बताया कि खे ?ी बत्तर क्रशर जोन में वाल्या टाइल्स फ्लाई एवं ब्रिक्स उद्योग नामक फर्म है। फर्म ने ई-रवाना पोर्टल का दुरुपयोग करके 64667.67 एमटी खनिज बाल्डर ग्रेवल सेंड नामक खनन सामग्री के फर्जी ई-रवाना बिल व ट्रांजिट पास यमुनानगर के दुर्गा स्क्रीनिंग प्लांट के अवैध खनिज को वैध करने के लिए जारी किए। दादरी व आसपास के इलाका में वाल्डर ग्रेवल सेंड नामक खनिज होता ही नहीं। इसके चलते फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। 28 मार्च को कारण बताओ नोटिस के जवाब में फर्म ने स्पष्टीकरण दिया, जिसमें बताया गया कि मुंशी कुलदीप ने उनकी जानकारी के बिना दुर्गा स्क्रीनिंग प्लांट यमुनानगर को जारी किए हैं। 20 अप्रैल को खनन निरीक्षक हितेश कुमार, कोमल कुमार, विरेंद्र, संदीप व कांस्टेबल सोनू की टीम वान्या टाइल्स एंड फ्लाई एश ब्रिक्स उद्योग पर पहुंची। निरीक्षण के दौरान कोई भी खनिज उपलब्ध नहीं पाया गया। ई-रवाना पोर्टल पर जांच के दौरान पाया गया कि फर्म की ओर से निरंतर खनिज की खरीद व बिक्री की गई है जबकि मौके पर कोई खनिज नहीं मिला। खनन विभाग ने पुलिस विभाग को शिकायत देने के साथ फर्म की ओर से 4 मार्च 2023 से 6 मार्च 2023 तक यमुनानगर के दुर्गा स्क्रीनिंग प्लांट को बेचे गए खनिज का ब्योरा भी सौंपा है। इसके जरिए जांच कर इसमें शामिल अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

## शिक्षा मंत्री कल्ला ने पतंगबाजी का लुत्फ उठा निभाई परंपरा

**बीकानेर ( हिंस )।** बीकानेर नगर स्थापना दिवस पर रविवार को शहरवासियों ने जमकर पतंगबाजी का लुत्फ उठाया। शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने अपने आवास पर पतंगबाजी की। उन्होंने बीकानेर की इस परंपरा को अलहदा बताया और कहा कि यहां की इसी जीवंतता को देखने के लिए देश और दुनिया की नजरें बीकानेर पर रहती है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित की गई इन परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन का हमारा सामूहिक कर्तव्य है। इस दौरान अनिल कल्ला, श्रीलाल व्यास सहित अनेक लोग मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी लोकेश शर्मा ने किराडूओ की गली और चौथाणी ओझाओं के चौक में पतंगबाजी की और चंदा महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने कहा कि बीकानेर के लोगों की अपनायत अनुकरणीय है।

## भारत एक दशक में होगा विश्व की तीसरी महाशक्ति : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**कैथल ( हिंस )।** गांव धनोरी में आयोजित संत धन्ना भगत जयंती समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पगड़ी और शाल भेंट कर उनका सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति को संत धन्ना भगत की प्रतिमा भेंट की। पर्यावरणविद सुदेश धनखड़ को भी हरियाणा की ओर से साल भेंट कर सम्मानित किया गया। संतो और बुजुर्गों को प्रणाम करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनता की नब्ज पकड़ ली है। जींद के गांव हैबदपुर में धन्ना भगत के नाम से मेडिकल कालेज का नामकरण और गांव धनौरी में राजकीय महिला कालेज स्थापना करके हमारे युवाओं और बच्चियों के लिए शानदार घोषणा की। धनखड़ ने कहा, मैं आज का दिन हमेशा याद रखूंगा। यहां आकर मैं धन्य हो गया हूं। मैं अभिभूत हूं कि राजस्थान में जन्मे धन्ना भगत की जयंती पर हरियाणा सरकार इतना बढ़ा आयोजन कर रही है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अपना भारत हर क्षेत्र में बदला रहा है। राम मंदिर बन रहा है। अंदाजा लगाइए कि हमने इसके लिए कितनी प्रतीक्षा की है। जो कहते थे कि मंदिर कब बनेगा, तारीख बताओ। आज वे देख रहे हैं कि



मंदिर वहीं बन रहा है और सही प्रक्रिया से भारतीय परंपरा के अनुसार बन रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत बदल रहा है। इस बदलाव में देश के हर नागरिक का योगदान रहा है। विश्व में भारत कि प्रतिष्ठा जितनी अब हुई है पहले कभी नहीं हुई। भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने उस देश को बचाना है जिसने 200 साल तक भारत पर राज किया। दशक के अंत तक दुनिया को पता चलेगा जब भारत दुनिया की तीसरी महाशक्ति बन जाएगा। वे 3 साल पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे हैं। उन्होंने देखा है कि भारत 2020 से 80 करोड़ जनसंख्या को मुफ्त अनाज दे रहा है। यह बदलाव की ही पराकाष्ठा है कि आज एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति है, कृषक पुत्र उपराष्ट्रपति है और ओबीसी प्रधानमंत्री है। कोरोना कॉल में संतों का बहुत बड़ा योगदान था संतों के सहयोग और कृपा से ही देश पर कोई संकट नहीं आया। किसान देश की रीड की हड्डी है। अब तक 11 करोड किसानों को दो लाख 25 हजार करोड़ रुपए बांटे जा चुके हैं। उपराष्ट्रपति ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि कुछ लोग देश को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। वी बदलते भारत को देखकर कुंठित होकर यह काम कर रहे हैं। यह सही है कि हमारे देश में लोकतांत्रिक परंपरा जीवित हैं और सभी को बोलने का अधिकार है लेकिन ऐसी बातें करने पर अंकुश लगना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की। नशा सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि आज सरकार ने युवाओं के लिए ऐसा वातावरण तैयार किया है कि उन्हें आगे बढ़ने और काम करने में कोई बाधा नहीं है। अगर वे फिर भी भटक जाएं या परेशान हो जाएं तो हमें संतों के मार्गदर्शन में धन्ना भगत के विचारों से उन्हें सही मार्ग दिखाना चाहिए। हमें नशे पर अंकुश लगाना होगा। यह देश के युवाओं और समाज को तबाह कर सकता है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ और कार्यक्रम के संयोजक हरियाणा उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला भी मौजूद रहे।

## सतपाल मलिक ने किया मर्यादा का उल्लंघन : जेपी दलाल

**भिवानी ( हिंस )।** कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक मर्यादा का उल्लंघन कर रहे हैं। साथ ही पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के दावे पर चुटकी लेते हुए अभय चौटाला बयान व आरोपों पर पलटवार किया। हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल रविवार को भिवानी में अपने आवास पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते देश व प्रदेश के राजनीतिक हालातों पर अपनी राय रखते हुए विपक्ष पर कटाक्ष किए। साथ ही गेहूं की खरीद व उठान के साथ सरसों की कम आवक पर कार्रवाई करने की बात कही। सबसे पहले कृषि मंत्री जेपी दलाल ने अभय चौटाला द्वारा विपक्ष को एक होने या जेल में राजनीति करने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ नेता ऐसे हैं, जिन्होंने ऐसे काम किए हुए है, जो एक हो ना हो, उन्हे जेल जाना ही पड़ेगा। जेपी दलाल ने कहा कि विपक्ष ये सोचता हो कि वो एक होकर मोदी को हटा देंगे और जेल जाने से बच जाएंगे, तो उनकी ये सोच गलत है। वहीं विधानसभा



अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता पर पैसे लेकर नौकरी देने के अभय चौटाला के आरोपों पर जेपी दलाल ने कहा कि बयानबाजी पर कोई रोक नहीं। साथ नसीहत दी कि देश में कानून का राज है। उनके पास कोई सबूत हैं तो थाने जाकर केस दर्ज करवाएं। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा कांग्रेस सरकार आने पर सी-2 फॉर्मूला के साथ एमएसपी देने के दावे पर चुटकी ली और कहा कि कांग्रेस नेताओं को पता है कि सत्ता में तो आना नहीं, ऐसे में वो कोई भी वायदा करने से नहीं चुकते। जेपी दलाल ने कहा कि ये वही हुड्डा है, जिन्होंने तीन साल तक स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट दबाए रखी और अपनी सरकार में किसानों को दो-दो रूपये के चेक दिए थे। इसके साथ ही जेपी दलाल ने पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक के मामले पर कहा कि मलिक मर्यादा का उल्लंघन कर रहे हैं। अगर गवर्नर रहते उन्हें कुछ गलत लगा तो तभी इस्तीफा देना चाहिए था। जेपी दलाल ने फिर कहा कि मलिक राज्यसभा जाने के लिए सरकार को गाली दे रहे हैं। सरसों की कम आवक को लेकर उठ रहे सवालों पर कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि सरसों की आवक पूरी है, पर कुछ मंडियों में आशंका से कम आवक हुई। वहां आस-पास के मिलर्स की जांच की जा रही है कि उनके पास सरसों जो सरसों है उसके बिल हैं या नहीं। यदि बिल नहीं मिले तो संबंधित मार्केटिंग कमेटी के अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

## प्रशासनिक बेड़े में बड़ा बदलाव 25 प्रशासनिक अफसरों के तबादले

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान में 24 अप्रैल से शुरू होने वाले महंगाई राहत कैंप से ठीक पहले गहलोत सरकार ने प्रशासनिक बेड़े में बड़ा बदलाव कर दिया है। कार्मिक विभाग की ओर से शनिवार मध्य रात्रि 25 आरएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। सभी अफसरों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन पद पर कार्य संभालने के निर्देश दिए गए हैं। तबादला सूची में 6 अतिरिक्त जिला कलेक्टर और 6 उपखण्ड अधिकारी भी बदले गए हैं। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार केसर लाल मीणा का आयुक्त नगर निगम बीकानेर, गोपाल लाल बिरधा का अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर, अनीता मीणा का आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले एवं पदेन उप शासन सचिव जयपुर, वीरेंद्र सिंह चौधरी का जिला कलेक्टर सीलिंग न्यायालय बूंदी, चेतन चौहान का रजिस्टार राजस्थान संस्कृत विद्यालय जयपुर, बीना महावर का अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर भरतपुर, ओमप्रकाश विश्नोई प्रथम का अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट फलोदी जोधपुर तबादला किया गया है। इसके अलावा चांदमल वर्मा का निदेशक स्थानीय निकाय विभाग जयपुर, अंबालाल मीणा का विशेष अधिकारी जयपुर शहर परिवहन सेवा लिमिटेड जयपुर, देवेंद्र कुमार जैन का अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अध्यक्ष जिला क्रम समन्वय एवं परियोजना अधिकारी मांडा बीकानेर, राजेंद्र सिंह चुंडावत का जिला आबकारी अधिकारी पाली, अब्बू खान का रजिस्ट्रार हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय जयपुर, राजकुमार कुशवाहा का अध्यक्ष जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट धौलपुर, शिवपाल जाट का मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद कम अध्यक्ष जिला कार्यक्रम समन्वयक इजीएस एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी मांडा बाड़मेर तबादला किया गया है। साथ ही डॉक्टर पूजा सक्सेना का जिला रसद अधिकारी पाली, सुशील वर्मा का अतिरिक्त जिला कलेक्टर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर बीकानेर, मुकेश कुमार मीणा सेकंड का उपखंड अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी सहरिया विकास परियोजना शाहबाद बारां, हर्षित वर्मा का आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर, मनीषा लेघा का उपखंड अधिकारी भिनाय अजमेर, मनीष कुमार का आयुक्त नगर परिषद अलवर, रामजी भाई कलवी विकास खंड अधिकारी गुडामालानी बाड़मेर, छत्रपाल चौधरी खंड अधिकारी सावर अजमेर तबादला किया गया है।

## किसानों को कोई परेशानी नहीं आने देगी सरकार : दलाल

**जींद ( हिंस )।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा है कि प्रदेश की अनाज मंडियों में गेंहू खरीद को लेकर किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। सरकार द्वारा किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा तथा फसलों की अदायगी 72 घंटे के अंदर किसानों के खाते में की जा रही है, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा 4 हजार करोड़ रुपए की अदायगी की गई है। कृषि मंत्री रविवार को जींद की अनाज मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। यहां कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों के बैंक खातों में आने वाली फसल बिक्री की निर्धारित राशि तक बीपीएल कार्ड नहीं कटेंगे। बीपीएल को लेकर अन्य मापदंड भी तय किए गए हैं। जींद की अनाज मंडी में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। लिफ्टिंग के देरी से होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर अधिकारियों व ठेकेदार को लिफ्टिंग के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। मंडी में पीने के पानी, किसान कैंटीन, साफ-सफाई तथा सुलभ शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था है, फिर भी अगर कहीं जरूरत पड़ी तो सचिव उसकी व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वर्ष से इस साल 25 प्रतिशत ज्यादा आवक मंडियों में आई है। बेमौसमी बारिश की वजह से मंडियों में हो रही आवक में गेहूं में नमी की मात्रा अधिक है। इसको लेकर हरियाणा सरकार ने केंद्र सरकार से नियमों में कुछ ढील देने का अनुरोध किया था जिसे भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया है। अब किसान को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि शनिवार तक जींद की मंडी में आवक छह लाख 48 हजार 990 मीट्रिक टन हुई है और अब तक दो लाख 21,882 मीट्रिक टन गेहूं का उठान मंडियों से हुआ है तथा पूरे हरियाणा में अब तक आवक का आंकडा लगभग 52 लाख मीट्रिक टन का है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि जिस भी फसल की बुआई करें वह पोर्टल पर अवश्य चढ़वाएं ताकि फसल बिक्री, मुआवजा व अन्य जरूरी कार्यो में आसानी हो।

## भगवान परशुराम के जागरण में जमकर झूमे श्रद्धालु

### जन्मोत्सव पर सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर किया भव्य आयोजन

**हिसार ( हिंस )।** श्री विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर हिसार में विशाल जागरण का आयोजन किया गया। भगवान परशुराम जनकल्याण संस्थान, भगवान परशुराम जनसेवा समिति, ब्रह्म संघ हरियाणा, भगवान परशुराम सभा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मिलकर शनिवार रात *विशाल भगवान परशुराम जागरण* का आयोजन किया। जागरण में बहादुरगढ़ से प्रसिद्ध भजन गायक योगेश शर्मा, ओम भारद्वाज, दिल्ली से मोंटी सूफी, हिसार के बाल कलाकार अभिनव ऐरन व सोनीपत से अजय दीवान भारती के मधुर भजनों व मनोरम झांकियों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। भजन गायकों ने सुंदर भजनों के माध्यम से भगवान परशुराम जी के जीवन चरित्र पर भी प्रकाश डाला। भगवान परशुराम जनकल्याण संस्थान के मुख्य संयोजक ज्योति प्रकाश कौशिक ने बताया कि भगवान परशुराम जागरण में शहर व आसपास गांवों से काफी संख्या में भक्तजनों ने शिरकत कर धर्मलाभ प्राप्त किया। भगवान परशुराम जागरण के यजमान व मुख्य सेवक वीरेंद्र चौधरी भोजराज थे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा



कि भगवान व महापुरुष सर्वसमाज के लिए मान्य होते हैं न की किसी जाति या धर्म विशेष के लिए। इसलिए भगवान परशुराम जी भी सभी जात, बिरादरियों सहित समस्त मानव समाज के लिए पूजनीय हैं। ज्योति प्रकाश कौशिक ने बताया कि जागरण में विशेष रूप से जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान डॉ. राजकुमार भारद्वाज, प्रसिद्ध शिक्षाविद एचके शर्मा, ब्राह्मण सभा हिसार के पूर्व प्रधान दर्शन कौशिक, केसी शर्मा, निगम पार्षद पिंकी शर्मा, मनोनीत पार्षद कैप्टन नरेंद्र शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सुशील शर्मा व पंकज दीवान, वरिष्ठ समाज सेवक पीएम गौतम, फरीदाबाद एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा के पुत्र शुभ शर्मा, युवा नेता व समाज सेवक विनय वत्स, खांडल विप्र महासभा हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष पीडी शर्मा, गौपुत्र सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार, पटेल नगर मार्किट एसोसिएशन के प्रधान वासुदेव शर्मा, डॉ. डीके शर्मा, गुप्ता अस्पताल से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नकुल गुप्ता, पूर्व पार्षद मान सिंह चौहान, स्वास्थ्य कर्मचारी नेता राजकुमार वर्मा, हांसी नगर परिषद के पार्षद निशु शर्मा आदि ने सम्मानित अतिथि के रूप में शिरकत की। ज्योति प्रकाश कौशिक ने बताया कि भगवान परशुराम जागरण के आयोजन में भगवान परशुराम जन सेवा समिति के संस्थापक योगेंद्र शर्मा, समिति उपप्रधान राजेश शर्मा, सेक्टर 14 ब्राह्मण सभा प्रधान रोशनलाल भारद्वाज, ऋषिलाल शर्मा खरड़-अलीपुर, राममेहर शास्त्री, गुरुदेव अत्री, ज्योतिषाचार्य एवं ब्रह्म संघ हरियाणा के संस्थापक देव शर्मा, खुशी फाउंडेशन के संस्थापक सुनील शर्मा, हिसार ब्राह्मण सभा के पूर्व सह-सचिव मेजर विजेंद्र ढंढेरी, भगवान परशुराम जन सेवा समिति कैंप पटेल नगर प्रधान दयाराम शर्मा, आजाद नगर प्रधान मोहन शर्मा, भगवान परशुराम जनकल्याण संस्थान संयोजक नवनीत कुमार, समाज सेविका बबली चाहर, कपिल नहला, मनोज कौशिक, भारत शर्मा बुरें, डॉ. वीरेंद्र कौशिक मंगाली, मोहन लाल शर्मा, अमित भारद्वाज आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## बारिश में टपकती प्लेटफार्म की छतें, डीआरएम बोले जल्द करो दुरुस्त

**अंबाला।** बिना बारिश के ही अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की छतें टपकती रहती हैं। 21 अप्रैल को दिल्ली से वापिस लौटे डीआरएम ने प्लेटफार्म एक के हालात देखकर मौके पर मौजूद रेलवे अधिकारियों को फटकार लगाई और उन्हें निर्देश दिए कि सभी प्लेटफार्म की छतों को दुरुस्त किया जाए। डीआरएम के निर्देशों पर कार्रवाई भी शुरू हो गई है। शुक्रवार को स्टेशन अधीक्षक के कमरे में एक बैठक हुई। इसमें सभी विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में यह सामने आया कि प्लेटफार्म एक से सात की छतों को दुरुस्त करने के लिए आईओडब्ल्यू की ओर से पहले ही पत्र इलेक्ट्रिकल विभाग को लिखा है, क्योंकि छत पर सोलर पैनल लगे हैं। छतों को रिपेयर करने से पहले सोलर पैनल को हटाना बेहद जरूरी है। इलेक्ट्रिकल विभाग की परेशानी ये है कि सोलर पैनल को उतार तो लें, लेकिन इसे रखेंगे कहां, क्योंकि सोलर पैनल के टूटने का खतरा है।




# सीतारमण बोलीं– क्रिप्टो को रेगुलेट करने के लिए वैश्विक सहमति जरूरी, मिलकर करना होगा काम

**बेंगलुरु ।**
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि क्रिप्टो के नियमन के लिए वैश्विक सहमति जरूरी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले कि भारत इस पर कोई कदम उठाए, एक वैश्विक टेम्पलेट बनाना पड़ सकता है और सभी को इस पर मिलकर काम करना होगा। अन्यथा इसे विनियमित करना प्रभावी नहीं होगा। हालांकि, मंत्री ने कहा कि इसका मतलब डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी को नियंत्रित करना नहीं है, जिसकी अपनी अच्छाई और क्षमता है। उन्होंने कहा, जी-20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है, यह भारत का प्रस्ताव था और इसे साथ लिया गया है। मुझे खुशी है कि जी-20 ने इसे इस साल के लिए अपने एजेंडे में रखा है। आईएमएफ ने क्रिप्टो करेंसी पर एक पेपर दिया है कि यह किस तरह से मैक्रोइकॉनॉमिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। जी-20 द्वारा गठित वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) एक रिपोर्ट देने के लिए सहमत हो गया है जो वित्तीय स्थिरता पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।

**एफएसबी और आईएमएफ की रिपोर्ट पर जुलाई में चर्चा** – सीतारमण ने कहा, उनकी (एफएसबी) रिपोर्ट और आईएमएफ की रिपोर्ट पर जुलाई में चर्चा होने होगी, जब वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नर जी-20 के तहत बैठक करेंगे और उसके बाद सितंबर में जी-20 देशों के प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों का शिखर सम्मेलन होगा जो भारत में होगा।

**फरवरी में हुई जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की पहली बैठक** – मंत्री यहां थिंकर्स फोरम, कर्नाटक के साथ बातचीत के दौरान डिजिटल या क्रिप्टो करेंसी के नियमन के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रही थीं। जी-20 इंडिया प्रेसीडेंसी के तहत जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की पहली बैठक 24-25 फरवरी को बेंगलुरु में हुई थी।क्रिप्टो करेंसी टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित, कोई सीमा नहीं सीतारमण ने कहा, डिजिटल करेंसी पूरी तरह से डिजिटल और टेक्नोलॉजी से संचालित हैं। टेक्नोलॉजी बहुत वितरित है, और कभी-कभी पहचान स्थापित करना बहुत मुश्किल होता है। हालांकि, इसमे क्षमता है, इसलिए इस पर सभी देशों को एक साथ आने पर काम करना होगा। उन्होंने कहा, कोई भी देश अकेले टेक्नोलॉजी संचालित क्रिप्टो संपत्ति के मामले में इसे प्रभावी ढंग से नियंत्रित नहीं कर सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 अप्रैल को शुरू होगी देश की पहली वाटर मेट्रोः कोच्चि में पीएम मोदी मेट्रो को दिखाएंगे हरी झंडी, प्रोजेक्ट में लगे 1136 करोड़



**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केरल के कोच्चि में देश की पहली वाटर मेट्रो सर्विस का उद्घाटन करने वाले हैं। पोर्ट सिटी कोच्चि में वाटर मेट्रो सर्विस को 1,136.83 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत कोच्चि सिटी से आस-पास के 10 आइलैंड्स को जोड़ा जाएगा। इस कभी न रुकने वाली कनेक्टिविटी का यह काम बैटरी-ऑपरेटेड इलेक्ट्रिक हाइब्रिड बोट्स से किया जाएगा। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कोच्चि वाटर मेट्रो को राज्य का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया है। एक ट्वीट में उन्होंने कहा कि साउदर्न स्टेट्स के ट्रांसपोर्ट एंड टूरिज्म सेक्टर्स के लिए अच्छा समय आने वाला है। विजयन ने लिखा, वर्ल्ड क्लास कोच्चि वाटर मेट्रो अपनी जर्नी के लिए तैयार है। यह कोच्चि में और उसके आसपास के 10 आइलैंड्स को जोड़ने वाला केरल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। कोच्चि वाटर मेट्रो प्रोजेक्ट में 78 इलेक्ट्रिक बोट्स और 38 टर्मिनल्स हैं, जिसकी लागत 1,136.83 करोड़ रुपए है। इस प्रोजेक्ट को गवर्नमेंट ऑफ केरल ने फंड किया है। एक जर्मन फंडिंग एजेंसी है। इस प्रोजेक्ट के पहले फेज में जल्द ही हाई कोर्ट-वाइपिन टर्मिनल्स से व्याटिला-कक्कनाड टर्मिनल्स तक सर्विस शुरू की जाएगी। यात्री कोच्चि-1 कार्ड का यूज करके कोच्चि मेट्रो और वाटर मेट्रो दोनों में यात्रा कर सकते हैं। इसके अलावा वे डिजिटल तरीके से टिकट बुक भी कर सकते हैं। पीएम मोदी 24 और 25 अप्रैल को मध्य प्रदेश, केरल, दादरा एंड नगर हवेली और दमन एंड दीव का दौरा करेंगे। 25 अप्रैल को वह तिरुवनंतपुरम सेंट्रल स्टेशन पर तिरुवनंतपुरम और कासरगोड के बीच केरल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे।

### मुकेश अंबानी की उम्मीदों पर खरे उतरे ईशा और आकाश, रिलायंस के तिमाही नतीजे कह रहे कामयाबी की कहानी



**नई दिल्ली ।** शायद ये रिलायंस इंडस्ट्रीज के इतिहास का स्वर्णिम काल चल रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की हर कंपनी मुनाफा कमा रही है। मुकेश अंबानी का बेटे आकाश अंबानी के हाथों में टेलीकॉम कंपनी जियो और बेटी ईशा अंबानी के हाथों में रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड को देने का फैसला सही साबित होता दिख रहा है। देश में इस वक्त सबसे ज्यादा मार्केट कैपिटलाइजेशन रिलायंस इंडस्ट्रीज का ही है। रिलायंस की टेलीकॉम कंपनी जियो और रिटेल बिजनेस ने बीते वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में रिकॉर्ड मुनाफा कमाया है। रिलायंस इंडस्ट्री ने रिजल्ट जारी कर बताया कि कंपनी का रेवेन्यू चौथी तिमाही में 19,299 करोड़ रुपये है, जो पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही के मुकाबले दो फीसदी ज्यादा है। रिजल्ट को देखें तो जियो ने 4,716 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया है, जो वित्त वर्ष 2021-22 की आखिरी तिमाही के मुकाबले 13 फीसदी ज्यादा है।

### जल्द नेशनल रिटेल ट्रेड पॉलिसी की अनाउंसमेंट करेगी सरकारः जीएसटी रजिस्टर्ड ट्रेडर्स के लिए इंश्योरेंस स्कीम भी लाएगी, बिजनेस करना होगा आसान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार जल्द ही जीएसटी रजिस्टर्ड ट्रेडर्स के लिए एक नेशनल रिटेल ट्रेड पॉलिसी और



एक्सीडेंट इंश्योरेंस स्कीम ला सकती है। एक अधिकारी के हवाले से जानकारी देते हुए बताया है कि प्रस्तावित पॉलिसी व्यापारियों को बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर और ज्यादा लोन देने में मदद करेगी। अधिकारी ने कहा कि सरकार की इस पॉलिसी में सस्ते लोन, रिटेल ट्रेड का मॉर्डनाइजेशन और डिजिटाइजेशन के साथ डिस्ट्रीब्यूशन चेन के लिए मॉर्डन इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट दिया जा सकेगा। इसके अलावा इसमें स्किल डेवलपमेंट, लेवर प्रोडक्टिविटी में सुधार, अफेक्टिव कंसल्टेशन और शिकायत निवारण मैकनिज्म भी शुरू किया जा सकता है। भारत दुनियाभर में रिटेल सेक्टर का पांचवां सबसे बड़ा डेस्टिनेशन है, ऐसे में कॉमर्स-इंडस्ट्री मिनिस्ट्रीऔर डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज साथ मिलकर एक ऐसी इंश्योरेंस स्कीम लाने के लिए काम कर रहे हैं, जिसका फायदा सभी जीएसटी रजिस्टर्स ट्रेडर्स को होगा।

## ट्विटर ने बिना सब्सक्रिप्शन वाले कई यूजर्स को ब्लूटिक लौटाया

# इसमें शाहरुख खान, उमर अब्दुल्ला शामिल ; कुछ मृत लोगों को भी ब्लू टिक वापस मिला



**सैन फ्रांसिस्को।**
ट्विटर ने उन लोगों के ब्लू वैरिफिकेशन बैज लौटा दिए जिनके 1 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। कुछ रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। दो दिन पहले यानी 21 अप्रैल को ट्विटर ने उस सभी के ब्लू टिक हटा दिए थे जिन्होंने ट्विटर ब्लू का सब्सक्रिप्शन नहीं लिया है। हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि यूजर्स को ब्लू बैज वापस मिलना कोई ग्लिच है या नहीं।

क्रिकेटर एमएस धोनी, बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान समेत कई सेलिब्रिटीज जिनके अकाउंट से ब्लू टिक गायब हो गए थे, उनके अकाउंट पर अब दोबारा ब्लू टिक दिखने लगा है। इनके अलावा ब्लू टिक दोबारा मिलने वालों में कुछ ऐसे लोगों के नाम भी शामिल है जिनकी मौत हो चुकी है। इनमें सुशांत सिंह राजपूत, इरफान खान, ऋषि कपूर जैसे नाम शामिल हैं।

### टिक वापस मिला

कई ऑफिशियल मीडिया अकाउंट को भी सब्सक्रिप्शन लिए बिना ब्लू टिक वापस मिल गया है। इसमें ग्रुप शामिल है। इनके अलावा यूएस पब्लिक रेडियो एनपीआर और कनाडा का पब्लिक ब्रॉडकास्टर सीबीसी को भी टिक वापस मिल गया है।

### पेमेंट नहीं करने पर भी उमर अब्दुल्ला को ब्लू टिक मिला

पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का भी ब्लू टिक वापस आ गया है। अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने ब्लू सब्सक्रिप्शन खरीदा नहीं है, इसके बावजूद उन्हें ब्लू टिक मिल गया है। वहीं जर्नलिस्ट निधि राजधान ने कहा कि उनका ब्लू टिक वापस आ गया है। इसके लिए उन्होंने पेमेंट नहीं किया है। सब्सक्रिप्सन नहीं लेने के बाद भी इन लोगों के अकाउंट के ब्लू टिक पर क्लिक करने पर मैसेज दिख रहा है कि उन्होंने ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन लिया है और फोन नंबर वैरिफाई किया है।

### जैक डॉर्सी के 6.5 मिलियन फॉलोअर, फिर भी नहीं मिला ब्लू टिक

हालांकि ट्विटर के को-फाउंडर रहे जैक डॉर्सी को उनका ब्लू टिक वापस नहीं मिला है। जबकि डॉर्सी के ट्विटर पर 6.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इससे पहले, ट्विटर के ष्श्वह्र एलन मस्क ने कहा था कि वह कुछ मशहूर हस्तियों के ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन के लिए पर्सनली पेमेंट कर रहे हैं। इनमें बास्केटबॉल स्टार लेब्रोन जेम्स, स्टार ट्रेक स्टार विलियम शैटनर और लेखक स्टीफन किंग शामिल थे। इन सभी ने कहा था कि वो ब्लू सब्सक्रिप्शन नहीं खरीदेंगे।

### अमिताभ बच्चन और सचिन तेंदुलकर ने पेमेंट किया

कई सेलिब्रिटीज ऐसे भी हैं जिन्होंने ब्लू सब्सक्रिप्शन के लिए पेमेंट किया है। इनमें एक्टर अमिताभ बच्चन, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर शामिल हैं। इन्होंने खुद ट्विटर पर ब्लू टिक लिए जाने की जानकारी दी। मस्क की नई ट्विटर वैरिफिकेशन पॉलिसी से पहले, केवल नोटेबल फिगर्स ही ब्लू टिक प्राप्त कर सकते थे। ये इसलिए था ताकि कोई भी उन्हें प्लेफॉर्म पर इम्पर्सनेट न करे, लेकिन अब जिसके पास पैसा है, वह मोबाइल नंबर वैरिफाई कराकर ब्लू टिक खरीद सकता है।

### लीगेसी ब्लू चेकमार्क हटाए जाने की आखिरी तारीख थी 20 अप्रैल

ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने 12 अप्रैल को ऐलान किया था कि लीगेसी ब्लू चेकमार्क हटाए जाने की आखिरी तारीख 20 अप्रैल है। ब्लू सब्सक्रिप्शन में यूजर्स को ट्वीट एडिट करने, 1080पी यानी एचडी क्वालिटी में वीडियो अपलोड करने, रीडर मोड और एक ब्लू चेकमार्क मिलता है। इसके अलावा रिप्लाई, मेंशन और सर्च में प्रायोरिटी मिलती है।

### वेब यूजर्स के लिए ब्लू सब्सक्रिप्शन की कीमत 650 रुपए

मस्क 2023 के अंत तक ट्विटर को फाइनेंशियली मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने रेवेन्यू बढ़ाने के लिए ब्लू सब्सक्रिप्शन जैसी कुछ सर्विस को मॉडिफाई किया है। भारत में एंड्रॉयड और आईओएस वाले मोबाइल यूजर्स के लिए ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस की कीमत 900 रुपए प्रति महीना है। वेब यूजर्स ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस 650 रुपए महीने में ले सकते हैं।

# निजी एयरलाइंस की ओर से दोबारा चेकिंग पर भड़के यात्री, अफसर बोले- यह प्रक्रिया सुरक्षा एडवायजरी का हिस्सा



**नई दिल्ली ।**
निजी एयरलाइंस द्वारा दोबारा जांच और मेटल डिटेक्टर जांच पर यात्रियों ने आपत्ति जताई है। इसपर ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से जांच पुख्ता की जा रही है। यात्रियों का कहना है कि एक बार सीआईएफ ने जांच की, बावजूद इसके निजी एयरलाइंस के कर्मचारी दोबार जांच कैसे कर रह है।

### लोगों ने इंटरनेट पर सवाल पूछा, अधिकारी ने दी सफाई

हवाई यात्रा कर रहे कुछ यात्रियों ने इंटरनेट के माध्यम से इसका विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली टर्मिनल-1 बस में चढ़ने से पहले प्रत्येक यात्रियों की जांच की जा रही है। बेवजह मेटल डिटेक्टर से जांच कर रहे हैं। क्या उन्हें सीआईएफ पर भरोसा नहीं है। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने बताया कि खतरे के अंदेशे के कारण समय-समय पर सुरक्षा सलाह जारी की जाती है। एयरलाइन कर्मचारियों जो जांच कर रहे हैं, वह हाल में जारी हुई सलाह पर किया जा रहा है।

### जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए चेकिंग के अलग नियम

सुरक्षा एजेंसी ने सभी निजी एयरलाइंस के लिए एडवाइजरी करते हुए कहा कि उत्तर-पूर्वी और जम्मू-कश्मीर की फ्लाइट्स छोड़कर सभी यात्रियों की दोबारा जांच की जाए। बता दें, उत्तर पूर्वी और जम्मू-कश्मीर जाने वाले सभी यात्रियों की दोबारा जांच पहले से ही आवश्यक की गई है। बीसीएएस की प्रमुख जिम्मेदारी अंतरराष्ट्रीय और घरेलू हवाई अड्डों पर नागरिक उड़ानों की सुरक्षा मानक तय करना है।

### पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टों आएंगे भारत

अधिकारी का कहना है कि भारत जी-20 समिट की मेजबानी कर रहा है। भारत एससीओ का अध्यक्ष है, जिस वजह से कई विदेशी अधिकारी और नेता भारत आएंगे। भारत इनकी मेजबानी करेगा। गोवा में एससीओ देशों के विदेश मंत्री की बैठक आयोजित होगी, जो चार और पांच मई को प्रस्तावित है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी भी मई में भारत आएंगे। बिलावल पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

# जल्द आएगी नेशनल रिटेल ट्रेड पॉलिसी, व्यापारियों को मिलेगा एक्सीटेंड इंश्योरेंस स्कीम का लाभ

**नई दिल्ली।**
केंद्र सरकार जल्द नेशनल रिटेल ट्रेड पॉलिसी और एक्सीटेंड इंश्योरेंस स्कीम का ऐलान कर सकती है। इस स्कीम का उद्देश्य जीएसटी पंजीकृत घरेलू व्यापारियों को सहायता प्रदान करना है। सरकारी अधिकारी की ओर से ये जानकारी दी गई।

अधिकारी की ओर से बताया गया कि इसका उद्देश्य व्यापारियों को बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर और अधिक क्रेडिट उपलब्ध कराना है।

### नेशनल रिटेल ट्रेड पॉलिसी में ये होंगी खासियतें

एक रिपोर्ट में बताया गया कि नेशनल रिटेल ट्रेड पॉलिसी में किफायती दरों पर व्यापारियों को कर्ज, मॉर्डर सुविधाएं, रिटेल ट्रेंड का डिजिटाइजेशन, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट के लिए आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना, स्किल को बढ़ावा देना, उत्पादकता में सुधार करना और किसी शिकायत का समाधान करने का मजबूत तंत्र जैसे प्रावधान दिए गए हैं। मौजूदा समय में भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी रिटेल मार्केट है। कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्ट्री



डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज के साथ मिलकर एक ऐसी इंश्योरेंस स्कीम पर काम कर रहे हैं जिसका लाभ सभी जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को मिलेगा। अधिकारी की ओर से बताया गया कि सरकार की कोशिश केवल ई-कॉमर्स के लिए पॉलिसी में बदलाव लाने की नहीं है, बल्कि नेशनल रिटेल पॉलिसी लाने की है, जिसका लाभ ऑफलाइन ट्रेडर को मिलेगा। इसमें एक साथ कई क्षेत्रों पर कार्य किया जाएगा।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने रिटेल ट्रेड पॉलिसी को लेकर कहा कि निश्चित रूप से इससे खुदरा व्यापार को व्यापाक बनाने में मदद मिलेगी, क्योंकि इसमें निश्चित मानदंड और बुनियादी सिद्धांत होंगे जिसके भीतर रिटेल ट्रेड का संचालन किया जाएगा।

# पीपीएफ अकाउंट के मैच्योर होने पर मिलते हैं 3 ऑप्शन : पैसा न निकालने पर मिलता रहेगा ब्याज, इन्वेस्टमेंट भी रख सकते हैं जारी

**नई दिल्ली।**
पब्लिक प्रोविडेंट फंड यानी पीपीएफ निवेश के लिए सबसे ज्यादा पसंद की जानी वाली स्कीम्स में से एक है। इसका मैच्योरिटी पीरियड 15 साल का रहता है। यानी 15 साल बाद आप चाहें तो अपना पूरा पैसा निकालकर पीपीएफ अकाउंट को बंद कर सकते हैं। लेकिन अगर आपको पैसे की उस समय जरूरत नहीं है तो आप अकाउंट को आगे बढ़ा सकते हैं। पीपीएफ अकाउंट के मैच्योर होने पर आपके पास 3 ऑप्शन होते हैं। आप आपे हिसाब से इनमें से किसी को भी चुन सकते हैं। आज हम आपको इनके बारे में बता रहे हैं।

**पहला ऑप्शनः 15 साल बाद अकाउंट बंद कर दें और पैसा निकाल लें** – पीपीएफ अकाउंट के मैच्योर होने पर अकाउंट बंद कर पूरा पैसा निकाल सकते हैं। पूरी राशि को अपने बचत खाते में ट्रांसफर करने के लिए आपको बैंक या पोस्ट ऑफिस (जहां आपका पीपीएफ अकाउंट है) में फॉर्म जमा करना होगा।




**दूसरा ऑप्शनः फ्रेश डिपॉजिट से अकाउंट को बढ़ा सकते हैं** – अगर खाते के मैच्योर के बाद आप अपना अकाउंट 5 साल के लिए बढ़ा सकते हैं। पीपीएफ अकाउंट बढ़ाने के लिए आपको पीपीएफ अकाउंट के मैच्योर होने के 1 साल के अंदर फॉर्म जमा करना होगा। इसके लिए मैच्योरिटी पूरा होने के एक साल पहले ही अर्जी देनी होगी। इन 5 सालों के दौरान जरूरत पड़ने पर आप पैसा निकाल भी सकते हैं।

**तीसरा ऑप्शनः बिना फ्रेश डिपॉजिट के अकाउंट को आगे बढ़ाना** – पीपीएफ अकाउंट मैच्योर होने के बाद भी एक्टिव रहता है। अगर आप ऊपर वाला ऑप्शन नहीं चुनते हैं तो अपने आप आपकी पीपीएफ मैच्योरिटी तारीख 5 सालों के लिए बढ़ जाती है। लिए आपको जिस बैंक या पोस्ट ऑफिस में आपका अकाउंट है वहां आपको किसी तरह का योगदान करने की जरूरत भी नहीं रहेगी और आपको ब्याज मिलता रहता है। दूसरे या इस ऑप्शन को चुनने पर आप कितने भी सालों के लिए पीपीएफ में निवेश कर सकते हैं। पीपीएफ अकाउंट पर इस समय 7.1प्रतिशत सालाना ब्याज मिल रहा है। इस स्कीम के जरिए अगर आप हर महीने 1 हजार रुपए निवेश करते हैं तो आपको 15 साल बाद 3 लाख 18 हजार रुपए मिलेंगे। वहीं 20 साल तक 1 हजार रुपए महीना निवेश करने पर आपको 5 लाख 32 हजार रुपए मिलेंगे। यहां जानें इसमें निवेश करने पर आपको कितना फायदा होगा।

एक पीपीएफ अकाउंट किसी पोस्ट ऑफिस या बैंक में अपने नाम से और नाबालिग की तरफ से किसी और व्यक्ति द्वारा खोला जा सकता है। हालांकि, नियमों के अनुसार, एक हिंदू अविभाजित के नाम पर एक पीपीएफ अकाउंट खोला नहीं जा सकता है।

# देखते-देखते इलेक्ट्रिक कार के क्षेत्र में इतनी ताकत कैसे बन गया चीन

**बीजिंग।**
**कोरोना प्रतिबंधों के कारण तीन साल तक पश्चिमी कार कंपनियों के अधिकारी चीन के कार उद्योग में हुई प्रगति पर नजर नहीं रख पाए। इसलिए इस बार जब वे शंघाई मोटर शो में आए, तो भौंचक रह गए। उन अधिकारियों ने अपनी आंखों से देखा कि इस अवधि में चीन के कार उद्योग ने कितनी तेजी से उन्नति की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक खासकर चीनी कंपनियों के कई तरह के इलेक्ट्रिक कार मॉडलों और बैटरी टक्नोलॉजी ने पश्चिमी अधिकारियों को चकित कर दिया। इससे उन्हें यह अहसास हुआ कि अब आगे उनके सामने प्रतिस्पर्धा की कैसी चुनौती है।**



जर्मनी के कार उद्योग कंसल्टैंट फैबियन ब्रांड्ट ने बातचीत में कहा कि हमारे सामने सच से सामना करने का वक्त उपस्थित हुआ है। ब्रांड्ट 2019 के बाद पहली बार चीन आए। उन्होंने देखा कि इस बीच की अवधि में चीन की इलेक्ट्रिक कार कंपनियों ने किस तरह स्थानीय बाजार में अपना दबदबा कायम कर लिया है। इसके बाद अब ये कंपनियां अमेरिकी और यूरोपीय कंपनियों को उनके घरेलू बाजार में टक्कर देने के लिए तैयार दिख रही हैं।

चीन दुनिया में इलेक्ट्रिक वाहनों का सबसे बड़ा बाजार पहले ही बन चुका है। इलेक्ट्रिक कारों के निर्यात के मामले में 2022 में वह जर्मनी से आगे निकल गया। अब अनुमान है कि 2023 में वह जापान को भी पीछे छोड़ कर इस मामले में दुनिया में नंबर एक हो जाएगा। ओलिवर वायमैन नाम की कंसल्टैंसी के प्रमुख ब्रांड्ट ने बताया कि चीन ने कार के इन्फोटैनमेंट फीचर्स में बड़ी उन्नति की है। इन कारों में प्रायोगिक आधार पर कैमरे और सेंसर लगाए गए हैं, जिनसे कारें स्वचालित ड्राइविंग में सक्षम हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि इस रूप में अब चीनी कंपनियां कई स्थापित वैश्विक कंपनियों का बजट बिगाड़ने को तैयार दिख रही हैं।

चीन में पूरी तरह बैटरी से चलने वाली कारों और प्लग इन हाइब्रिड वाहनों की बिक्री तेजी से बढ़ी है। 2019 में वहां ऐसी 12 लाख कारें बिकी थीं, जबकि पिछले साल यह संख्या 70 लाख तक पहुंच गई। अब चीनी कंपनियों ने इलेक्टिरक वाहन सप्लाई चेन पर अपना दबदबा कायम कर लिया है। ऐसी कारों में इस्तेमाल होने वाली सबसे महंगी सामग्रियों के 80 फीसदी बाजार पर अब चीन का कब्जा है।

2019 में चीनी कंपनियां एक्सपेंग और नियो अभी एक स्टार्टअप ही थीं। लेकिन पांच साल के अंदर अब वे जर्मनी की फॉक्सवैगन, जापान से टोयोटा और अमेरिका के फॉर्ड एवं जीएम जैसी कंपनियों को टक्कर दे रही हैं। आज दुनिया में इलेक्ट्रिक कार के सबसे ज्यादा बिकने वाले दस में आठ मॉडल चीनी कंपनी बीवाईडी के हैं। इस कंपनी में वॉरेन बुफेट का भी निवेश है।

चीन की बढ़ी भूमिका को देखते हुए शंघाई कार शो के दौरान जर्मन कंपनी फॉक्सवैगन ने चीन के हाफेई में एक बिलियन यूरो के निवेश से एक नया आविष्कार सेंटर खोलने का एलान किया। विश्लेषकों ने कहा है कि इस तरह हाई टेक में चीन को अलग-थलग करने की पश्चिम में चल रही मुहिम को खुद पश्चिमी कंपनियां नाकाम कर रही हैं। इसकी साफ वजह चीन से जुड़ा मुनाफा है।

# शाहरुख और कियारा होंगे भंसाली की इंशाअल्लाह में


**–शाहरुख ने कहानी सुनने के बाद हामी भर दी**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के फिल्म निमार्ता संजय लीला भंसाली एक बार फिर से अपनी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी को शुरू करने जा रहे हैं। लेकिन इस बार न सिर्फ नायिका बदल गई है अपितु नायक भी बदल गया है। बताया जा रहा है कि संजय लीला भंसाली ने अपनी फिल्म इंशाअल्लाह के लिए शाहरुख खान को अप्रोच किया है। कहा तो यह भी जा रहा है कि उन्होंने शाहरुख को इस फिल्म की कहानी सुनाई है जिसे सुनने के बाद शाहरुख खान ने इस फिल्म को करने के लिए हामी भर दी है। वहीं दूसरी अब नायिका के तौर पर भंसाली कियारा आडवाणी को लेने का मानस बना रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो यह पहली बार होगा जब शाहरुख खान कियारा आडवाणी संग रोमांस करेंगे। संजय लीला भंसाली इंशाअल्लाह को दोबार कब शुरू करते हैं यह अभी तय नहीं है क्योंकि शाहरुख खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्मों डंकी और जवान को लेकर व्यस्त हैं। शाहरुख खान की जवान इस वर्ष 2 जून को प्रदर्शित होने जा रही है, जिसके लिए हाल ही में शाहरुख ने एक गीत का फिल्मांकन दीपिका पादुकोण के साथ किया है। इस गीत को कोरियोग्राफ किया है फराह खान ने। फिल्म का निर्देशन एटली कुमार कर रहे हैं। वहीं उनकी दूसरी फिल्म डंकी है जो क्रिसमस के मौके पर प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म का निर्माण शाहरुख खान ने राजकुमार हिरानी के साथ मिलकर किया है। उसके बाद वे आगामी वर्ष यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म टाइगर बनाम पठान को शुरू करेंगे जिसका निर्देशन सिद्धार्थ आनन्द करने जा रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग आगामी वर्ष जनवरी से शुरू होने जा रही है। यह फिल्म 2025 में प्रदर्शित होगी। इसके बाद ही संजय लीला भंसाली इंशाअल्लाह को शाहरुख खान के साथ शुरू कर सकते हैं। बता दें कि वर्ष 2020 में संजय लीला भंसाली ने सलमान खान को लेकर प्रेम कहानी इंशाअल्लाह बनाने की मेगा बजट घोषणा की थी। इस फिल्म में पहली बार सलमान खान के साथ आलिया भट्ट को पेश किया जा रहा था। फिल्म की घोषणा होते ही बॉलीवुड में हंगामा मच गया था, कारण सलमान खान को लेकर संजय लीला भंसाली हम दिल दे चुके सनम और सांवरिया दे चुके थे। ऐसे में कहा जाने लगा था कि एक और ब्लॉकबस्टर बॉक्स ऑफिस को मिलने वाली है। लेकिन क्रिएटिव डिफरेंस के चलते सलमान खान ने संजय लीला भंसाली की फिल्म को होल्ड पर रख दिया। इस बात की उन्होंने अपने ट्विट के जरिये जानकारी दी थी। संजय लीला भंसाली आलिया भट्ट को मेहनताना दे चुके थे और उनकी तारीखें ले चुके थे। ऐसे में उन्होंने बिना देर किए आलिया भट्ट को लेकर फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी को शुरू कर दिया। गत वर्ष इस फिल्म ने बडे परदे पर धमाकेदार व्यवसाय करने में सफलता प्राप्त की।

# मलाइका ने अर्जुन संग शेयर की रोमांटिक तस्वीरें

**–यूरोप की सड़कों पर फरमा रहे हैं इश्क**



**मुंबई (ईएमएस)।** मॉडल व एक्ट्रेस मलाइका अरोरा ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा की है। इन फोटो में अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा एक-दूजे संग कॉजी होता नजर आ रहा है। मलाइका ने इंस्टाग्राम पर एक नहीं बल्कि तीन तस्वीरें शेयर की है। इन तस्वीरों में दोनों एक-दूसरे को गले लगाए पोज देते नजर रहे हैं। मलाइका ने कैप्शन में लिखा, गर्म और कॉजी। जब भी मैं तुम्हारे करीब होती हूं तो ऐसा ही लगता है।


इस कैप्शन के साथ उन्होंने अर्जुन कपूर को टैग किया है। इससे पहले भी इस कपल ने अपनी तस्वीरें साझा की थी। बता दें, अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा की लव स्टोरी कुछ साल पुरानी है। पहले तो दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया था, लेकिन जब से उन्होंने अपने प्यार को पब्लिक किया है, तभी से वह दोनों वेकेशन से लेकर बी टाउन की पार्टीज तक में एक दूसरे का हाथ थामे नजर आते हैं। हाल ही में ब्राइड्स टुडे को दिए एक इंटरव्यू में मलाइका ने खुलासा किया था कि वो दोबारा शादी करने के बारे में सोच रही हैं। उन्होंने कहा था, बेश-क, मैंने इसके बारे में सोचा है। मैं प्यार में विश्वास करती हूं..। लेकिन मैं इस बात का जवाब नहीं दे सकती कि मैं दोबारा शादी कब करूंगी, क्योंकि मैं कुछ चीजों को सरप्राइज रखना चाहती हूं...सब पहले बताने से उसका मजा खत्म हो जाता है। अर्जुन कपूर हाल ही में फिल्म कुत्ते में नजर आए थे। अब एक्टर जल्द फिल्म द लेडी किलर में नजर आएंगे। इसके अलावा मेरे हसबैंड की बीवी में नजर आएंगे। तो वहीं मलाइका अरोड़ा का नया गाना तेरा की ख्याल का रिलीज हुआ था। इसमे उनकी जोड़ी गुरु रंधावा संग नजर आई। बता दें कि बॉलीवुड का मोस्ट फेवरेट कपल अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा इन दिनों वेकेशन मूड में है। ये कपल यूरोप में एक-दूसरे के साथ रोमांटिक वक्त बिता रहा है।

# आलिया की चप्पल उठाने को लेकर ट्रोल हुए रणबीर कपूर



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को बॉलीवुड का बेस्ट कपल कहा जाता है। जहां रणबीर हमेशा आलिया का ख्याल रखते नजर आते हैं वहीं आलिया भी रणबीर की तारीफ करने का एक भी मौका नहीं छोड़ती हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर रणबीर और आलिया का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो को लेकर नेटिजेंस ने रणबीर को खूब ट्रोल किया है। पामेला चोपड़ा के निधन के बाद रणबीर और आलिया आदित्य चोपड़ा के घर उनसे मिलने पहुंचे थे। दोनों का वीडियो सामने आया है। रणबीर और आलिया आदित्य चोपड़ा के घर पहुंचे। घर में घुसने से पहले आलिया ने डोर स्टेप पर अपनी चप्पल उतारी और आगे बढ़ गईं, पीछे आ रहे रणबीर ने आलिया की चप्पल उठाकर अंदर एक तरफ रख दी। रणबीर का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दोनों इस बार बेहद कैजुअल लुक में नजर आए। आलिया ने सफेद लखनवी कुर्ती पहनी थी जबकि रणबीर सफेद टी-शर्ट और नीली जींस में नजर आए। इस वीडियो को देखने के बाद कुछ यूजर्स रणबीर की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर रणबीर-आलिया को बेस्ट कपल बताया जा रहा है। एक यूजर ने लिखा, "आदमी उसी औरत की चप्पल उठाता है जिसे वह पसंद करता है।" वहीं दूसरे ने लिखा, किस तरह रणबीर ने उठाई आलिया की चप्पल!" एक तीसरे यूजर ने लिखा, "यार नफरत फैलाना बंद करो, ये उसकी कितनी परवाह करता है। दूसरी तरफ नेटिजेंस रणबीर को ट्रोल करते नजर आ रहे हैं। कुछ यूजर्स रणबीर की इस हरकत को बेवकूफी बता रहे हैं। वे चप्पल पहनने को लेकर ट्रोल हो रहे हैं तो कोई इसे ओवर एक्टिंग की दुकान बता रहा है। कुछ यूजर्स रणबीर को लेकर मजेदार कमेंट भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है- "भैया चप्पल चोरी हो गई तो पति हार जाएगा, स्मार्ट है।" एक यूजर ने लिखा, "ओह, चप्पल चोरी हो गई तो।" रणबीर-आलिया की शादी को एक साल हो गया है। ब्रह्मास्त्र की शूटिंग के दौरान दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया था। इसके बाद दोनों ने 14 अप्रैल 2022 को शादी कर ली। आलिया और रणबीर की बेटी राहा का जन्म 6 नवंबर को हुआ। रणबीर आलिया की फिल्मों की बात करें तो रणबीर जल्द ही फिल्म एनीमल में नजर आएंगे। आलिया फिलहाल करण जौहर की रॉकी और रानी की लव स्टोरी में व्यस्त हैं।

# अक्षय तृतीया के दिन 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर और लिरिकल ऑडियो क्लिप हुआ रिलीज




साउथ एक्टर प्रभास की फिल्म 'आदिपुरुष' एक बार फिर चर्चा में है। अक्षय तृतीया के अवसर पर, 'आदिपुरुष' की टीम ने पांच अलग-अलग भाषाओं में उनकी एक लिरिकल ऑडियो क्लिप शेयर की है। दरअसल इस फिल्म का टीजर पिछले साल शेयर किया गया था। उस वक्त इसमें वीएफएक्स इफेक्ट देखकर दर्शकों ने कहा था कि यह किसी कार्टून फिल्म की तरह है। इसी बीच अब ऑडियो क्लिप जारी होने के बाद सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा होने लगी है। इस फिल्म में प्रभास श्रीराम का किरदार निभा रहे हैं। प्रभास हाथ में धनुष बाण लिए भगवान श्री राम के रोल में नजर आ रहे हैं और इस ऑडियो क्लिप में 'तेरे ही भरोसे हैं हम, तेरे ही सहारे. दुविधा की घड़ी में ये मन तुझको ही पुकारे, तेरे ही बल से है बल हमारा, तू ही करेगा, मंगल हमारा, मंत्रों से बढ़के तेरा नाम, जय श्री राम राजा राम" सुनाई दे रहा है। यह लिरिकल ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हर जगह इसकी चर्चा हो रही है। फिल्म की घोषणा 12 जनवरी 2023 को एक टीजर शेयर कर की गई थी, लेकिन फिल्म के टीजर को बेहद खराब रिस्पॉन्स मिला था। इसके बाद मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट टाल दी थी। अब अक्षय तृतीया के मौके पर 'आदिपुरुष' का मोशन पोस्टर शेयर किया गया है। यह फिल्म 16 जून 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म में प्रभास और कृति सेनन के अलावा सैफ अली खान और सनी सिंह भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। यह फिल्म हिन्दी, तेलुगू, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आदिपुरुष का बजट 500 करोड़ रुपये है। ऐसे में अब लोग यह देखने के लिए बेताब हैं कि फिल्म को दर्शकों का कैसा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

# दिलजीत कोचेला में परफॉर्म करने वाले पहले पंजाबी



अभिनेता व गायक दिलजीत दोसांझ ने कोचेला म्यूजिक फेस्टिवल 2023 में परफॉर्मेंस देकर बड़ा स्थान प्राप्त किया है। दोसांझ कोचेला में परफॉर्म करने वाले पहले पंजाबी बन गए हैं। खबर है कि दिलजीत दोसांझ कोचेला म्यूजिक फेस्टिवल में एक और परफॉर्मेंस देने जा रहे हैं। 22 अप्रैल को दिलजीत कोचेला स्टेज पर दूसरी बार परफॉर्म करते नजर आएंगे। इस बात की जानकारी खुद दिलजीत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर दी है। बता दें कि कोचेला फेस्टिवल में दुनिया भर के नामी कलाकार परफॉर्म करते हैं, जिसमें इस बार दिलजीत दोसांझ ने शामिल होकर पंजाबियों की शान बढ़ाई है। इस उपलब्धि का पूरा देश जश्न मना रहा है।

# फिर सुर्खियों में आ गए हनी सिंह



कई दिनों मशहूर रैपर हनी सिंह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। बताया जा रहा है कि उनका अपनी पहली पत्नी शालिनी तलवार से तलाक हो गया। तलाक के कुछ दिनों बाद ही हनी सिंह को नई गर्लफ्रेंड मिल गई है, जिससे वह फिर सुर्खियों में आ गए हैं। शालिनी से तलाक लेते ही हनी सिंह मॉडल टीना थंडानी के साथ रिलेशनशिप में आ गए हैं, लेकिन अब लगता है कि हनी सिंह ने टीना से भी ब्रेकअप कर लिया है। दरअसल, हनी सिंह ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने इस बात का खुलासा किया है। हनी सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, आखिरकार सच्चे साथी से बढ़कर दुनिया में कोई गहरी इच्छा नहीं है, लेकिन भगवान चाहता है कि मैं अकेला रहूं। हनी सिंह के इस पोस्ट में उनके ब्रेकअप का दर्द साफ नजर आ रहा है। इतना ही नहीं हनी सिंह ने टीना के साथ सभी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया से भी डिलीट कर दिए हैं और दोनों ने एक दूसरे को सोशल मीडिया से अनफॉलो भी कर दिया है।

# बॉबी की फिल्म एनिमल की शूटिंग हुई पूरी



अपकमिंग फिल्म एनिमल की शूटिंग हाल ही में पूरी हुई। इस फिल्म में बॉबी देओल और रणबीर कपूर ने साथ-साथ काम किया है। एक वीडियो में दोनों एक्टर्स सेट पर रैप-अप पार्टी करते नजर आ रहे हैं और केक काट रहे हैं। वीडियो में पूरी टीम को जश्न मनाते हुए देखा जा सकता है।एनिमल का निर्माण भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा किया गया है। फिल्म में अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना भी हैं। यह 15 अगस्त को रिलीज होने वाली है। शूटिंग खत्म करते हुए, बॉबी ने कहा, सेट पर बिताया गया हर पल शानदार था। रणबीर के साथ काम करने में काफी मजा आया, वह अच्छे को-स्टार हैं और एनीमल की पूरी टीम बहुत खुश है। मैं उत्साहित हूं और रिलीज का इंतजार कर रहा हूं।


# महिला पहलवान हेतल की कहानी बताएगी सूमो दीदी

**–भारत की एकमात्र महिला सूमो पहलवान है हेतल**



**मुंबई (ईएमएस)।** अपकमिंग बायोपिक सूमो दीदी नाम की भारत की एकमात्र पेशेवर महिला सूमो पहलवान हेतल दवे की कहानी है। फिल्म के टीजर में एक्ट्रेस श्रीयम को द्रढ़ करेक्टर में दिखाया गया है। फिल्म में श्रीयम भगनानी मुख्य भूमिका में होंगे। जयंत रोहतगी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नितेश पांडे, चैतन्य शर्मा और राघव धीर भी हैं। श्रीयम भगनानी ने हेतल दवे का किरदार निभाने को बड़ा सम्मान करार दिया है। उन्होंने कहा, इस भूमिका के लिए तैयारी करना सम्मान की तरह रहा है, और मैं इस तरह के एक साहसी और प्रभावशाली व्यक्ति को पर्दे पर लाने के अवसर के लिए आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि हमारी फिल्म हर उम्र की महिलाओं को अपने सपनों का पीछा करने और कभी हार न मानने के लिए प्रेरित करेगी, चाहे वे कितनी भी चुनौतियों का सामना करें। सीरीज के पीछे की प्रेरणा हेतल दवे ने भारत की पहली और एकमात्र महिला सूमो पहलवान के रूप में इतिहास बनाया और 2008 में, उन्होंने लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्डस में भी जगह बनाई। उसने पोलैंड, फिनलैंड, एस्टोनिया और ताइवान सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। 2009 के विश्व खेलों में, वह महिलाओं के मिडलवेट वर्ग में पांचवें स्थान पर रहीं। सूमो रेसलिंग भारत में मान्यता प्राप्त खेलों में नहीं है, फिर भी दवे ने कई प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, और दुनिया की 150 निडर महिलाओं में अपना नाम दर्ज कराया है। श्रीयम ने आगे कहा, मेरे लिए, यह एक शानदार शुरूआत है, और मैं उस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को पहचानती हूं जो मैं कर रही हूं। एक वास्तविक जीवन पर आधारित बायोपिक के रूप में, मैं हेतल मैम की यात्रा को सूमो दीदी में सटीक रूप से चित्रित करना अपनी सबसे बड़ी जिम्मेदारी मानती हूं। फिल्म में अपने परफॉर्मेंस के माध्यम से उनकी कहानी के साथ न्याय करना मेरी इच्छा है।

# आमिर संग अपनी दोस्ती को याद किया कंगना ने



एक्ट्रेस कंगना रनौत बॉलीवुड की एक दमदार एक्ट्रेस तो हैं ही, इसके साथ ही वो अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। एक्ट्रेस को जो चीज जहां खटकती है, उसे प्वाइंट आउट करने में वह जरा सी भी देर नही लगातीं। कंगना इंडस्ट्री के लोगों की भी कई बार क्लास लगाती नजर आई हैं। हालांकि, कई स्टार्स की उन्हें तारीफ भी करते देखा गया है। अब हाल ही में कंगना ने सुपरस्टार आमिर खान संग अपनी दोस्ती को याद किया है और इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी शेयर किया है।

# ईद के दिन अपने कपड़े को लेकर ट्रोल हुई उर्फी जावेद



उर्फी जावेद अपने बोल्ड अंदाज के लिए जानी जाती हैं। उर्फी जावेद अक्सर अपने कपड़ों के लिए ट्रोल की जाती हैं। उर्फी जावेद को असली पहचान बिग बॉस ओटीटी से मिली थी। हाल ही में उर्फी जावेद ने सोशल मीडिया पर बिकिनी में कुछ खास फोटोज शेयर की हैं। इस फोटो में उर्फी जावेद अपने दोस्तों के साथ मस्ती करती नजर आ रही हैं। फोटो के साथ उर्फी जावेद ने कुछ वीडियो भी शेयर किए हैं।

इस फोटो में उर्फी जावेद बिकिनी में नजर आ रही हैं और वही कई लोगों को उर्फी जावेद का ये लुक बिल्कुल पसंद नहीं आया। उर्फी जावेद अब ईद के दिन अपनी बिकिनी फोटो शेयर करने को लेकर चर्चा में आ गई हैं। कई लोग उर्फी जावेद को सलाह दे रहे हैं कि कम से कम इस दिन तो अच्छे कपड़े ही पहनने चाहिए। एक ने लिखा कि ईद के दिन भी तुम ईद जैसे कपड़े पहनती हो। एक अन्य ने लिखा कि, उर्फी जावेद आज भी अच्छे कपड़े पहनकर फोटोशूट करातीं। एक ने उर्फी जावेद को याद दिलाया कि आज ईद है।

## सूडोकु नवताल- 6410

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6409 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7157

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ | क | म | हें | द्र | ग | अं | बा | ला | ल | ट |
| द | री | ल | प्रे | व | जी | स | द | ह | क | ड़ |
| पा | नी | प | त | दी | छ | हि | अ | र्म | र | क |
| इं | स | ल | क | दि | वा | स | सा | ल | ना | क |
| डि | आ | त | ग | फ | ज | ना | तू | र | ल | क |
| य | ह | द | गु | दि | री | उ | ती | ण | घ | क |
| रो | व | ल | ड़ | या | प | दा | जू | भि | व | रा |
| क | एं | ऊ | गां | द | ब | क | बा | ए | वा | क |
| क | ड | ल | व | र्द | गी | स | री | द | प | नी |
| क | गॉ | ल | प | म | हें | द्र | ग | ढ़ | प | द |
| य | मु | ना | न | ग | र | स | य | ब | प | म |

*शब्द जाल में हरियाणा के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

अंबाला,भिवानी,फरीदाबाद,यमुनानगर, पानीपत, गुड़गांव, करनाल, महेंद्रगढ़, रोहतक, हिसार

### शब्दजाल - 7156 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | क | ल | व | ग | सा | ना | क | प | ल | आ |
| र | ब | ल | न | व | ग | ग | से | म | ल | म |
| त | स | र | ल | र्म | वा | पु | रा | रा | ख | क |
| क | ज | ज | ग | पु | न | न | प | न | ली | क |
| यू | क | दो | ग | द | लं | का | ब | ग | झ | क |
| क | क | ल | प | ह | झ | पू | ना | बू | घ | को |
| लि | अ | दे | व | ना | र | ल | श | र | ल | ल |
| प्ट | ता | दा | ई | धा | ब | क | फ | लो | श | पा |
| स | बा | चे | न | पी | प | ल | र | नी | प | कि |
| द | पा | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | बें | म | स्ता |
| गु | ल | मो | ह | र | न | रा | बा | द | प | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6110

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 2 | |
| 6 | 35 | 5 | 30 | | 25 | |
| 7 | | 2 | | 3 | | 4 |
| 1 | 33 | | 31 | | 29 | 2 |
| | 6 | 4 | | 5 | | 7 |
| | 33 | 3 | 31 | | 37 | |
| 5 | | | 4 | | 6 | 3 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6109 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 6 | 37 | 6 | 29 | 2 | 29 | 1 |
| 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 32 | 4 | 29 | 4 | 35 | 4 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 |
| 7 | 33 | 2 | 32 | 6 | 37 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# ज्योति ने देश को दिलाए दो स्वर्ण, मिश्रित टीम के एकल वर्ग में भी किया कमाल

**नई दिल्ली ।**

कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेनम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भारत को विश्वकप तीरंदाजी के पहले चरण में दोहरी स्वर्णिम जीत दिला दी। उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा मिश्रित टीम स्पर्धा में जोड़ीदार ओजस देवतले के साथ भी गोल्ड जीता।पहले उन्होंने 20 साल के ओजस के साथ यहां चीनी ताइपे की टीम को 159-154 से हराकर मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीतकर खाता खोला। दोपहर के सत्र 2021 की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता ज्योति ने कोलंबिया की सारा लोपेज को 149-146 से हराकर पहली बार स्वर्ण जीता। इसके साथ ही ज्योति ने 2021 में हुई विश्व चैंपियनशिप में कोलंबियाई प्रतिद्वंद्वी से मिली 144-146 की हार का हिसाब भी बराबर कर लिया।

### एक अंक से विश्व रिकॉर्ड चूका

भारतीय जोड़ी एक अंक से विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूक गई। ज्योति और 20 वर्षीय देवतले की दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल एक अंक गवाया नहीं तो स्कोर 160 में से 160 होता। ज्योति ने अपने 8 में से 8 तीर परफेक्ट 10 अंकों वाले लगाए लेकिन ओजस एक में चूक और नौ अंक ही ले सके।

### मिश्रित कंपाउंड में दूसरा स्वर्ण

भारत का मिश्रित कंपाउंड स्पर्धा में यह विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले ज्योति और अभिषेक वर्मा ने पेरिस में 2022 में विश्वकप के तीसरे चरण में स्वर्ण पदक जीता था। राष्ट्रीय ट्रायल्स में टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे वर्मा की अनुपस्थिति के बावजूद भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया तथा 16 निशानों में से 15 निशाने सही लगाकर अपनी 12वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंदी टीम को एकतरफा फाइनल में आसानी से हराया। ज्योति और देवतले ने लगातार परफेक्ट 10' का स्कोर बनाया और जल्द ही 120-116 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद भी उन्होंने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर आसानी से पहला स्थान हासिल किया।

भारत रिकर्व वर्ग में दो पदक की होड़ में है। भारत की पुरुष रिकर्व टीम चीन के साथ स्वर्ण पदक की होड़ करेगी जबकि सेना के धीरज सेमीफाइनल में पहुंच चुके है और एक जीत उनका पदक तय कर देगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अर्पिता की ईद पार्टी में धोनी की पत्नी और बेटी ने सभी का ध्यान खींचा



**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की बहन अर्पिता और बहनोई आयुष शर्मा ने ईद के अवसर पर एक पार्टी का आयोजन किया। इस पार्टी में बॉलीवुड के साथ ही कई अन्य क्षेत्रों की दिग्गज हस्तियों ने भाग लिया। इसमें भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी धोनी और उनकी नन्हीं सी बेटी जीवा भी शामिल हुईं। इस दौरान साक्षी और जीवा दोनों ही पारंपरिक पोशाक में नजर आयीं। साक्षी धोनी ने जहां क्रीम रंग का लहंगा पहना था। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को ओपन स्टाइल में बनाया था। वहीं जीवा भी मां से मैचिंग करती हुई पोशाक में बेहद मासूम नजर आ रहीं थीं। साक्षी और जीवा का ये वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने इनकी सादगी वाले लुक की जमकर प्रशंसा की है। लोगों को इनका यह सादा लुक बेहद पंसद आया है।

### बार्सिलोना ओपनः अल्काराज का खिताबी मुकाबला सितसिपास से



**बार्सिलोना।** शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटेन के डेनियल इवांस को 6-2, 6-2 से हराकर बार्सिलोना ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां उनका मुकाबला यूनान के स्टेफानोस सितसिपास से होगा। अल्काराज 2016-18 तक लगातार तीन वर्ष खिताब जीतने वाले राफेल नडाल के बाद अपने खिताब का बचाव करने वाला पहला खिलाड़ी बनने का प्रयास कर रहे हैं। अल्काराज का इस वर्ष 22-2 का रिकॉर्ड है। वह 2023 में अपने तीसरे टूर लेवल खिताब के लिए फाइनल में सितसिपास से मुकाबला करेंगे। ब्यूनस आयर्स और इंडियन वेल्स के चैंपियन का सितसिपास के खिलाफ 3-0 का करियर रिकॉर्ड है। उन्होंने पिछले साल बार्सिलोना के क्वार्टरफाइनल में सितसिपास को तीन सेटों में हराया था। अल्काराज ने सात ब्रेक अंकों में से पांच को भुनाते हुए मुकाबला 81 मिनट में जीत लिया। अल्काराज ने कहा, बार्सिलोना में फाइनल खेलना विशेष है। इस टूर्नामेंट में खेलना मुझे बहुत पसंद है। मैं जब युवा था तब मैं यह टूर्नामेंट देखने आता था। जब मैं 11 या 12 साल का था तो मैं इस क्लब के लिए खेलता था। यहाँ दोबारा ट्रॉफी उठाना मेरे लिए विशेष होगा।

### टोरिनो ने सेरी ए में लाज़ियो की जीत का सिलसिला तोड़ा



**रोम।** सेरी ए टूर्नामेंट में लाज़ियो की जीत का सिलसिला उस समय टूट गया जब वह घरेलू मैदान पर टोरिनो से 1-0 से हार गई। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि लाज़ियो ने खेल से पहले चार मैच लगातार जीता था, लेकिन उनके सनसनीखेज फॉर्म को इवान इलिक ने तोड़ दिया। इवान इलिक ने 43वें मिनट में गोल कर टोरिनो को 1-0 से जीत दिलाई। लाज़ियो 61 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, लेकिन जुवेंटस अगर नेपोली को हरा देता है तो लाजियो तीसरे स्थान पर आ सकता है। इसके अलावा सलेर्निटाना ने सासुओलो को 3-0 से हरा दिया और सम्पदोरिया ने स्पेज़िया के साथ 1-1 से मैच साझा किया।

# वैश्विक विश्वविद्यालयों के समर्थन से खेल प्रबंधन पाठ्यक्रम की पेशकश करेगा आईआईएम

**नई दिल्ली ।**

खेलों को शिक्षा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है। देश की नई शिक्षा नीति में भी इसके प्रावधान हैं। उच्च शिक्षा के सबसे अग्रणी संस्थानों में शुमार इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) ने इस सिलसिले में बड़ी पहल की है।

खेल मैनेजमेंट, आईआईएम के पाठ्यक्रम का हिस्सा बना है। आईआईएमए में स्पोर्ट्स इवेंट मैनेजर, स्पोर्ट्स मार्केटिंग, स्पोर्ट्स एजेंट, स्पोर्ट्स टैलेंट मैनेजर, सपोर्ट एनालिस्ट, मीडिया एंड कम्युनिकेशन मैनेजर जैसे कई कोर्स डिजाइन किए गए हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक भारत में यह पाठ्यक्रम फिलहाल नए हैं लेकिन भविष्य में ओलंपिक से लेकर अन्य राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में इस प्रशिक्षण का लाभ देखने को मिलेगा। खेल मैनेजमेंट से जुड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रम सबसे पहले आईआईएम रोहतक में डिजाइन किए गए हैं। आईआईएम रोहतक के मुताबिक उनकी इस पहल में इंटरनेशनल एक्सपर्ट्स को भी शामिल किया गया है। सैन फ्रांसिस्को विश्वविद्यालय, अल्स्टर विश्वविद्यालय (यूके), लीड्स बेकेट विश्वविद्यालय (यूके), ज्यूरिख विश्वविद्यालय (स्विट्जरलैंड), यूनिवर्सिटी डो पोटरे (पुर्तगाल), ब्रिटिश कोलंबिया, न्यू हेवन विश्वविद्यालय (यूएस), हेलसिंकी विश्वविद्यालय (फिनलैंड) और कनाडा जैसे अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के डोमेन में विशेषज्ञता वाले प्रतिष्ठित फैकल्टी आईआईएम से जुड़े हैं। आईआईएम रोहतक ने बताया कि खेलों से जुड़े अयाज मेमन, नीरज कुमार, जीव मिल्खा सिंह, ऋषि नारायण और राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी जैसे प्रतिष्ठित दिग्गज भी एस इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की ट्रेनिंग में अपना विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं और कार्यक्रम के अकादमिक सलाहकार हैं। आईआईएम के गेस्ट फैकेल्टी और सैन फ्रांसिस्को यूनिवर्सिटी में स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्रोग्राम के एसोसिएट प्रोफेसर, माइकल गॉडमैन ने से कहा, स्पोर्ट्स मैनेजमेंट, खेल उद्योग में योगदान करने के बहुत व्यापक और गहन तैयारी है। का व्यवसाय इस गतिशील क्षेत्र में विशेष रूप से उभरते हुए बाजार के रूप में बढ़ रहा है, जो ऐसे पेशेवरों की मांग



करता है जो मैदान के बाहर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हों, ठीक वैसे ही जैसा कि एथलीट मैदान पर करते हैं। इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी के माध्यम से, मैंने अगली पीढ़ी के भारत के खेल व्यवसाय के नेताओं को आवश्यक कौशल, ज्ञान, दृष्टिकोण और नेटवर्क विकसित करते हुए देख रहा हूं। आईआईएम रोहतक के निदेशक प्रो. धीरज शर्मा ने खेल उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। इसे पेशेवर बनाने की बढ़ती आवश्यकता ही खेल प्रबंधन पेशेवरों की आवश्यकता पैदा करती है। खेल प्रबंधन पेशेवरों से खेल और मनोरंजन के विभिन्न व्यावसायिक पहलुओं से निपटने की उम्मीद की जाती है। आईआईएम रोहतक में खेल प्रबंधन कार्यक्रम से ऐसे पेशेवर तैयार होने की उम्मीद है, जिनके पास खेल विपणन, खेल कानून, खेल के वित्तीय, इवेंट प्रबंधन, खेल बुनियादी ढांचा प्रबंधन, प्रायोजन, खेल संगठनों आदि जैसे विभिन्न डोमेन में क्षमता है। यहां इस पाठ्यक्रम से जुड़े छात्रों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है। यह छात्रवृत्ति अधिक खिलाड़ियों को हमारे संस्थान से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। प्रो. धीरज ने बताया कि उनका आईआईएम खेल प्रबंधन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा ऑफर कर रहा है। अगर आपको खेल के प्रति जुनून है और प्रबंधन के लिए योग्यता है, तो आईआईएम रोहतक के साथ खेल प्रबंधन में करियर एक बेहतरीन अवसर होगा। कार्यक्रम के प्रतिभागियों को एक अभिनव, विशेष पाठ्यक्रम की पेशकश की जाती है जो दुनिया में किसी भी सर्वश्रेष्ठ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट पाठ्यक्रम के बराबर है। यह पेशेवर विकास, नेटवर्किंग, और खेल वित्त, खेल कानून, खेल विपणन और व्यापार, और विशेष आयोजनों जैसे क्षेत्रों में कौशल सुनिश्चित करेगा। उन चयनित प्रतिभागियों के लिए छात्रवृत्ति भी उपलब्ध होगी जिन्होंने एशियाई, राष्ट्रमंडल, ओलंपिक आयोजनों आदि में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। आईआईएमए खेल प्रबंधन में 2 वर्षीय एक्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा डिजाइन किया है। इसके तीसरे बैच के लिए आवेदन करने के लिए, स्नातक की डिग्री (किसी भी विषय में), खेलकूद में रुचि होनी और प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए। आईआईएम के अंतर्गत 18 जुलाई तक इसके लिए आवेदन किया जा सकता है। चयन प्रक्रिया में स्पोर्ट्स असेसमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट (ऑनलाइन मोड) और ऑनलाइन व्यक्तिगत साक्षात्कार में शामिल होंगे। प्रतिभागियों के पास इस कार्यक्रम के सफल समापन पर उल्स्टर विश्वविद्यालय, यूके से खेल प्रबंधन में एमएससी करने का अवसर होगा। एक 60 क्रेडिट स्पोर्ट्स कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट (लगभग 5 महीने की अवधि में कवर किया जाने) के अलावा, सभी पाठ्यक्रमों को अल्स्टर विश्वविद्यालय के साथ एमएससी की डिग्री के पुरस्कार के लिए न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकता के बराबर माना जाएगा। आईआईएम के मुताबिक उनके पिछले बैच के प्रतिभागियों ने विभिन्न खेल क्षेत्रों (क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेनिस और अन्य) में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भागीदारी की है। उन्होंने विभिन्न खेल आयोजनों (बीडब्ल्यूएफ) बैडमिंटन सुपर सीरीज, एएफसी कप (एशियाई फुटबॉल परिसंघ), चेन्नईयिन फुटबॉल क्लब, (इंडियन सुपर लीग फुटबॉल चैंपियनशिप), पीओकेकेटी और कई अन्य में इंटर्न असाइनमेंट लिया था।

# अर्शदीप न केवल विकेट पर गेंदबाजी कर रहे थे बल्कि वह उन्हें तोड़ रहे थे : पार्थिव पटेल

**मुम्बई ।**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर पार्थिव पटेल पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के आईपीएल मुकाबले में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ प्रदर्शन से काफी संतुष्ट नजर आये। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज वानखेड़े स्टेडियम में न केवल विकेट पर गेंदबाजी कर रहे थे बल्कि सटीक यॉर्कर से उन्हें तोड़ भी रहे थे।

पंजाब ने यह मुकाबला 13 रन से जीता। 215 के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुम्बई की टीम छह विकेट पर 201 रन ही बना सकी। अर्शदीप ने पारी का आखिरी ओवर बेहतरीन अंदाज में डाला जिसमें उन्होंने दो रन ही दिए और दो विकेट भी झटके।

मुम्बई को आखिरी ओवर में 16 रन की जरूरत थी और अर्शदीप ने तीसरी गेंद पर मिडल स्टंप तोड़ डाला जब तिलक वर्मा स्ट्राइक पर थे। यह कोई तुक्का नहीं था। अगली गेंद पर उन्होंने मिडल स्टंप फिर तोड़ डाला और इस बार नेहाल वढेरा स्ट्राइक पर थे। वह चार ओवर में 29 रन पर चार विकेट लेकर पंजाब के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे।

जियोसिनेमा विशेषज्ञ पार्थिव पटेल ने कहा, आखिरी में निष्पादन सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने शुरूआत में ईशान किशन का विकेट लिया। मैच उस समय बदला जब उन्होंने सूर्यकुमार यादव को आउट किया। वह केवल विकेट पर गेंदबाजी नहीं कर रहे थे बल्कि उन्हें तोड़ भी रहे थे। उनकी यॉर्कर सटीक थीं। हमने दो विकेट टूटते देखे और वानखेड़े में मौजूद सभी अतिरिक्त स्टंप मंगा लिए गए। उन्होंने कहा, अर्शदीप ने पंजाब के लिए मैच जीता क्योंकि उस समय काफी रन जा रहे थे। दबाव में



गेंदबाजी करना और उनकी यॉर्कर को देखना, वह अपने कौशल पर भरोसा कर रहे थे और उसे सही तरीके से अंजाम पर पहुंचा रहे थे। तरफ पूर्व भारतीय लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने अर्शदीप के 20वें ओवर की तारीफ करते हुए कहा कि लगातार यॉर्कर डालना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, अर्शदीप ने पंजाब के लिए पहले भी ऐसा किया है वह पिछले कुछ वर्षों से यह भूमिका निभा रहे हैं मुश्किल ओवरों में आना और गेंदबाजी करना अविश्वसनीय है यह और भी मुश्किल था। उन्हें 15 रन बचाने थे और मैदान पर टिम डेविड भी मौजूद थे जो बड़े छक्कों के लिए जाने जाते हैं। लेकिन वह अधिकतर गेंदों में नॉन स्ट्राइकर छोर पर ही रह गए और अर्शदीप ने मुकाबला शानदार ढंग से फिनिश किया। उन्होंने साथ ही कहा, इतनी सटीक यॉर्कर डालना आसान नहीं है ।

# अनुष्का और विराट ने बेंगलुरु के रेस्टोरेंट स्टाफ के साथ क्लिक करवाई फोटो



**मुंबई।**

पावर कपल अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने बेंगलुरु के एक पॉपुलर रेस्टोरेंट में लंच किया और वहां के स्टाफ के साथ फोटो खिंचवाई। कपल, जिन्हें उनके फैंस विरुष्का के नाम से बुलाते हैं, ने सेंट्रल टिफिन रूम से कई फोटोज शेयर कीं। रेस्टोरेंट ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज पर तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में अनुष्का को व्हाइट कलर की ड्रेस में देखा जा सकता है और विराट ब्लू कलर की टी-शर्ट, ग्रे पैंट और बेसबॉल कैप में दिख रहे हैं। अनुष्का और विराट के साथ उनके पेरेंट्स और फैमिली फ्रेंड्स भी हैं। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अनुष्का ने शेयर किया कि उन्होंने अपने परिवार के साथ लंच किया और फिर डोसा, हलवा, वड़ा और आइसक्रीम भी खाईं। रेस्टोरेंट के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने लिखाः विराट कोहली और आपके परिवार को फूड सर्व करना सम्मान की बात रही। आपकी अगले विजिट का इंतजार है। बॉलीवुड फ्रंट की बात करें तो, अनुष्का फिल्म चकदा एक्सप्रेस में भारतीय गेंदबाज झूलन गोस्वामी की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

# महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर सोमवार को मनाएंगे 50वां जन्मदिन

**नई दिल्ली।**

महान बल्लेबाज और भारत के क्रिकेट आइकन सचिन तेंदुलकर अपना 50वां जन्मदिन मनाने जा रहे हैं। सचिन तेंदुलकर क्रिकेट सहित अन्य खेलों के लिए अपने प्रेम के प्रति भी जाने जाते हैं। वह 2021 में विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। उन्होंने अपने प्रशंसकों को उनकी सराहना करने के ढेरों मौके दिए हैं लेकिन बहुत कम लोग जानते होंगे कि मास्टर ब्लास्टर की क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों में भी दिलचस्पी है। क्रिकेट में अपनी अभूतपूर्व उपलब्धियों के बावजूद उन्होंने विभिन्न खेलों के लिए अपना जूनून दिखाया है और भारत में अन्य खेलों को प्रमोट करने में वे लगातार सक्रिय रहे हैं। सबसे पहले हम फुटबॉल की बात करें तो सचिन ने कई मौकों पर फुटबॉल के प्रति अपना प्रेम दिखाया है। उन्हें घर में और विदेश में फुटबाल मैचों को देखते हुए देखा गया है। दिसम्बर 2022 में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था जिसमें उन्हें फुटबॉल खेलते हुए दिखाया गया था और पृष्ठभूमि में फीफा विश्व कप 2022 का थीम बज रहा था। उन्होंने इसका कैप्शन दिया मेरे



दिमाग में फुटबॉल वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम केरला ब्लास्टर्स एफसी के सह मालिक थे। उन्होंने 2018 में क्लब के साथ अपना नाता तोड़ लिया था।

इसी तरह टेनिस की बात करें तो सचिन टेनिस के जबरदस्त फैन माने जाते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा की हैं जिसमें बल्लेबाजी लीजेंड को उनके युवा दिनों में टेनिस खेलते देखा जा सकता है। टेनिस के प्रति उनका प्यार छुपा नहीं है। उन्होंने कई मौकों पर स्वीकार किया है कि वह टेनिस लीजेंड रोजर फेडरर के बड़े प्रशंसक हैं। उन्हें विम्बलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन सहित कई ग्रैंड स्लैम इवेंट्स में देखा गया है। गोल्फ भी सिचिन का चहेता गेम है। जहां वे फुटबॉल और टेनिस दीवाने हैं वहीं उन्होंने गोल्फ के प्रति भी अपना प्रेम दिखाया है। उन्हें कई मौकों पर यह खेल खेलते देखा गया है। फरवरी 2021 में वह पूर्व भारतीय आलराउंडर युवराज सिंह के साथ गोल्फ खेलते नजर आ रहे थे। उन्होंने उस क्षण को इंस्टाग्राम पर साझा किया और उसके कैप्शन में लिखा, क्रिकेट से गोल्फ तक, हमने कुछ सफर तय कर लिया है युवी। सचिन तेदिदुलकर भारत में बैडमिंटन को समर्थन देते और प्रमोट करते नजर आते हैं। वह प्रीमियर बैडमिंटन लीग की फ्रेंचाइजी बेंगलुरु ब्लास्टर्स के सह मालिक हैं। उन्होंने विभिन्न टूर्नामेंटों में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की है। इसके अलावा सचिन ओलम्पिक खेलों और अन्य खेलों के समर्थक रहे हैं। उन्होंने भारतीय एथलीटों को ओलंपिक्स के लिए रवाना होने से पहले अपनी शुभकामनाएं भेजी थीं और खेलों के बाद कुछ खिलाड़ियों से मिलकर उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी थी।

# जंतर-मंतर पर छलके पहलवानों के आंसू, पूछा- वो ताकतवर हैं तो क्या हमें न्याय नहीं मिलेगा

**नई दिल्ली ।**

भारतीय कुश्ती महासंघ और उसके अध्यक्ष बृजभूषण सिंह से विवाद पर पहलवानों का जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन जारी है। दूसरी बार विरोध प्रदर्शन में ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक धरने पर बैठे हुए हैं। इन पहलवानों ने कहा है कि वह भारतीय कुश्ती महासंघ के खिलाफ जांच समिति की रिपोर्ट आने तक धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

मीडिया से बात करने के दौरान भारत को पदक दिलाने वाले एथलीट्स के आंसू भी छलके। साक्षी और विनेश रो पड़ीं। इन्होंने कहा कि पहलवानों को अब झूठा कहा जा रहा, जबकि वह सच की लड़ाई लड़ रही हैं। कोई फैसला न आने तक पहलवान फिर से धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। पहलवानों ने कहा कि शक्तिशाली है तो क्या उन्हें न्याय नहीं मिलेगा पहलवानों ने कहा कि हम मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहे हैं, यह महिला एथलीटों के सम्मान के बारे में है। हमें खेल मंत्रालय से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है, तीन महीने बीत चुके हैं। पहलवानों ने कहा कि एक नाबालिग समेत सात लड़कियों ने यौन उत्पीड़न के संबंध में




बृजभूषण सिंह के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दी, लेकिन अभी तक शिकायत दर्ज नहीं की गई है। पॉक्सो का मामला होना चाहिए। हम करीब ढाई महीने से इंतजार कर रहे हैं।

**साक्षी मलिक ने क्या कहा** - पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वालीं साक्षी ने मीडिया से बात करते हुए कहा- ढाई महीने हो गए हैं इंतजार करते करते, रिपोर्ट सब्मिट हुई है या नहीं हमें नहीं पता। हमारे सामने अब तक कोई भी रिपोर्ट नहीं आई है। अब रिपोर्ट सबके सामने आनी चाहिए। लोग हमें झूठा बता रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि हमारा प्रदर्शन झूठा था। यह हमें बर्दाश्त नहीं। इस मामले में दो दिन भी लगने नहीं चाहिए थे। एक लड़की नाबालिग है। यह एक संवेदनशील मुद्दा है। हमारी शिकायत झूठी नहीं है। सच्चाई की लड़ाई लड़ी है और हम जरूर जीतेंगे। हम प्रधानमंत्री से कहना चाहते हैं कि वे हमारी मांगों को सुनें। हमने जो-जो शिकायतें की हैं उस पर कार्रवाई होना चाहिए। मैंने, विनेश ने और बजरंग ने हाल ही में पदक जीते हैं। हम झूठ के लिए यहां क्यों आएंगे। हम कुश्ती के लिए आए हैं।

**बजरंग और विनेश फोगाट ने क्या कहा** - वहीं, बजरंग ने कहा- हमने शिकायत की थी। उस समय यह कहा जा रहा था कि हमने एफआईआर नहीं की है। अब एफआईआर हो चुकी है तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। विनेश फोगाट ने कहा- यह महिला खिलाड़ियों की सम्मान की बात है। हम ओलंपिक में पदक लाते हैं, लेकिन हमारी कोई नहीं सुनता। अगर हमारे साथ ऐसा हो रहा है तो आम लड़कियों के साथ क्या होगा। हम जिनके खिलाफ लड़ रहे हैं वो लोग काफी बड़े हैं। उनकी राजनीतिक पहुंच है। विनेश ने कहा- हम ढाई महीने से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हमें अब तक न्याय नहीं मिला है, इसलिए हम फिर से विरोध कर रहे हैं। खेल मंत्रालय में भी कोई भी नहीं सुन रहा। हमें इस बात का भरोसा था कि हमारी सुनी जाएगी। हमें अभी भी भरोसा है कि न्याय मिलेगा। हमें यह भी भरोसा है कि सरकार सुनेगी। अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। हम आभारी हैं कि दिल्ली महिला आयोग हमारा समर्थन कर रहा है।

**बजरंग ने किया था एलान** - ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा था कि कुछ पहलवान दिल्ली के जंतर मंतर पर और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ अपने विवाद में कानूनी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताएंगे। बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट, रवि दहिया और साक्षी मलिक समेत शीर्ष भारतीय पहलवानों ने इस साल जनवरी में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था, जिसमें बृजभूषण को हटाने और डब्ल्यूएफआई को भंग करने की मांग की गई थी। उन्होंने निकाय और उसके प्रमुखों पर पहलवानों के यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था। पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के बाद 21 जनवरी को भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन ने जांच कमेटी बनाई थी। इसकी अध्यक्ष मैरी कॉम बनी थीं। इस समिति में सात सदस्य हैं, जिनमें मैरी कॉम के अलावा तीरंदाज डोला बनर्जी, बैडमिंटन प्लेयर अलकनंदा अशोक, पूर्व कुश्ती खिलाड़ी योगेश्वर दत्त, भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव और दो वकील शामिल थे।

# डरावनी राइड्स का मजा...



आज हम आपको दुनिया की कुछ ऐसी डरावनी राइड्स के बारे में बताएंगे, जिनमें आप इन राइड्स का मजा पलक झपकते ही कुछ सेकंडों में ले सकते हैं। दुनिया भर में मशहूर इन राइड्स को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी शामिल किया गया हैं। तो आइए जानते हैं यह राइड्स किन-किन देशों में हैं और कितनी डरावनी हैं।

## एक्स 2 सिक्स

लांस एंजेल्स का राइड एक्स 2 सिक्स फ्लैग्स मैगिक माउंटेन बिल्कुल 4डी राइड जैसा ही है। इसकी सीटें आगे-पीछे होती है और खुद ही घूमती जाती हैं।

## फॉर्मूला रोशा

आबू-धाबी में बनी फॉर्मूला रोशा राइड दुनिया के सबसे तेज रोलर कोस्टर में शामिल है। इसकी स्पीड 240 किमी/घंटा होती है जिसके कारण इसकी 1 राइड लेने के लिए सिर्फ 5 सेकेंड लगते हैं। इस राइड को लेने के लिए चश्मे और हेलमेट लेकर ही इसमें बैठा जा सकता है।



## टावर ऑफ टेरर

ऑस्ट्रेलिया में 100 फीट की ऊंचाई पर बना हैं टावर ऑफ टेरर। इस राइड की स्पीड 161 किमी/घंटे होने की वजह से नीचे आने के लिए सिर्फ 7 सेकेड लगते हैं। लोग इसकी राइड लेते समय बहुत ज्यादा चीखते-चिल्लाते हैं।

## लीप ऑफ फेथ

बहामास में बने इस लीप ऑफ फेथ में स्वीमिंग करने के लिए एक ट्यूब में नीले रंग का पानी और आसपास शॉर्क देखने को मिलती है। इस ट्यूब में स्वीमिंग करते हुए इन शॉर्क को देखने पर डर लगता हैं।

## स्कैड टावर

डेनमार्क में बनी 100 फीट की ऊंचाई पर इस राइड को लेना बहुत ही डरावना हो सकता हैं। इस राइड के नीचे आने की स्पीड 88 किमी/घंटा हैं। इस राइड के नीचे डर को थोड़ा कम करने के लिए नेट लगाया गया है।

## फॉरेनहाइट एट हर्शेपार्क

पेनसिलवेनिया 121 फीट ऊंचाई से इस फॉरेनहाइट एट हर्शेपार्क राइड लेते समय 97 डिग्री नीचे तक आया जाता है। इसे लेने के लिए सिर्फ 1 मिनट और उससे भी कम वक्त लगता है।

## इनसैनिटी अटॉप

लॉस वेगास में इनसैनिटी अटॉप द स्ट्रैटोस्फीयर टावर राइड को लेने के लिए आपको 900 फीट की ऊचांई पर एक मैकेनिकल सीट पर बैठना होता है। इस राइड को लेने से आपको हवा में लटकने जैसा अहसास होता है।


# घर की खुशबू...



**घर की सुगंध से वहां रहने वालों के रिश्तों, व्यवहार, स्वभाव, आदतों व कलात्मक अभिरुचियों का पता चलता है। शोधों से पता चलता है कि खुशबू का व्यक्ति के व्यवहार व भावनाओं से सीधा संबंध है। सही खुशबू का चयन न सिर्फ डेकोरेशन के लिए जरूरी है, बल्कि इससे मन में सुकून भी रहता है।**

**इंसान** के मन से सुगंध का नाता बडा पुराना है। कभी कोई सुगंध एकाएक अतीत में पहुंचा कर नॉस्टेल्जिक बना देती है, तो कोई मन में आशा-उत्साह का संचार करती है। जिस तरह मन व शरीर की सेहत के लिए अरोमाथेरेपी की जरूरत है, उसी तरह घर की सेहत के लिए भी यह जरूरी है। घर की सुगंध से वहां रहने वालों के रिश्तों, व्यवहार, स्वभाव, आदतों व कलात्मक अभिरुचियों का पता चलता है। शोधों से पता चलता है कि खुशबू का व्यक्ति के व्यवहार व भावनाओं से सीधा संबंध है। सही खुशबू का चयन न सिर्फ डेकोरेशन के लिए जरूरी है, बल्कि इससे मन में सुकून भी रहता है। पहले हर घर में सुबह-शाम अगरबत्तियां जलाई जाती थीं या ताजे फूल सजाए जाते थे। मगर अब घर को सुगंधित रखने के कई तरीके हैं। सारे एसेंशियल ऑयल या फ्रेग्रेंस परफ्यूम पर आधारित हैं। 100 फीसद शुद्ध खुशबू मिलना मुश्किल है, क्योंकि बाजार में एक किलोग्राम जैस्मिन का मूल्य करीब एक लाख रुपए है। लिहाजा एसेंशियल ऑयल में नॉन-टॉक्सिक अरोमा मिलाकर एक कॉम्बो तैयार किया जाता है, जिसमें इंटरनेशनल गाइडलाइंस फॉलो की जाती हैं, ताकि फ्रेग्रेंस में कोईटॉक्सिक तत्व न मिलाया जा सके। रीड डिफ्यूजर्स, फ्रेग्रेंस वेपोराइजर्स और पोपोरीज भी मेंटेनेंस-फ्री अरोमेटिक अनुभव देते हैं।

## कैंडल्स का जादू



अरोमा कैंडल्स बहुत लोकप्रिय हैं। इनसे कमरे को सॉफ्ट, रोमैंटिक माहौल मिलता है। डेकोरेशन और लाइट के लिए इनका इस्तेमाल किया जाता है। मगर कैंडल्स लेने से पहले इनके इंग्रीडिएंट्स, साइज व शेप पर भी ध्यान देना चाहिए। पैराफिन वैक्स कैंडल्स सबसे ज्यादा प्रचलित हैं। मगर ये जल्दी खत्म हो जाती हैं, जबकि बीज्वैक्स कैंडल्स देर तक जलती हैं। ये पैराफिन से महंगी होती हैं। माना जाता है कि ये एलर्जी की प्रॉब्लम में भी फायेदमंद है। पिलर कैंडल्स कॉमन हैं, जिन्हें होल्डर्स में फिट किया जा सकता है। ये अलग-अलग हाइट, कलर्स व खुशबू में मिलती हैं। कैंडल स्टिक्स प्रचलित हैं, लेकिन इन्हें होल्डर में नहीं लगाया जा सकता। टी लाइट्स छोटी होती हैं। इन्हें डेकोरेटिव कैंडल्स, फूड वार्मर्स या वोटिव होल्डर्स में इस्तेमाल किया जाता है। फ्लोटिंग कैंडल्स को पानी से भरे कंटेनर्स में रखा जाता है। फिल्ड कैंडल्स सरैमिक कंटेनर या हीट रेजिस्टेंट ग्लास में रखी जा सकती हैं।



## खुशबू का चुनाव

घर में हर कमरे का अलग महत्व है। इसी के हिसाब से खुशबू चुननी चाहिए। बिना सोचे-समझे फ्रेग्रेंस के इस्तेमाल से समस्याएं हो सकती हैं। लिविंग रूम वह कॉमन एरिया है, जहां पूरा परिवार एक साथ बैठता है या मेहमानों का स्वागत करता है। यहां सिट्रस, टीकवुड, एपल, सिनमन, लाइट फ्लोरल अरोमा इस्तेमाल करें। हेवी फ्रेग्रेंस यहां अच्छी नहीं लगती। छुट्टियों में पाइन या होली सेंट्स सही हैं। कैंडल्स लेने से पहले देखें कि क्या ये लिविंग रूम की कलर स्कीम से मैच करते हैं। बेडरूम में दिन भर की थकान के बाद व्यक्ति चैन की नींद लेना चाहता है। यहां शांत-सौम्य गंध अच्छी लगती है। अरोमाथेरेपी सेंट्स माहौल को रोमैंटिक भी बनाते हैं। लैवेंडर, सिनमन, जैस्मिन, क्यूकंबर, मेलन, ऑरेंज ब्लॉसम, लाइट रोज और पचोली जैसी सुगंध यहां अच्छी लगती हैं। लैवेंडर व वनीला से अच्छी नींद आती है तो यूकेलिप्टस या मिंट की सुगंध दबाव व थकान को दूर करती है। स्ट्रॉन्ग फ्रेग्रेंस का इस्तेमाल यहां न करें।

### किड्स रूम की खुशबू

बच्चों के बेडरूम या स्टडी में लेमनग्रास जरूरी है। इससे बने एसेंशियल ऑयल की एक बूंद भी कीटाणुओं से लडने में कारगर है। इसकी खुशबू एकाग्रता बढाती है। परीक्षा के दौरान इसका इस्तेमाल करें। रीड डिफ्यूजर या सरैमिक पॉट में इसकी एक-दो बूंद डालें और उसमें बैंबू स्टिक्स रखें। यह कॉम्बो किड्स रूम के लिए बेस्ट है।

## किचन और डाइनिंग रूम



किचन में फूड सेंटेड कैंडल्स सही विकल्प हैं। वनीला, एपल, कॉफी, कुकी फ्लेवर्ड या सिट्रस फ्रेग्रेंसेज का चयन कर सकते हैं। पंपकिन, जिंजरब्रेड और सिनमन भी सही विकल्प हैं। पचोली, तुलसी या बेसिल भी विषैले तत्वों को डिटॉक्सीफाई करने में कारगर है। डाइनिंग रूम में फ्लोरल और फूड सेंट्स प्रयोग न करें। स्ट्रॉन्ग गंध खाने के स्वाद को प्रभावित कर सकती है। फ्रूटी फ्रेंग्रेंसेज जैसे क्यूकंबर और व्हाइट सिट्रस किचन और डाइनिंग रूम के लिए सही हैं। बाथरूम के लिए लिनेन, सिट्रस, मिंट या ओशन थीम वाली खुशबू अच्छी लगती हैं। यहां व्हाइट, ब्ल्यू या बेज कलर्स की कैंडल्स अच्छी लगेंगी। डिफ्यूजर्स का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

## फ्रेग्रेंस का मन से रिश्ता

**लैवेंडर:** शांति, संतुलन, सुकून देती है इसकी खुशबू। इससे तनाव, थकान, चिडचिडाहट, कुंठाएं, नर्वस एंग्जायटी, पैनिक हिस्टीरिया एवं इन्सोम्निया की समस्याएं दूर होती हैं।

**सिनमन और जैस्मिन:** यह फ्रेग्रेंस मन में सपने, इच्छाएं और आशा जगाती है। इसके अलावा व्यक्ति का आत्मविश्वास बढाने में भी कारगर है।

**क्यूकंबर-मेलन:** क्यूकंबर और मेलन का यूनीक कॉम्बो स्त्रियों की सेंसुअलिटी को बढाने में कारगर है। यह मन में रोमैंटिक भावनाओं का संचार भी करता है, साथ ही मसल्स को राहत देता है और तनाव व दबाव से उबारता है।

**ऑरेंज ब्लॉसम और पचोली:** टैंजरीन व पचोली की खुशबू आत्मविश्वास बढाने और मन में आशा का संचार करने में कारगर मानी जाती है। इससे तनाव-दबाव सहित पाचन तंत्र से जुडी समस्याएं भी दूर होती हैं।

## प्राकृतिक तरीके

**हाउसप्लांट्स में निवेश करें:** अपने किचनगार्डन, बैलकनी या लॉन में कुछ फूल-पौधे या हर्ब्स अवश्य लगाएं ताकि इनकी महक घर को सुगंधित कर दे। किचन, बाथरूम, लिविंग रूम में भी हर्ब्स या छोटे पॉट्स रखे जा सकते हैं। हरे-भरे पौधे वायु प्रदूषण को भी कम करते हैं।

**किचन को बनाएं खुशबू की लेबोरेट्री:** संतरे के छिलके, नीबू या कोई भी सिट्रस फ्रूट्स किचन और फ्रिज को महका सकते हैं। गर्म पानी से भरे एक छोटे बोल में इन छिलकों को रखें तो किचन में फ्रेश सेंट महकेगा। बचे हुए छिलकों को बेकार न होने दें। इन्हें गर्म पानी में थोडे से डिटर्जेंट के साथ मिलाएं और इस मिश्रण से किचन यूटेंसिल्स या प्लैटफॉर्म की सफाई करें। सफाई बेहतर होगी तो बैक्टीरिया बेअसर होंगे और मन में भरेगा ताजगी भरा एहसास।

**व्हाइट वेनेगर:** कमरे के एक कोने में व्हाइट वेनेगर (सिरका) से भरे बोल रखें। दुर्गंध हटाने का यह प्राकृतिक तरीका है। घर के अलग-अलग हिस्सों को अलग खुशबू दें। लिविंग रूम के लिए लैवेंडर, बेडरूम में सेंडलवुड या बाथरूम में पैपरमिंट का इस्तेमाल करके देखें।

# दूरियां मिटाते ब्रिज...

**गोल्डन गेट ब्रिज** सैन फ्रांसिस्को में 1280 मीटर लंबा गोल्डन गेट ब्रिज सिंबल ऑफ वेस्ट कोस्ट ऑफ द युनाइटेड स्टेट्स नाम से मशहूर है। दुनिया का 11वां सबसे लंबा पुल होने का तमगा इसके पास है। यह पुल 1937 में आम लोगों के इस्तेमाल के लिए खुला था।



**इस** विशाल दुनिया को अगर कोई चीज एक करती है तो वह है नदी, सागर पर बने पुल। इनमें से अनेक अपनी खूबसूरती, ऊंचाई और लंबाई के लिए मशहूर हैं। हमेशा से पुलों का खासा महत्व रहा है, क्योंकि इनके बिना जमीनी परिवहन संभव ही नहीं। लोगों, संस्कृतियों को एक-दूसरे के करीब लाते पुलों पर एक नजर।

## टॉवर ब्रिज

लंदन में टॉवर ब्रिज 1886 में बनना शुरू हुआ और 1894 में बनकर तैयार हो गया। यह टेम्स नदी पर बना है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा पर्यटकों को अपनी ओर खींचने वाला पुल है।

## ब्रूकलिन ब्रिज

न्यूयॉर्क में ब्रूकलिन ब्रिज 1883 में बनकर तैयार हुआ। यह अमेरिका के सबसे पुराने सस्पेंशन ब्रिज में से है। ब्रूकलिन ब्रिज न्यूयॉर्क में पर्यटकों के लिए हमेशा से खासी दिलचस्पी का केंद्र रहा है।

## सिडनी हार्बर ब्रिज

ऑस्ट्रेलिया का सिडनी हार्बर ब्रिज अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर है। इस पुल पर हर नए साल पर होने वाली आतिशबाजी बेहद खास होती है।



## पोंट वेक्किओ

इटली में पत्थर से बना पोंट वेक्किओ ब्रिज इकलौता ऐसा पुल है, जो द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका से बचा रहा। इस पुल पर दुकानें भी हैं। खास तौर पर ऑर्ट और ज्वैलरी की।

## रिअल्टो ब्रिज

इटली के वेनिश शहर के 4 सबसे बड़े और पुराने पुलों में से एक है रिअल्टो ब्रिज। यह साल 1591 में बनकर तैयार हुआ, जिसने 1524 में तबाह हुए लकड़ी के पुल का स्थान लिया।

## मिल्लउ वायडक्ट

फ्रांस में 343 मीटर ऊंचा मिल्लउ वायडक्ट ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा पुल है। यह 2004 में बनकर तैयार हुआ, जो दक्षिणी फ्रांस में है। यह पुल एफिल टॉवर से भी ऊंचा है।

## चार्ल्स ब्रिज

प्रॉग में व्लातवा नदी पर बना यह पुल 1357 ईस्वी में बनना शुरू हुआ और 15वीं शताब्दी की शुरुआत में जाकर बना। यह पुल पुराने प्रॉग शहर को तटीय क्षेत्र से जोड़ता है।

## अकाशी कैक्यो ब्रिज

जापान में अकाशी कैक्यो ब्रिज1991 मीटर लंबा है, जो 1998 में बनकर तैयार हुआ। यह दुनिया का चौथा लंबा पुल है।

## ग्रेट बेल्ड ब्रिज

डेनमार्क में ग्रेट बेल्ड ब्रिज1998 में बनकर तैयार हुआ। यह डेनिश आईलैंड ऑफ जीलैंड और फुनेन को जोड़ता है। यह पुल 6790 मीटर लंबा और 154 मीटर ऊंचा है। यह दुनिया का 8वां सबसे लंबा ब्रिज है।

# सफल फेंगशुई का आधार...



**फेंगसुई** ऊर्जा को संतुलित करने की पद्धति का नाम है। इनके संतुलन से ही फेंगशुई प्रभावकारी होता है। इस विधा में जल, लकड़ी, अग्नि, पृथ्वी और धातु की दिशा के अनुरूप व्यवस्था ही सफल फेंगशुई का निर्माण करती है। यही कारण है कि घर का निर्माण ऐसा होना चाहिए कि सूरज की रोशनी घर में अवश्य आए। चीनी वास्तु फेंगशुई का इतिहास करीब तीन हजार वर्ष पुराना है। फेंगशुई का शाब्दिक अर्थ है हवा और पानी। यह विधा पांच तत्वों पर आधारित है- जल, लकड़ी, अग्नि, पृथ्वी और धातु। इस विधा में नाकारात्मक ऊर्जा यिन व साकारात्मक ऊर्जा यांग के नाम से जानी जाती है। ये परस्पर विरोधी ऊर्जाएं हैं, जो एक दूसरे के विरुद्ध कार्य करती हैं। इसके अतिरिक्त ब्राह्मांड की ऊर्जा जिसे ची के नाम से जाना जाता है।

फेंगशुई, ब्राह्मंड की ऊर्जा तथा यिन व यांग। घर की ऊर्जा व दिशाओं के अनुरूप तत्वों को व्यवस्थित करना और घर में रसोई, मुख्य शयन कक्ष, बच्चों का शयनकक्ष, धन व बहुमूल्य वस्तुओं को रखने का कक्ष या अलमारी, पढ़ाई का कक्ष आदि की तत्वों व दिशाओं के अनुरूप व्यवस्था ही सफल फेंगशुई का आधार है। जो घड़ियां बंद हों, उन्हें या तो घर से हटा देना चाहिए या फिर चालू कर देना चाहिए। घर में झाड़ू का उपयोग करने के बाद उसे इस तरह रखना चाहिए कि किसी की इस पर नजर न जाए। फेंगशुई के अनुसार इसका संबंध घर के धन और संपत्ति से होता है। पूरे घर में कालीन बिछा देने से पॉजिटिव शक्तियां घर के अंदर नहीं रह पाती। शीशे को घर के मुख्य द्वार पर नहीं लगाना चाहिए। बाथरूम के दरवाजे के ठीक सामने भी कोई शीशा नहीं होना चाहिए। घर में बच्चों को डर लगे तो पीले रंग का बल्ब लगाना चाहिए। घर का मुख्य द्वार अन्य दरवाजों की तुलना में बड़ा होना चाहिए। मुख्य गेट दो पल्लों का होना चाहिए। मुख्य द्वार के दोनों ओर खिड़कियां नहीं होने चाहिए, इससे घर के मालिक को आर्थिक परेशानी हो सकती है। घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव दूर करने के लिए चीनी बेम्बू का प्रयोग करें। भाग्य को चमकाने के लिए मकान या व्यापार स्थल के मुख्य द्वार पर पवन घंटियां तथा चीनी सिक्के लगाएं। कछुए को घर में रखना प्रगति व स्वास्थ्य की दृष्टि से शुभ होता है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**